# नरसिंह इस्पात का सार्वजनिक रास्ते पर भी अवैध कब्जा

**दिलीप कुमार | चांडिल**

सरायकेला-खरसावां के चांडिल प्रखंड अंतर्गत खूंटी में स्थित नरसिंह इस्पात लि. कंपनी सार्वजनिक रास्ते पर भी अवैध कब्जा कर लेने जैसे आरोपों से घिरी हुई है. इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने राज्य सरकार के तत्कालीन भू-राजस्व मंत्री मथुरा महतो को दिसंबर 2012 में पत्र भी लिखा था. पत्र में तत्कालीन जिला परिषद सदस्य, ग्रामसभा अध्यक्ष, खूंटी पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति के सदस्य के भी हस्ताक्षर हैं.

भू-राजस्व मंत्री को लिखे पत्र में ग्रामीणों ने बताया था कि गांव से जंगल जाने के लिए 20-25 फीट का एक रास्ता है. जो सर्वे सेटेलमेंट में भी दर्ज है. उक्त रास्ते से ग्रामीण गाय, बैल-बकरी चराने और पत्ता व दातुन आदि लाने के लिए जंगल आना-जाना करते हैं. उस रास्ते को भी कंपनी प्रबंधन से अवैध रूप से घेर लिया है. जिसके कारण ग्रामीणों को जंगल आने-जाने में दिक्कत होती है.

रास्ते को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने झामुमो के तत्कालीन जिला सचिव सुखराम हेंब्रम की मार्फत मंत्री को पत्र सौंपा था, जिसकी प्रतिलिपि चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को भी दी गई थी. इस पर अभी तक किसी कार्रवाई की कोई सूचना किसी को नहीं है.

## कंपनी का दबदबा ऐसा, शिकायत पर अधिकारी नहीं करते कार्रवाई



नहर से इस प्रकार पानी चुराती है कंपनी.

## विधायक ने भी नहीं सुनी ग्रामीणों की मांग

विधायक सविता महतो को भी 7 फरवरी को पत्र लिख कर कंपनी के कार्यों में सुधार के लिए पहल की मांग की थी. पत्र में कहा गया था कि नरसिंह इस्पात सिंचाई के लिए बनी केनाल से पानी चुरा रही है, जिससे किसानों को सिंचाई में दिक्कत होती है. पत्र पर विधायक ने संज्ञान ही नहीं लिया. एक मौके पर विधायक को ग्रामीणों ने खरी-खोटी सुनाई थी. कहा कि जब जायज मांग पर आप जांच तक नहीं करातीं, तो हम क्या चुनाव में वोट डालने भर के लिए रह गए है.

## कार्रवाई नहीं होना समझ से परे : जिप सदस्य

पालना डैम की ओर नहर से कंपनी द्वारा पानी चुराने के मामले में भी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण आहत हैं. ग्रामसभा ने इस मामले को कई स्थानों पर रखा,कार्रवाई की मांग की, लेकिन ग्रामीणों के आग्रह पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है. जिला परिषद सदस्य को ग्रामसभा और किसानों ने मामले से अवगत कराया. ग्रामसभा की मार्फत जिला उपायुक्त को भी मामले से अवगत कराया. इसके बाद जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी ने इस संबंध में 12 जुलाई 2023 को सुवर्णरेखा परियोजना बांध प्रमंडल संख्या दो के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिख कर मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की थी. जिप सदस्य ने पत्र में कहा था कि पालना डैम के दांई ओर नहर में कुरली गांव तक जाने वाली सिंचाई का पानी को नरसिंह इस्पात कंपनी द्वारा अवैध रूप से वृहद स्तर पर उपयोग किया जा रहा है. इसके कारण खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने कंपनी द्वारा पानी लेने पर तत्काल रोक लगाते हुए नहर के पानी को खेतों तक पहुंचाने की मांग की थी. जिप सदस्य ने कहा कि उनकी और ग्राम सभा व ग्रामीणों की मांग पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होना, समझ से परे है. क्या खूंटी की जनता के लिए कोई पदाधिकारी नहीं है. प्रशासन ग्रामीणों को साथ लेकर मामले की जांच क्यों नहीं कर रही है.

---

झारखंड से भी जुड़े **नीट पेपर लीक** के तार | बिहार ईओयू की बड़ी कार्रवाई

# देवघर से छह को दबोचा

**19** लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस अब तक

**लगातार न्यूज | रांची/देवघर**

नीट पेपर लीक के तार अब झारखंड से भी जुड़ गए हैं. बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इस प्रकरण में देवघर से छह लोगों को दबोचा है. शुक्रवार रात देवीपुरा पुलिस थानाक्षेत्र के अंतर्गत एम्स देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया गया. पुलिस प्रवक्ता ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया, बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी. हमारी पहचान पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया. सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है.

उन्होंने बताया कि संदिग्ध झुनू सिंह के घर पर रहते थे. संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव उर्फ चिंटू, प्रशांत उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है. ये सभी बिहार के नालंदा के निवासी हैं. पकड़ा गया सिंटू पेपर लीक कांड मामले से जुड़ा अहम शख्स है.

सिंटू ने अपना गुनाह क़बूल कर लिया है. उसने रवि अत्री गैंग से प्रश्नपत्र और आंसर पेपर मिलने की बात स्वीकार की है. उसने रवि अत्री गैंग से प्रश्नपत्र और आंसर पेपर लेने के बाद अमित आनंद और नीतीश कुमार को व्हाट्सएप पर भेजा था. उसने चिंटू के कहने पर प्रिंट निकाला था. लीक के सरगना संजीव मुखिया के नेटवर्क में पिंटू व चिंटू शामिल हैं. संजीव मुखिया को किसी प्रोफेसर ने सबसे पहले प्रश्न पत्र भेजा, जिसे चिंटू व पिंटू ने मिलकर अभ्यर्थियों तक पहुंचाया. पेपर सॉल्वर के जरिए सवालों के जवाब हल कर 5 मई की सुबह अभ्यर्थियों को दिया गया.

### झारखंड से 6 लोग लोग जिनकी नई गिरफ्तारी हुई

पंकू (पिंटू), चिंटू, काजू, अजीत, राजीव, परमजीत.



- पकड़े गए सारे आरोपी नालंदा के हैं, देवघर में किराए का मकान ले रखा था
- आरोपी संजीव मुखिया के नेटवर्क में शामिल, सिंटू ने अपना गुनाह कबूला

### पटना से इनकी गिरफ्तारी

सिकंदर यादवेंदु (सेटर), बिट्टू कुमार (ड्राइवर),आयुष कुमार (कैंडिडेट), अखिलेश कुमार (आयुष के पिता), नीतीश कुमार (सेटर), अमित आनंद (सेटर), रोशन कुमार - (सेटर अमित का सहयोगी), अभिषेक कुमार (कैंडिडेट), अनुराग यादव (कैंडिडेट), अवधेश कुमार (अभिषेक के पिता), रीना कुमारी (अनुराग यादव की मां), आशुतोष कुमार (सेटर अमित का सहयोगी), शिवनंदन कुमार (कैंडिडेट).

### 30 लाख में नीट पेपर खरीदा और 40-40 लाख में बेचा

नीट पेपर लीक के गिरफ्तार आरोपी सिकंदर यादवेंदु ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया है. कि 30-32 लाख रुपए में उसने नीतीश कुमार और अमित आनंद से नीट पेपर खरीदे थे. जिसके बाद सिकंदर ने रांची के अभिषेक कुमार, दानापुर पटना के आयुष कुमार, समस्तीपुर के अनुराग यादव, गया के शिवनंदन कुमार को 40-40 लाख रुपए में पेपर बेचा था. इतना ही नहीं इन चारों परीक्षार्थियों को नीट परीक्षा से एक रात पहले 4 मई को पटना के रामकृष्णा नगर में रातभर पेपर रटवाया गया था.

### संजीव मुखिया है गैंग सरगना

जांच में पता चला है कि सबसे पहले पेपर संजीव मुखिया को किसी प्रोफेसर ने मोबाइल पर भेजा था. लर्न प्ले स्कूल एंड ब्वॉयज हॉस्टल में पटना और रांची के एमबीबीएस स्टूडेंट भी मौजूद थे, जिन्होंने बतौर सॉल्वर प्रश्नों का उत्तर लिखा. यह आंसर उन अभ्यर्थियों को दिया गया, जिनसे पैसे लिए गए थे. संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. संजीव मुखिया के खिलाफ इश्तहार और कुर्की जब्ती की प्रक्रिया पर भी पुलिस आगे बढ़ेगी.

### ट्रांसपोर्टेशन के दौरान लीक हुआ पेपर

जांच में सामने आया कि प्रश्न पत्र राज्यों में एनटीए के नोडल स्थानों में प्रिंटिंग फर्म से एकत्र किए गए, जहां से उन्हें स्थानीय बैंकों को भेजा गया. इसके बाद केंद्रों पर भेजा गया. नीट यूजी के प्रश्न पत्रों की आवाजाही में शामिल एजेंसियों के कर्मचारियों ने ट्रांसपोर्टेशन के दौरान पेपर लीक किया है. आरोपी अमित आनंद ने ट्रांसपोर्टेशन के दौरान नीट का पेपर हासिल किया और आरोपी सिकंदर के साथ मिलकर इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया.

### प्रोफेसर ने संजीव मुखिया को नीट का पेपर भेजा था

संजीव मुखिया को किसी प्रोफेसर ने मोबाइल पर नीट का पेपर भेजा था. लर्न प्ले स्कूल एंड ब्वॉयज हॉस्टल में पटना और रांची के एमबीबीएस स्टूडेंट भी मौजूद थे, जिन्होंने बतौर सॉल्वर नीट पेपर में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखा. यह आंसर उन अभ्यर्थियों को दिया गया, जिनसे पैसे लिए गए थे. संजीव मुखिया ने अपने करीबी प्रभात रंजन की मकान पूरी सेटिंग के लिए किराए पर लिया था. प्रभात रंजन दनियांवा का प्रखंड प्रमुख रह चुका है. उसकी पत्नी भी मुखिया रही है. संजीव मुखिया नूरसराय हॉर्टिकल्चर कॉलेज का कर्मी है.

**पटना के ग्रामीण इलाके में 25 अभ्यर्थियों को रखा था :** पटना को छोड़ खेमनीचक जैसे ग्रामीण इलाके में स्थित मकान में 25 अभ्यर्थियों को रखा गया, ताकि किसी को शक न हो. लर्न प्ले स्कूल एंड ब्वॉयज हॉस्टल में ठहरे अभ्यर्थियों को 5 मई की सुबह 9 बजे पेपर और आंसर मुहैया कराया गया ताकि वे इसे रट सकें. इसी दिन नीट का एग्जाम भी था. कुछ देर बाद अभ्यर्थियों को उनके सेंटर्स पर छोड़ दिया गया, जहां उन्हें नीट की परीक्षा देनी थी. चूंकि पेपर और आंसर बहुत देर से मिला, इसलिए अभ्यर्थियों के पास रटने का पर्याप्त समेत नहीं था.

## ईओयू ने सौंपी जांच रिपोर्ट

**नयी दिल्ली |** बिहार ईओयू ने नीट पेपर लीक की रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है. रेड में बरामद हुए नीट के जले हुए प्रश्न पत्र की कॉपी से लेकर गिरफ्तार आरोपियों के कबूलनामे तक, पूरी जानकारी केंद्र सरकार को दे दी गई है. शिक्षा मंत्रालय इस रिपोर्ट की समीक्षा करके परीक्षा के बारे में फैसला ले सकता है. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ईओयू के एडीजी नैयर हसनैन खान को भी दिल्ली बुलाया है. वे अधिकारियों के साथ बैठक कर नीट परीक्षा की समीक्षा करेंगे. यह बैठक 25 जून को संभावित है. ईओयू ने बताया है कि 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था. ईओयू ने 21 जून तक की जांच के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की और शनिवार को उसे मंत्रालय को सौंपी. जांच से स्पष्ट है कि नीट का पेपर एग्जाम से पहले ही सॉल्वर गैंग के पास आ गया था. सेटरों ने 30 से 40 लाख रुपए में डील कर अभ्यर्थियों को पेपर रटवाए थे. ऐसे में केंद्र सरकार के सामने नीट परीक्षा को रद्द करने का दबाव बढ़ता जा रहा है.

- अब क्या रद्द होगी नीट यूजी की परीक्षा

## शिक्षा मंत्रालय ने बनाई कमेटी

**नयी दिल्ली |** घमासान के बीच शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए एक्सपर्ट्स की एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है. समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना व कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी. समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी. कमेटी के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन होंगे. वो इसरो के पूर्व चेयरमैन और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अध्यक्ष रहे हैं. इनके साथ छह सदस्य भी समिति में शामिल हैं. इनमें एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय यूनिवर्सिटी के कुलपति बीजे राव, आईआईटी मद्रास के प्रो. राममूर्ति, पंकज बंसल, प्रो. आदित्य मित्तल, गोविंद जायसवाल आदि समिति के सदस्य होंगे. समिति प्रत्येक स्तर पर परीक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी.

- इसरो के पूर्व चेयरमैन बने कमेटी के अध्यक्ष

---

फिर चर्चा में | हिंदुजा परिवार को स्विस कोर्ट ने सुनाई चार साल की सजा

# घर के नौकरों का कम वेतन में ज्यादा शोषण किया


**एजेंसी | जिनेवा**

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा बंधुओं के परिवार के चार सदस्यों को अपने जिनेवा विला में भारतीय नौकरों का शोषण करने के लिए स्विटजरलैंड में चार साल की जेल की सजा सुनाई गई है. स्विस जज ने चार सदस्यों को शोषण का दोषी मानते हुए सजा दी है.

हिंदुजा परिवार ने इस फैसले को ऊपर की कोर्ट में चुनौती दी है. अभियोजकों ने आरोप लगाया कि हिंदुजा बंधुओं ने अपने नौकरों के साथ गलत व्यवहार किया. इनको भारत से जिनेवा के विला में काम करने के लिए ले जाया गया था. जहां उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए मामूली वेतन में रोजना 17 से 18 घंटे काम करवाया गया. परिवार के सदस्यों ने अपने पालतू कुत्तों पर साल में जितना खर्च किया, उससे भी कम पैसे इन घरेलू नौकरों को दिए. मामले में अदालत ने हिंदुजा बंधुओं को स्वार्थी करार दिया है.

कोर्ट ने प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल को चार-चार साल और छह महीने जेल की सजा सुनाई है, जबकि उनके बेटे अजय और नम्रता को चार-चार साल की सजा सुनाई. हालांकि, कोर्ट ने उन्हें मानव तस्करी के गंभीर आरोप से बरी कर दिया. हिंदुजा के वकील येल हयात और रॉबर्ट असैल और जॉर्डन के बयान में कहा गया है कि हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है. हम इस फैसले से स्तब्ध और निराश हैं, और हमने हाईकोर्ट में अपील दायर की है, जिससे निर्णय का यह भाग प्रभावी नहीं रह गया है. स्विस कानून के तहत, शीर्ष कोर्ट द्वारा अंतिम निर्णय लागू होने तक आरोपी को निर्दोष माना जाता है.

- पालतू कुत्तों पर जितना खर्च किया, उससे भी कम नौकरों को दिया



- पूरे परिवार को बताया स्वार्थी, मानव तस्करी के आरोप से बरी किया

---

## प्लेटफॉर्म टिकट सस्ता दूध पर भी फैसला

**नयी दिल्ली |** जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक के नतीजे जारी हो गए हैं. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि रेलवे द्वारा दी जानेवाली प्लेटफॉर्म टिकट, बैटरी वाली कार सर्विस जैसी सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गई है. इससे आनेवाले दिनों में प्लेटफॉर्म टिकट समेत अन्य कई सेवाएं सस्ती हो जाएंगी.

वहीं, जीएसटी काउंसिल ने सभी दूध के डिब्बों पर 12% की एक समान दर की सिफारिश की है. काउंसिल ने सभी दूध के डिब्बों यानी स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम पर 12% की एक समान दर तय करने की सिफारिश की है. सभी कार्टन बॉक्स और डिब्बों पर 12% की समान जीएसटी दर तय की जाएगी. इससे हिमाचल और कश्मीर के सेब किसानों को मदद मिलेगी.

---

सीएम के कार्यक्रम को लेकर विधायक रामदास सोरेन की बैठक, कहा

# 40 हजार शिक्षकों की होगी बहाली

**राजेश चौबे | घाटशिला**

सीएम चंपाई सोरेन के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को विधायक रामदास सोरेन ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री का घाटशिला में तीन स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम है. इसके लिए टीम का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है. विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा के लिए घंटी आधारित 40 हजार शिक्षकों की बहाली कर रहे हैं.

मऊभंडार के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में परिसंपत्ति का वितरण व 100 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन होगा. कार्यकर्ताओं को आने-जाने के लिए 40 बसों की व्यवस्था है. बुरुडीह डैम पर सुशीला टुडू के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधि एवं महिला मोर्चा मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए रहेंगी.

**200 कार्यकर्ता बाइक रैली के साथ होंगे शामिल :** इसके अलावा मोर्चा के 200 कार्यकर्ता बाइक रैली के साथ शामिल होंगे. पहले मुख्यमंत्री होंगे चंपाई सोरेन जो पर्यटन स्थल के रूप में चयनित बुरुडीह डैम के विकास के लिए स्वयं स्थल निरीक्षण करने आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि बुरुडीह डैम पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए हमने सरकार के पास 72 करोड़ की योजना बना कर भेजी थी. इसी के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री आ रहे हैं. झारखंड सरकार अब बहन-बेटी के लिए भी पेंशन योजना ले आई है. 24 वर्ष से 49 वर्ष तक की वैसी जरूरतमंद बहन बेटियों को भी सरकारी 1000 रुपए पेंशन देने की घोषणा की है.

### जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरेंगी



विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ने अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरने का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने एयरपोर्ट निर्माण के नाम पर जनता को भूमिहीन बना दिया. गरीबों की जमीन को पूंजीपतियों के हाथ बेचने के लिए मजबूर किया.





## जियाडा ने जारी किया आंकड़ा, रांची में 59.6 फीसदी प्लॉट खाली

# झारखंड के 22 इंडस्ट्रियल एरिया में एक भी प्लॉट खाली नहीं, रांची में सबसे ज्यादा खाली

रवि भारती। रांची

सूबे में उद्योगों का विस्तार तेजी से हो रहा है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 23 इंडस्ट्रियल एरिया में एक भी प्लॉट खाली नहीं है. इसमें रामगढ़, झुमरीतिलैया, ओरमांझी चकला, बभनी हजारीबाग, कोडरमा, कोलारी ओरमांझी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही ओरमांझी, सिकरी हजारीबाग, हुसैनाबाद(कुरमीपुर), कुरडेग, कर्रा, कालामाटी, चंदवारा,पालाग, पालम, चैनपुर, बसिया, मेराल और जलता लातेहार के इंडस्ट्रियल एरिया शामिल हैं. बोकारो में जियाडा के सिर्फ आठ फीसदी प्लॉट खाली हैं. संतालपरगना में 11.7 फीसदी और आदित्यपुर में 20.7 फीसदी प्लॉट खाली हैं. वहीं रांची रिजन में 59.6 फीसदी प्लॉट खाली हैं.



### किस इंडस्ट्रियल एरिया में कितने प्लॉट खाली

| नाम | खाली प्लॉट | आवंटित प्लॉट |
|---|---|---|
| तुपुदाना | 23 | 275 |
| खूंटी | 13 | 140 |
| कोकर | 36 | 143 |
| नामकुम | 04 | 45 |
| पतरातू | 22 | 116 |
| लोहरदगा | 49 | 56 |
| गुमला | 20 | 44 |
| डालटनगंज | 33 | 89 |
| बेलचंपा | 35 | 26 |
| रामगढ़ | 00 | 24 |
| हजारीबाग | 04 | 20 |
| टाटीसिल्वे वन | 05 | 55 |
| झुमरीतिलैया | 00 | 22 |
| टाटीसिल्वे टू | 03 | 55 |
| गेतलसूद | 09 | 02 |
| बरही | 45 | 38 |
| होटवार | 10 | 01 |
| नगड़ी | 07 | 08 |
| चकला | 00 | 02 |
| चंदवारा | 01 | 04 |
| बभनी | 00 | 03 |
| चान्हो | 07 | 11 |
| इरबा | 02 | 14 |
| इरबा टू | 04 | 00 |
| कोलरी | 04 | 00 |
| सरवाल | 00 | 01 |
| तेनसेरा | 00 | 01 |
| कुल्ही | 00 | 07 |
| बुढ़मू | 04 | 08 |
| सिकरी | 00 | 01 |
| पतरातूफेजटू | 34 | 01 |
| उचरिंगा | 05 | 01 |
| कटिया | 05 | 00 |
| न्यूतुपुदाना | 03 | 154 |
| सोसई | 12 | 04 |
| हुसैनाबाद | 00 | 01 |
| सिमडेगा | 01 | 01 |
| कुरडेग | 01 | 01 |
| कर्रा | 01 | 01 |
| कालामाटी | 01 | 01 |
| चंदवारा | 01 | 01 |
| घाघरा | 01 | 00 |
| चैनपुर | 01 | 00 |
| बसिया | 00 | 01 |
| कसिरा | 00 | 01 |
| मेराल | 00 | 01 |
| जलता | 00 | 00 |

**झुमरीतिलैया और रामगढ़ में प्लॉट ही नहीं**

जियाडा के तहत आने वाले इंडस्ट्रियल एरिया के रामगढ़, झुमरी तिलैया, बसिया, कसिरा, मेराल, जलता, चकला (ओरमांझी) बभनी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही, सिकरी, हुसैनाबाद में एक भी प्लॉट खाली नहीं है. इसके अलावा तुपुदाना में 23, खूंटी में 13, नामकुम में 04,पतरातू में 22, लोहरदगा में 49, गुमला में 20 और डालटनगंज में 33 प्लॉट खाली हैं.

## कोताही बरतने वाली संवेदक कंपनियों को बर्खास्त करने का आदेश

# 80 फीसदी पूरी हो चुकी पानी की योजनाओं को शुरू करने का निर्णय

- कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक पूरा करने का फैसला
- पीएमएवाई के लाभुकों को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी निकायों में आवास मेला लगाने का सुझाव
- रांची, मानगो, गिरिडीह और धनबाद शहर की जलापूर्ति का जिम्मा पेयजल विभाग से हैंडओवर लेने का आदेश

प्रमुख संवाददाता। रांची

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने जुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं के तहत जिनका काम 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनसे जलापूर्ति शुरू करा दिया जाए, बशर्ते जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बन गया हो. राजकमल शनिवार को जुडको के सभागार में योजनाओं की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिया. इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त कर अगस्त के प्रथम सप्ताह में उदघाटन कराया जाये.



**जुडको को पेयजलापूर्ति की जिम्मेवारी लेने का आदेश**

राजकमल ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय स्थापित कर आदित्यपुर की भांति रांची, मानगो, धनबाद व गिरिडीह में पेयजलापूर्ति की जिम्मेवारी जुडको को हैंडओवर लेने का आदेश दिया. सचिव ने रांची पेयजलापूर्ति फेज - एक के राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर काम शुरू कर यथासंभव पेयजलापूर्ति शुरू की जाये. रांची में जहां जहां फ्लाईओवर नहीं बन रहा हो, वहां पथ निर्माण विभाग से बात कर वहां फुटओवर ब्रिज बनाने की दिशा में पहल करने का आदेश दिया. समीक्षा बैठक में सचिव ने धनबाद और जमशेदपुर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए संबंधित उपायुक्त से पत्राचार कर जमीन मुहैया कराने की पहल करने का निर्देश दिया. यह भी निर्देश दिया कि जो योजनाएं 80 प्रतिशत पूरी हो गयी हैं, उन्हें मानव शक्ति लगाकर शत-प्रतिशत पूरा किया जाये.

**रवींद्र भवन का काम 31 अगस्त तक पूरा करने का निर्देश**

सचिव ने रांची के रविंद्र भवन का भी काम अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया. योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय उपायुक्तों व अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया. सचिव ने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निकायों में आवास मेला लगाया जाये.

## विधायक निधि के लिए जारी किए गए 410 करोड़ रुपये

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विकास ने विधायक निधि के 410 करोड़ रुपये जारी कर दिया है. इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ व अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं. ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने कहा है कि राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा की जायेगी. निकासी की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जायेगी. कार्यकारी एजेंसी, संवेदक, वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्त, विपत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादि के जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा.

**ये दिए गए हैं निर्देश**

- आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक गाइडलाइन के तहत किया जाये.
- **निकासी हुई राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाऊ परिसंम्पतियों के सृजन पर किया जाये.**
- निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा.
- **यदि किसी सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है तो राशि दूसरे जिलों को दी जायेगी.**

## रोक के बाद भी सभी जिले में हो रहा बालू का अवैध खनन

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में बालू का अवैध खनन थम नहीं रहा है. आज तक राज्य के सभी बालू घाटों की नीलामी नहीं हो पायी है. इस वजह से झारखंड के सभी जिले में बालू का अवैध खनन हो रहा है. प्रशासन की नाक नीचे खुलेआम बालू की कालाबाजारी हो रही है. ट्रैक्टर, ट्रक और हाइवा से खुलेआम बालू ढोया जा रहा है. खानापूर्ति के नाम पर कभी प्रशासन और खान विभाग कार्रवाई कर रहा है. लेकिन इससे बालू के अवैध खनन पर कोई खास असर नहीं पड़ रहा है. राज्य के लगभग तमाम जिलों में अवैध बालू उठाव का खुला खेल जारी है. पिछले ढाई साल के दौरान अवैध बालू खनन के खिलाफ राज्य के विभिन्न जिलों में अबतक 2452 मामले दर्ज हुए हैं. इस दौरान 4283 वाहन जब्त हुए हैं और 2551 लोगों की गिरफ्तारी हुए है.

**10 जून से 15 अक्तूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक :** एनजीटी ने झारखंड में 10 जून से 15 अक्तूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा रखी है. नदियों का इको सिस्टम बनाये रखने के लिए मॉनसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है. यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है. कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में इस आदेश को ताक पर रख दिया गया है.

**जानें किस जिले में अवैध बालू खनन के कितने मामले दर्ज हुए**

| जिला | मामले |
|---|---|
| गढ़वा | 260 |
| देवघर | 206 |
| हजारीबाग | 202 |
| खूंटी | 178 |
| गोड्डा | 147 |
| गुमला | 145 |
| सरायकेला | 118 |
| बोकारो | 112 |
| लोहरदगा | 114 |
| रामगढ़ | 109 |
| चतरा | 107 |
| धनबाद | 99 |
| गिरिडीह | 94 |
| कोडरमा | 89 |
| जमशेदपुर | 89 |
| सिमडेगा | 65 |
| पाकुड़ | 61 |
| चाईबासा | 51 |
| पलामू | 40 |
| दुमका | 34 |
| जामताड़ा | 22 |
| साहिबगंज | 20 |
| लातेहार | 15 |

**ब्रीफ खबरें**

**आलमगीर के ओएसडी की बेल पर 29 को सुनवाई**

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी व पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर 29 जून को सुनवाई होगी. संजीव लाल ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. बता दें कि ईडी ने संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर पर छापेमारी की थी.

**हेमंत की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई**

**रांची।** ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिये गये संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय मांगा, जिसे एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की.

## 16 से 30 जून तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

# सीएमपीडीआई के डिस्पेंसरी में चलाया गया स्वच्छता अभियान



सफाई अभियान में जुटे सीएमपीडीआई के अधिकारी व कर्मचारी.

संवाददाता। रांची

भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआई में 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में शनिवार को सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी ने स्वच्छता पखवाड़ा का नेतृत्व कर डिस्पेंसरी की साफ-सफाई की. इस अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिल्पी स्वरूप, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीमा कुमारी कच्छप, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने भी अपना सहयोग दिया. इसके साथ ही सीएमपीडीआई (मुख्यालय) रांची और इसके क्षेत्रीय संस्थानों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियां चलायी गयीं. रांची के लोहरा कोचा गांव, धनबाद और येन्सा में जूट बैग का वितरण किया गया. वहीं क्षेत्रीय संस्थान 1 आसनसोल और क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया. धनबाद में एकल उपयोग प्लास्टिक पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन और कूड़ेदान का वितरण किया गया. जबकि क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के अधीनस्थ सिंहपुर कैंप द्वारा मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया गया. साथ ही प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों पर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया.

**खास बातें**

- अभियान के दौरान डिस्पेंसरी की सफाई की गयी
- प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने की सलाह

## प्रदेश राजद की समीक्षा बैठक आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद का समीक्षा बैठक रविवार को दिन के 11 बजे से बाई पास रोड स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय में होगी. इसकी अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कु सिंह यादव करेंगे. प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, प्रधान महासचिव, मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायक, सभी जिला अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठ एवं पलामू तथा चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्ष शामिल होंगे. बैठक में लोकसभा चुनाव पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की जायेगी तथा आगामी कार्यक्रम व रणनीति पर फोकस किया जायेगा.

## एक और आंदोलन की जरूरत : सदान मोर्चा

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार द्वारा सरकारी जमीन का नेचर बदलकर अवैध तरीके से खरीदी बिक्री का मामला सामने आया है. झारखंड आंदोलनकारी व मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि यहां की सरकारों ने भ्रष्टाचार को रोक पाने में नाकामयाब रही है.




# राज्य में राजस्व से जुड़े एक लाख से ज्यादा सर्टिफिकेट केस लंबित

## धनबाद, गोड्डा और पलामू जिले में ज्यादा केस लंबित

प्रमुख संवाददात। रांची

झारखंड में राजस्व से जुड़े एक लाख छह हजार नौ सौ उनासी (106979) सर्टिफिकेट केस लंबित हैं. इसमें धनबाद, गोड्डा और पलामू जिले में सबसे अधिक सर्टिफिकेट केस लंबित पड़े हैं. बता दें कि सर्टिफिकेट केस तब किया जाता है, जब संबंधित एजेंसी अपना बकाया नहीं वसूल कर पा रही हो. बकाया वसूलने में अक्षम होने पर एजेंसी डीसी के अधीन जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के पास मामला दर्ज कराती है. बकायेदार का नाम, पता और वसूली की राशि का ब्यौरा जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को भेजा जाता है. नीलाम पत्र पदाधिकारी को पावर है कि वह बकाया वसूली के लिए बॉडी वारंट या कुर्की जब्ती कराकर सूद के साथ राशि वसूल सकते हैं.



**जानें किस जिले में कितने मामले हैं लंबित**

| | |
|---|---|
| रांची : 7715 | कोडरमा : 5861 |
| खूंटी : 2827 | चतरा : 00 |
| गुमला : 87 | गिरिडीह : 3185 |
| सिमडेगा : 405 | धनबाद : 27783 |
| लोहरदगा : 360 | बोकारो : 619 |
| चाईबासा : 9144 | दुमका : 3910 |
| सरायकेला : 2782 | गोड्डा : 21501 |
| जमशेदपुर : 117 | जामताड़ा : 3764 |
| पलामू : 12420 | देवघर : 120 |
| लातेहार : 00 | साहिबगंज : 00 |
| गढ़वा : 1490 | पाकुड़ : 00 |
| हजारीबाग : 00 | कुल : 106979 |
| रामगढ़ : 2889 | |

**2016 में अनुशंसित दो अभ्यर्थियों को अब मिली नौकरी**

**रांची।** जेपीएससी से 2016 में अनुशंसित दो अभ्यर्थियों को अब राज्य सरकार में नौकरी मिली है. दोनों अभ्यर्थी अनारक्षित कोटि के हैं. राज्य सरकार ने राजीव कुमार को उप समाहर्ता पद पर नियुक्त करते हुए पलामू जिला प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया है. वहीं पवन कुमार को अनारक्षित कोटि के मूक एवं बधिर श्रेणी में परिक्ष्यमान उप समाहर्ता के रूप में औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए साहिबगंज जिला में जिला प्रशिक्षण के लिए पदस्थापित किया गया है.

**नियुक्ति नहीं**

## नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ उपभोक्ता फोरम में भी चेयरमैन और सदस्य के पद खाली

# कौन सुनेगा 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें?

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ पांच प्रमंडलों में गठित उपभोक्ता फोरम में भी चेयरमैन और सदस्य का पद खाली हो गया है. ऐसे में राज्य के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें कौन सुनेगा, इस पर सवाल खड़े हो गए हैं. आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया. अब आयोग में सिर्फ मेंबर तकनीक अतुल कुमार और मेंबर लॉ महेंद्र प्रसाद ही बचे हैं. ऐसे में 2024-25 के लिए बिजली दर निर्धारण में देरी होगी. वहीं आयोग में नई नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है. पिछले साल नवंबर में आयोग ने अफसरों की नियुक्ति का विज्ञापन निकाला था.




**आयोग में होनेवाली नियुक्ति को लेकर अब तक फंसा है पेंच**

पिछले साल नवंबर 2023 में राज्य विद्युत नियामक आयोग में जिसमें सचिव, लेखा और वित्त अधिकारी और सहायक निदेशक (टैरिफ) के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया था. इन पदों पर नियुक्ति प्रत्यक्ष, अनुबंध और प्रतिनियुक्ति के आधार पर किया जाना है. उम्मीदवारों के अनुभव के आधार पर आयोग चयन करेगा. आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर इन पदों के लिये आवेदन भी उपलब्ध कराया गया. इसके साथ ही योग्यता की जानकारी भी दी गयी. सचिव पद के लिये एचआरडी, मैनेजमेंट, इलेक्टिकल के साथ दस साल का अनुभव जरूरी बताया गया. समकालीन पद में पांच साल का अनुभव समेत अन्य योग्यता की आवश्यक है. लेखा पदाधिकारी पद के लिए दस साल का अनुभव, सहायक निदेशक के पद के लिये तीन साल का अनुभव किसी भी नियामक आयोग में कार्य की मांग की गयी थी.

**उपभोक्ता फोरम में डिस्ट्रक्ट जज स्तर के अधिकारी की होनी है नियुक्ति**

उपभोक्ताओं के शिकायतों के निवारण के लिए हर लाइसेंसी को कंज्यूमर ग्रिवांस रिडरेशन फोरम का गठन करना था. फोरम का गठन हुआ लेकिन अध्यक्ष नहीं होने से काम काज बाधित हो रहा है. फोरम में डिस्ट्रिक्ट जज स्तर के अधिकारी की नियुक्ति होनी है.

**पलामू में भी पिछले चार साल से खाली पड़ा है अध्यक्ष का पद**

पलामू के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है, पलामू में कंज्यूमर ग्रिवांस रिड्रेशल फोरम में पिछले चार साल से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है. सात नवंबर 2019 से अध्यक्ष का पद खाली है,

**रांची , बोकारो के उपभोक्ता फोरम में भी अध्यक्ष नहीं**

रांची में भी अध्यक्ष का पद खाली है. चाईबासा में 22 मई 2022 से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा हुआ है.

**बोकारो में 2021 से अध्यक्ष नहीं**

बोकारो में 19 नवंबर 2021 से अध्यक्ष का पद खाली है.

**क्या है नियम**

अगर पावर सप्लाई करने वाला लाइसेंसी फोरम में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं करता है तो विद्युत नियामक आयोग उस लाइसेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकता है. खास बात यह है कि फोरम में उपभोक्ताओं की ओर से एक प्रतिनिधि का होना जरूरी है, लेकिन अब तक उपभोक्ताओं की ओर से एक भी फोरम में प्रतिनिधि नहीं है.

क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, रविवार 23 जून 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 75 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# स्कूल की टंकी का पानी पीने से 20 बच्चे बीमार, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**जमीरा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की तबीयत बिगड़ी, पानी की टंकी में जहरीला पदार्थ मिलाये जाने की आशंका**

**संवाददाता। चंदवा/लातेहार**

प्रखंड स्थित जमीरा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, डुरु में टंकी का पानी पीने से लगभग 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी. स्कूल प्रबंधन और स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सभी बच्चों को चंदवा सीएचसी लाया गया. यहां चिकित्सक डॉ तरुण जोश लकड़ा की देखरेख में बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया. अधिकांश बच्चों को उल्टी और चक्कर आ रहा था.

डॉ लकड़ा ने बताया कि फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं. विद्यालय प्रबंधन ने टंकी की पानी में कुछ शरारती तत्वों के द्वारा कुछ मिलाए जाने की आशंका जाहिर की है. विद्यालय के शिक्षक शिव शंकर मुंडा ने बताया कि पानी पीने के बाद बच्चे की तबीयत खराब होने की शिकायत के बाद पानी टंकी का की जांच की गई. उसमें संदेहास्पद सामग्री दिखी है. सूचना पाकर चंदवा सीओ और बीडीओ भी अस्पताल पहुंचे. उन्होंने बच्चों का हाल जाना और चिकित्सक से जानकारी ली. अधिकारियों ने बताया कि स्कूल की पानी टंकी के पानी को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा.

**टंकी के पानी से आ रहा था दुर्गंध :** जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह प्रार्थना के बाद लगभग दो दर्जन बच्चे पानी पीने के लिए टंकी के पास गये थे. कुछ बच्चों ने पानी पीने के बाद पानी के स्वाद में अंतर होने व दुर्गंध आने शिकायत शिक्षक शिवकुमार मुंडा से की. इसके बाद शिक्षक ने स्कूल में लगी जलमीनार के पानी की जांच की, तो उन्हें भी पानी जहरीला होने का संदेह हुआ. उन्होंने जल मीनार की टंकी को खोलकर देखा तो टंकी के पानी के अंदर सफेद रंग का कुछ पदार्थ जमा दिखा. जब तक शिक्षक कुछ समझ पाते, कई बच्चों ने दश्त, उल्टी व गले में खुजली होने की शिकायत की. इसके बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया.

### चिकित्साकर्मी जांच के लिए स्कूल गये

शिक्षकों ने इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा और बच्चों को परिजनों को भी दी. स्वास्थ्य उपकेंद्र महुआमिलान से सीएचओ विकास राणा, एएनएम विकास लता मिंज और सहिया सुनीता देवी को जांच के लिए स्कूल भेजा गया. इन्होंने प्राथमिक जांच के बाद सभी बच्चों को 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा भेजा.


चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत स्कूली बच्चे.

**बीडीओ और सीओ ने जाना बच्चों का हाल :** सूचना मिलने के बाद सीओ जयशंकर पाठक और बीडीओ चंदन प्रसाद के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी व राजनीतिक दलों के नेता अस्पताल पहुंचे. मेडिकल टीम से स्थिति की जानकारी ली. सभी बच्चों का इलाज चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की निगरानी में ही चल रहा था. स्थानीय लोगों ने घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है.

- पानी पीने के बाद बच्चों ने की उल्टी और चक्कर की शिकायत
- चंदवा सीएचसी में कराया गया भर्ती, सभी बच्चे खतरे से बाहर

### इन बच्चों की तबीयत बिगड़ी

टंकी का पानी पीने से बीमार हुए बच्चों में कक्षा चार के छात्र विजय कुमार (पिता- रमेश मुंडा), सागर लोहरा (पिता- राजिंद्र लोहरा), अमित कुमार (पिता- फुलदेव गंझू), रोनी कुमार (पिता- विक्की लोहरा), सुदाम मुंडा (पिता- विनोद मुंडा), कक्षा पांच के उमेश कुमार (पिता- मूंगा मुंडा), निखिल कुमार (पिता- मनोज लोहरा), अमरनाथ मुंडा (पिता- संतोष मुंडा), कक्षा पांच के देववानंद सिंह भोक्ता (पिता- राहुल गंझू), दीपक कुमार (पिता- पवन गंझू), अभय मुंडा (पिता- दशरथ मुंडा), सुभाष मुंडा (पिता- कृष्णा मुंडा), अमित कुमार (पिता रंजीत- मुंडा), अंकित कुमार (पिता- विनोद लोहरा), राधिका कुमारी व कार्तिक मुंडा (कक्षा-1) (पिता- सुरेंद्र मुंडा), निरंजन मुंडा परमेश्वर मुंडा, आर्यन कुमार मुंडा (कक्षा-2) (पिता- बनवारी मुंडा), सुमंती कुमारी (पिता- डोमन गंझू) व कक्षा तीन की सुनैना कुमारी (पिता- रमन गंझू) शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नहाने के दौरान नदी में डूबने से दो छात्राओं

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव के पास शनिवार को कोयनारा नदी में डूबने दो छात्राओं की मौत हो गई. मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दरला जामटोली निवासी जीवन तिड़ की पुत्री असरिता तिड़ (15) और रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव की जेम्स कोनगाड़ी की बेटी जेनल रानी कोनगाड़ी (25) शामिल हैं. असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा थी, जबकि जेनल रांची से बीएड कर रही थी.

### बस में आग, उपचालक सहित दो लोग झुलसे

**दुमका।** जिले के दिग्घी ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्री अमडा में हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से एक बस में आग लग गई. बस पूरी तरह जलकर राख हो गई. इस घटना में बस के खलासी सहित दो झुलस गए, जिन्हें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह शिव शक्ति बस बारात लेने तेलियाचक नवाडीह जा रही थी. इस दौरान हाई टेंशन तार के संपर्क में आने से बस में आग लग गई. बस का चालक तुरंत बस छोड़ बाहर कूद गया, लेकिन बस का उपचालक सहित दो लोग अंदर ही फंस गए.

### अमीषा पटेल व अजय सिंह के बीच सेटलमेंट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में शनिवार को फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल और अजय कुमार के चेक बाउंस केस का सेटलमेंट किया गया. प्रथम पक्ष अमीषा पटेल और द्वितीय पक्ष अजय कुमार सिंह के बीच मध्यस्थ संजय कुमार एवं उनके अधिवक्ता जयप्रकाश एवं विजयीलक्ष्मी श्रीवास्तव के योगदान से दोनों पक्षों के बीच में सुलह हो गयी.

लीज अवधि खत्म होने के महीनों बाद भी **नहीं भरी दर्जन भर पत्थर खदानें**

# पत्थर खदान संचालकों की यहां चलती है मनमर्जी...

- सरकारी नियमों को ताक पर रखते हैं पत्थर खदान संचालक
- सौ से तीन सौ फीट तक गहरा खनन कर नहीं भरे गये गड्ढे


खनन के बाद खुली पड़ी खदान.

**अरुण कुमार सिंह। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के पत्थर खदान संचालक सरकारी नियमों को ताक पर रखते हैं. अपने हिसाब से बनाये गये नियमों के मुताबिक खनन, उत्पादन, भंडारण और परिवहन करते हैं. गौर करने वाली बात यह है कि संबद्ध सरकारी महकमा और उनके अधिकारी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस काम में खदान संचालकों की भरपूर मदद भी करते हैं.

छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के छतरपुर, पिपरा और नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र में कई पत्थर खदानों की लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है. इन खदानों से नियमों के विपरीत सौ से लेकर तीन सौ फीट तक गहरा खनन करके पत्थर निकाले गये थे. लीज की अवधि समाप्त होने के महीनों बाद भी खदान संचालकों ने नियम के मुताबिक इन गड्ढों को भरना तो दूर, गड्ढों के चारों तरफ बैरीकेडिंग करना भी मुनासिब नहीं समझा. बेहिसाब खनन के कारण सैकड़ों फीट गहरे ये गड्ढे अब हर दिन मौत को आमंत्रित कर रहे हैं. अगर कोई प्राणी इन गड्ढों में गिर गया, तो उसका सही सलामत निकलना असंभव है.

### बंद हो चुकीं ये पत्थर खदानें, अब तक भरे नहीं गए गड्ढे

रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ की दो खदान बगैया-बंधुडीह में थीं. इसका रकबा 30 एकड़ से अधिक है. काफी गहरी इन दोनों खदान को मिट्टी और बालू से न भर कर एक स्थानीय नदी की धारा को ही मोड़ कर उसमें पानी भर दिया गया है. चौबीसों घंटे यहां हादसे की संभावना बनी रहती है. छतरपुर के लोहराही और करमा कला में नंदलाल शौण्डिक का सोना स्टोन चिप्स की दो खदान में एक काफी गहरी है. इन दोनों खदान को भी खनन के बाद नहीं भरा गया है. वैसे ही तेनुडीह में महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी की एक खदान, दंड़टुट्टा में अंजनी सिंह की एक खदान, हेनहे विद्यालय के बगल में ओमप्रकाश की एक खदान, लकड़ाही में विपिन शौण्डिक वगैरह का माइंस, नौडीहा बाजार थानाक्षेत्र में आलोक यादव की एक खदान, मुनकेरी में राजकुमार खुराना की एक खदान, यहीं पर सोनू सिंह की एक खदान और हरिहरगंज के चपरवार में आनंद सिंह की एक खदान भी खनन के बाद नहीं भरी गई. अगर इन सभी खदानों का एरिया जोड़ लें तो लगभग सौ एकड़ में सौ से तीन सौ फीट तक गहरे गड्ढे हैं. किसी भी इलाके में ये गड्ढे न किसी की असामयिक मौत का कारण बन सकते हैं.

### माइनिंग के नियम और एनजीटी की गाइडलाइन

माइनिंग के नियम के अनुसार खनन की अवधि समाप्त होने के बाद सभी खनन स्थल को मिट्टी और बालू मिला कर जमीन की सतह तक भरना है और उसे पूर्व स्थिति में लाना है. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो ऐसे कई मामलों में खदान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि न सिर्फ खदान को जमीन की सतह तक भरना है, बल्कि उस जमीन पर पेड़ भी लगाने हैं. लेकिन उक्त खदान संचालकों ने ऐसा नहीं किया.

### क्या कहते हैं जिला खनन पदाधिकारी

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी को खदान बंद करने की योजना का पालन करना होगा. हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अधिकारियों ने अब तक उक्त खदानों को भरवाया क्यों नहीं? उल्लेखनीय है कि उक्त खदानों को नहीं भरने की एक शिकायत के बाद पलामू डीसी ने भी कहा था कि उक्त खदानों को भरवाया जाएगा और नहीं भरने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. हांलाकि डीसी की यह बात भी जमीनी नहीं हो पाई.

### एनजीटी में लेकर जाएंगे मामला

युद्ध संस्था के संयोजक अंबिका सिंह का कहना है कि खदान संचालक उक्त गड्ढों को इसलिए नहीं भरना चाहते, क्योंकि उन्हें न तो प्रकृति से प्रेम है और न ही इलाके या अवाम की चिंता. अधिकारी इसलिए खदान के गड्ढों को नहीं भरवाना चाहते, क्योंकि जब-जब यह मुद्दा उठता है, संबद्ध खदान वालों से वे मुद्रा मोचन कर लेते हैं. उनकी संस्था इस मामले को न्यायालय और एनजीटी में ले जाएगी.

# जमीन कारोबारी कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता। रांची**



- ईडी ने कमलेश के घर से बरामद 100 कारतूस रांची पुलिस को सौंपा
- फ्लैट में शुक्रवार को की थी छापेमारी, मिले थे एक करोड़ रु. नकद

ईडी की शिकायत के बाद रांची पुलिस ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह के खिलाफ कांके थाना में शनिवार को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. इससे पहले शुक्रवार को ईडी ने कमलेश के फ्लैट पर छापेमारी की थी. इस दौरान उसके फ्लैट से एक करोड़ नकद और 100 कारतूस बरामद हुए थे. मामले में ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिख कर कमलेश के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था. शुक्रवार की शाम करीब छह बजे ईडी ने बरामद कारतूस को रांची पुलिस को सौंप दिया था.

**शेखर कुशवाहा से पूछताछ में जमीन हड़पने की मिली थी जानकारी :** फर्जी दस्तावेज बना कर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट से जुड़े शेखर कुशवाहा ने कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय इलाके में कई जगहों पर कमलेश कुमार सिंह द्वारा जमीन के फर्जी दस्तावेज के सहारे हड़पने की जानकारी दी थी. मामला सामने आने के बाद ईडी ने समन भेज कर कमलेश कुमार को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन कमलेश हाजिर न होकर अंडरग्राउंड हो गया था. इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे ईडी की टीम कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट में कमलेश के फ्लैट पर पहुंची. लेकिन कमलेश पहले ही वहां से निकल गया था. स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में ईडी ने फ्लैट को सर्च किया. इस दौरान ईडी को वहां से 100 कारतूस और एक करोड़ रुपये नकद बरामद हुए. मौके से एजेंसी ने जमीन से जुड़े दस्तावेज समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किये हैं. बताया जाता है कि कई अफसरों न उनके परिवार के सदस्यों के नाम से जमीन के दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है. कांके रोड में छापेमारी के बाद ईडी ने देर शाम कमलेश सिंह के चेशायर होम रोड स्थित आवास पर भी छापेमारी की थी. यहां से ईडी की टीम को क्या-क्या मिला है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है.

### 200 एकड़ से ज्यादा जमीन के सेल डीड बनाए गए थे

लैंड स्कैम में गिरफ्तार अफसर अली के घर से मिले दस्तावेज की जांच के दौरान ही ईडी को पता चला कि 200 एकड़ से ज्यादा जमीन का फर्जी सेल डीड बनाया गया था. इसमें कुछ जमीन की खरीद-बिक्री में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह भी शामिल था. ईडी ने सरकार को दस्तावेज सौंपते हुए इस मामले की जांच कराने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार की ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई थी.

# फोटोशूट के बहाने दो लड़कियों से दुष्कर्म

**संवाददाता। सिमडेगा**

**पहले से परिचित होने के कारण फोटोशूट के लिए युवकों के साथ चली गई थीं लड़कियां**



- पीड़िताओं के परिजन के आवेदन पर दर्ज हुई प्राथमिकी
- पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया

जिले में दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है. इनमें एक लड़की नाबालिग बताई जा रही है. घटना शुक्रवार की है. बताया जा रहा है कि एक लड़की के साथ दो लड़कों ने और दूसरी लड़की के साथ दो से अधिक लड़कों ने दुष्कर्म किया है. घटना के बाद पीड़िताओं ने घर पर अपने परिजनों को जानकारी दी. पीड़िता के परिजन उन्हें लेकर मुफस्सिल थाने पहुंचे और आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

पुलिस ने मुफस्सिल थाना में धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तालाश शुरू की. छापेमारी के क्रम में बीती देर रात दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों लड़कियों को फोटोशूट के बहाने बुलाया गया था. पहले से परिचित होने के कारण ये लड़कियां फोटोशूट के लिए युवकों के साथ चली गईं. इसके बाद दोनों लड़कियों को एक वाहन में बैठा कर सिमडेगा से बानाबीरा इलाके में ले जाया गया. वहां उन्हें जंगल में रखा गया और युवकों ने बारी-बारी से दो युवतियों के साथ दुष्कर्म किया गया. घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है.

**समस्या** 199 अफसर-कर्मियों के पद हैं रिक्त, कुल 443 स्वीकृत पद के विरुद्ध 244 अफसर-कर्मी ही कर रहे काम

# वाणिज्य कर विभाग में मैनपावर की कमी, खजाने पर पड़ रहा असर

**रवि भारती। रांची**

- 177 पद प्रोन्नति नहीं होने की वजह से खाली पड़े हुए हैं
- विशेष सचिव के पांच व अपर आयुक्त के 19 पद खाली



झारखंड के वाणिज्य कर विभाग का कैडर मैनेजमेंट चरमरा गया है. इसका असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है. विभाग में कुल कुल 443 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 244 अफसर-कर्मी ही कार्यरत हैं, यानी 199 पद रिक्त पड़े हुए हैं. वित्त सेवा के अधिकारियों में विशेष सचिव के पांच और अपर आयुक्त के 19 पद स्वीकृत हैं. लेकिन सभी पद खाली है. इसके नीचे के 177 पद प्रोन्नति नहीं होने की वजह से रिक्त हैं.

**चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व वसूली में गिरावट :** पिछले वर्ष के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में वाणिज्य कर विभाग के राजस्व में 23.95 प्रतिशत की गिरावट आई है. चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व के रूप में 26,000 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित है. इसके एवज में जून के तीसरे सप्ताह तक वाणिज्य कर विभाग ने सिर्फ 4088.28 करोड़ रुपये की वसूली की है. यह वार्षिक लक्ष्य का सिर्फ 15.72 प्रतिशत है. जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 1755.02 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी.

### किस साल कितना टैक्स मिला और कितने फीसदी का इजाफा

| वित्तीय वर्ष | राशि (करोड़ में) | इजाफा (% में) |
|---|---|---|
| 2017-18 | 11368.00 | 06.00 |
| 2018-19 | 12953.07 | 13.94 |
| 2019-20 | 14286.28 | 10.29 |
| 2020-21 | 16147.19 | 13.03 |
| 2021-22 | 19750.75 | 22.31 |
| 2022-23 | 21040.00 | 06.35 |
| 2023-24 | 21075.00 | 00.17 |

**कुल राजस्व का 60 फीसदी जीएसटी से आता है राजस्व :** वाणिज्य कर विभाग कुल राजस्व संग्रहण का लगभग 60 प्रतिशत जीएसटी से वसूल करता है. शेष 40 प्रतिशत राजस्व झारखंड मूल्य वर्धित कर, विद्युत शुल्क व झारखंड पेशा कर से मिलता है. वित्तीय वर्ष 2023-2024 में जीएसटी, जेवैट, ईडी तथा जेपीटी सहित कुल वसूली का लक्ष्य 24,000 करोड़ रुपये था. लेकिन, टैक्स से मिलने वाले राजस्व में सिर्फ 0.17 फीसदी का ही इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 21,075.37 करोड़ रुपये ही मिले. वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 21,040 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में मिले थे.

**जीएसटी से लक्ष्य से 1518.23 करोड़ कम की राजस्व वसूली :** जीएसटी से भी लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली हुई है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीएसटी से 14,000 करोड़ रुपये टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया था. इसके एवज में 12481.77 करोड़ रुपये की ही वसूली हुई. परिणामस्वरूप, वाणिज्य कर विभाग लक्ष्य से 1518.23 करोड़ रुपये पीछे रह गया. वहीं नॉन जीएसटी से 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली का लक्ष्य रखा गया था. इसके एवज में 8427.92 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पाई. यानी 1572.08 करोड़ रुपये की वसूली नहीं हो पाई.

# तस्कर के घर से 139 किलो गांजा बरामद



**संवाददाता। लोहरदगा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम निवासी हाजी मोजाहिम अंसारी के पुत्र तौफिक अंसारी के घर पर पुलिस ने छापेमारी कर गांजा और चार महंगी गाड़ियां बरामद की. एसपी हारिस बिन जमां के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की, सेन्हा बीडीओ संग्राम मुर्मू, थाना प्रभारी अजीत कुमार, एसआई मनोज कुमार, अविनाश राम, पंकज कुमार यादव दल बल के साथ शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे गांजा तस्कर के घर पर छापेमारी की. पुलिस ने घर के बगल में निर्मित वाहन पार्किंग में खड़े वाहनों से तीन बोरा में 1 क्विंटल 39 किलो गांजा बरामद किया. तस्कर तौफीक के घर से 42,800 रुपये नकद और एक्सयूवी वाहन जब्त किया गया है.

ब्रीफ खबरें

### जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आज होगा आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 23 जून को सुबह 6:30 बजे से जिलास्तरीय 600 मीटर और 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज परिसर में नवनिर्मित एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगी. उक्त जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी.

### अपराधियों ने 4 लाख के जेवरात लूट लिये

**छतरपुर/पलामू।** जपला छतरपुर- मुख्य पथ पर शुक्रवार की शाम को लगभग 7 बजे अपराधियों ने अयांश फैंसी ज्वेलर्स दुकान के मालिक चंदन कुमार सोनी के कनपटी में पिस्तौल सटाकर लगभग चार लाख के जेवरात लूट लिए. भुक्तभोगी ने बताया कि छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के शंकर साव के मदनपुर स्थित मकान में उनकी दुकान है. वह शाम में गोलक्ष्मी स्थित घर आने के दौरान जैसे ही ऊंटवा नाला के समीप पहुचे, पीछे से होंडा साइन बाइक से तीन लुटेरे आये और कनपटी पर पिस्टल सटाकर पहले बाइक की चाभी व मोबाइल छीना और बैग में रखा 60 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी को छीन कर जपला रोड भाग निकले.

### कोनवाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 7 को

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई उवि परिसर में 7 जूलाई को डॉ. अनूप कुमार सिंह द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है. इस संबंध में डॉ अनूप ने बताया कि शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा. शिविर में बच्चों, नौजवान सहित बुजुर्गों का इलाज किया जाएगा. शिविर में डॉ अनूप के अलावे रौबिन कुमार सिंह, उज्जवल कुमार, साकेत कुमार सिंह आदि शिविर में भागीदारी निभाएंगे.

### व्यक्तित्व विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी

**मेदिनीनगर।** 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षक राजीव शरण के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया. इस अवसर पर शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंच संचालन, कटि, त्रिकोणासन, भद्रासन, बजासन, अर्थ उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न योगाभ्यास कराए गए तथा सभी लोगों ने संकल्प लिया कि प्रतिदिन योगाभ्यास करेंगे और अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखेंगे. विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समग्र एवं संतुलित व्यक्तित्व के विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है.

### परीक्षा केंद्र से 100 मी के दायरे में निषेधाज्ञा

**मेदिनीनगर।** सदर अनुमंडल दण्डाधिकारी श्री अनुराग कुमार तिवारी ने मदरसा तथा मध्यमा परीक्षा 2024 को देखते हुए मदरसा परीक्षा के लिए 25 जून से 4 जुलाई तथा मध्यमा परीक्षा के लिए 25 जून से 2 जुलाई तक के लिए चार परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है. इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है. इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी.

आजसू पार्टी ने शनिवार को स्थानीय माको डाक बंगला में 37वें स्थापना को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

## आजसू ने स्थापना दिवस पर लगाये पौधे, पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

संवाददाता। लातेहार

शनिवार को आजसू पार्टी ने स्थानीय माको डाक बंगला में 37 वां स्थापना दिवस मनाया. इसे बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने किया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह, पंकज साहू व श्रवण पांडेय मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण से किया गया. माको डाक बंगला परिसर में 100 पौधा रोपण किया गया. बाद में आयोजित बलिदान सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्षों का परिणाम है कि आज झारखंड राज्य बना. झारखंड आंदोलन में आजसू ने बहुत से अपनो को खोया है. इसी कारण आज स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. उन्होने बताया कि आजसू पार्टी जिले के सभी प्रखंडों में सेवा केंद्र खोलेगी. इस केद्र में आम जनता की शिकायतों का समाधान करने में मदद की जाएगी. आजसू जिले के सभी पंचायतों में चौपाल लगा के जनता के समस्याओं का संग्रह कर उसके समाधान के लिए आंदोलन करेगी.

**सदस्यता ग्रहण की**

कार्यक्रम में आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रेरित होकर रवि वर्मा ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. जिला अध्यक्ष ने माल्यापर्ण कर उनका स्वागत किया. कार्यक्रम में ओबीसी के जिला अध्यक्ष नीतेश जायसवाल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीमा देवी, जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास व श्रवण पासवान, नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रिंस, छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, विवेक कुमार दुबे, बिनोद राम, सौरभ कुमार, नब्बू भुइंया आदि मौजूद थे.



पौधरोपण करते नेता-कार्यकर्ता.

### लूट-झूठ, अपराध का व्यवसाय फल-फूल रहा: शुक्ला

संवाददाता। मेदिनीनगर



स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित आजसू के नेता-कार्यकर्ता.

पांकी विस क्षेत्र के हरना में शनिवार को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया. पांकी विस क्षेत्र प्रभारी बिकेश शुक्ला ने कहा कि 24 साल के युवा झारखंड में हजारों अलग राज्य के आंदोलनकारियों की कुर्बानी आज निरर्थक जा रही है. झारखंडी जनता मूकदर्शक बनी हुई है. आंदोलनकारी के सामने सरकार के संरक्षण में लूट-झूठ, अपराध, भ्रष्टाचार का व्यवसाय फल-फूल रहा है. केन्द्रीय सचिव बिजय मेहता ने कहा कि आज हम झारखंड नवनिर्माण के लिए एक बार फिर आंदोलन का बिगुल बजाने का संकल्प लें. तुलसी शुक्ला ने झारखंड राज्य आंदोलनकारी के शहादत को नमन करते हुए श्रध्दांजलि दी. अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अकमल खान ने कहा कि काफी उम्मीद से झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में लोगों ने अपनी कुर्बानी दी. आज अपने राज्य में अपनी पहचान ढूंढ़ रहे हैं. कार्यक्रम में सिद्धांत सिंह, संतोष, सैयद रशिद अहमद अमरेश महतो, नवल कुमार, अभय सिंह, अनिल ठाकुर, मुकेश सिंह, रबिन्द्र पाठक, नारायण सिंह, बरकत हुसैन, सतीश कुमार सिंह, मिलन सोनी, रामबली यादव, काजु सिंह, हसिब अन्सारी, डॉ. नागेंद्र कुमार बर्मा, मुखिया राकेश सिंह आदि उपस्थित थे.

बिजली-पानी की मांगों के समर्थन में जमकर लगे नारे, नारों से गूंजा

## भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली समाहरणालय का किया घेराव

संवाददाता। मेदिनीनगर



रैली की शक्ल में पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ता व शहरवासियों ने समाहरणालय का घेराव किया.

भीषण गर्मी की लहरों के बीच शनिवार की दोपहर जो सरकार बिजली पानी दे ना सके वह सरकार निकम्मी है, बिजली पानी देना होगा, देना होगा-देना होगा आदि के गगनभेदी नारे मेदिनीनगर में गूंजता रहा. दरअसल पलामू भाजपा के तत्वाधान में जिले में विकराल बिजली, पानी, बालू, खाद, बीज और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर आक्रोश रैली निकाली गई थी. दिन के लगभग 12 बजे रैली की शक्ल में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता व शहरवासियों ने समाहरणालय का घेराव किया. आक्रोश रैली की शुरुआत रेड़मा स्थित काली मंदिर के सामने इरिगेशन ऑफिस के मैदान से हुई. रैली में शामिल लोग रेड़मा चौक ओवर ब्रिज होते हुए कचहरी परिसर पहुंचे. समाहरणालय का घेराव कर भी लोगों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

समाहरणालय गेट के समक्ष आयोजित सभा में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं. वहीं, पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुए भी पलामू के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. बालू की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि बोरा से बालू लाने पर भी प्रशासन उनसे पैसे वसूल रही है. पलामू चारों ओर से नदियों से घिरा हुआ है फिर भी लोग बालू के लिए तरस रहे हैं और यहां के बालू को सरकार बाहर में बेच रही है. जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह सरकार महिला, किसान और मजदूरों की विरोधी है. एक तरफ लोग भीषण गर्मी से परेशान है ऊपर से नहाने के लिए तो दूर पीने के लिए पानी भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली पानी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा इससे भी बड़ा और उग्र आंदोलन छेड़ेगी.

डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अगर इस आक्रोश प्रदर्शन के बाद सरकार नहीं जगती है तो हम सरकार को जगाएंगे और उसके बाद भी नहीं जगी तो आगामी विस चुनाव में यूपीए गठबंधन दल की सरकार को जनता जगा देगी. विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पानी की समस्या को जानबूझकर बढ़ाया जा रहा है ताकि टैंकर से पानी पहुंचाया जाए और सरकार को इसका बड़ा मुनाफा मिले.

### सरकार बुनियादी सुविधाएं देने में विफल रही है : शशिभूषण

पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि चंपाई सोरेन की सरकार जनता के लिए सबसे जरूरी बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा देने में विफल रही है. भीषण गर्मी में बिजली और पानी नहीं मिलने से आम लोग हलकान-परेशान हैं. सरकार की नीयत में ही बेइमानी है. इससे सरकार के प्रति जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट मची है. रघुवर सरकार में जहां रोज 22 घंटे बिजली मिलती थी, चंपई सोरेन के शासन में जनता पानी और बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है. आक्रोश रैली में प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम नारायण दुबे, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर नारायण पांडे, कर्नल संजय सिंह, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, मंगल सिंह, विजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडे, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्र, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, विजय ठाकुर, स्वेतांग गर्ग, विपुल गुप्ता, अजय सिंह, रूप सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रूबी सिंह आदि शामिल थे.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन कार्रवाई की मांग


**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा. मांग पत्र में गैर सरकारी विद्यालय जो कृषि कार्य के नाम पर जमीन क्रय कर व्यावसायिक उपयोग में ला रहे है, उनसे व्यावसायिक राजस्व निर्धारित कर वसूली, सभी विद्यालय में ट्रेंड टीचर की व्यवस्था, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरा और अग्निशमन यंत्र लगाने, निजी विद्यालयों में गरीब छात्रों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर जांच कर शत प्रतिशत सीट पर नामांकन कराने, एक्सलेंस ऑफ सीएम स्कूल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य संबधित सुविधाएं उपलब्ध कराने, सभी सरकारी विद्यालयों में बिजली की समुचित व्यवस्था एवं पंखा उपलब्ध कराने आदि शामिल है.

### एसडीओ ने मवि का औचक निरीक्षण किया

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शनिवार को हुसैनाबाद एसडीओ आईएएस पियूष सिंहा ने शहर के हुसैनाबाद थाना के सामने स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित हो रहे क्लासरूम, मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की जायजा लिया. उन्होंने विद्यालय में संचालित क्लास रूम में जाकर विद्यार्थियों से बात-चीत की व किताब की रीडिंग करवायी.उन्होने इस दौरान प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर साफ़ सुथरा रखने, मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन का वितरण करने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने निर्देश दिया.

न्यूज अपडेट

### गरिहारा गांव में कुएं में गिरने से हिरण की मौत



हिरण का शव.

**पांकी।** पांकी थाना क्षेत्र के गरिहारा गांव स्थित केवाल टोला के कुएं में गिरकर हिरण घायल हो गया. ग्रामीणों की मदद से वनकर्मियों ने हिरण को बाहर निकाला. लेकिन शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गयी. वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा है. मालूम हो कि देश में भीषण गर्मी और हीट वेब प्रकोप जारी है. झारखंड वासियों का भी गर्मी से हाल बेहाल है. लू लगने से अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं हीट वेब की वजह से पशु-पक्षियों का भी हाल बेहाल है.

### वज्रपात की चपेट में किशोर झुलसा, हालत गंभीर



अस्पताल में इलाजरत किशोर.


**बालूमाथ(लातेहार)।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मैलम गांव में वज्रपात की चपेट में आकर 12 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से झुलस गया. उसकी पहचान मैलम गांव निवासी तिलक भुईयां के पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है. परिजनों ने रवि कुमार को गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ सुरेंद्र कुमार और डॉ अलीशा टोप्पो ने प्राथमिक उपचार किया. इसके बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स रेफर कर दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम तेज आंधी-तूफान आया था.

### ग्रीन कार्ड जारी करने के लिए शिविर कल से लगेगा



**लातेहार।** जिले की सभी पंचायतों में ग्रीन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जून से 10 जुलाई तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा. इसकी जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने दी. उन्होंने बताया कि उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी थी. इस बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छूटे हुए सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने का निर्णय लिया गया था. ताकि विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप ग्रीन कार्ड इश्यू किया जा सके. उन्होंने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्डधारियों का ई-केवाईसी भी किया जायेगा. 24 जून को लातेहार के परसही व बेंदी, चंदवा के चंदवा पूर्वी व चंदवा पश्चिम, हेरहंज के सलैया व हेरहंज, मनिका के मनिका प्रखंड के अक्शी व चैनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा.

### आज सम्मानित होंगे छात्र और अभिभावक



**लातेहार।** विद्या भारती के तत्वावधान में 23 जून को अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा. इस समारोह में जैक बोर्ड व सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2024 के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक समेत संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया जायेगा. यह समारोह सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के सभागार में आयोजित किया जायेगा. इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी ने दी. उन्होंने बताया कि इस अभिनंदन सह सम्मान समारोह में झारखंड के 250 विद्यार्थी व उनके अभिभावक तथा कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य शामिल होंगे.

### चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली



चोरी की जांच करने पहुंची पुलिस.

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पांडेयपूरा ग्राम निवासी पवन प्रसाद के पहाड़पुरी स्थित नवनिर्मित मकान से शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. घर में काई नहीं था और ताला बंद था. चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और नगद व जेवर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये की चोरी कर ली. भुक्तभोगी पवन प्रसाद ने बताया कि वे अपने नव निर्मित घर में शुक्रवार की संध्या पांच बजे तक थे. पत्नी और बच्चे मायके गये थे. वे रात में घर का ताला बंद करके अपने पैतृक आवास पांडेयपूरा चले गये थे. शनिवार को दोपहर करीब एक बजे जब वे घर पहुंचे तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है. अंदर जब प्रवेश किया तो देखा कि अलमीरा भी टूटा है और उसमें रखे 28 हजार रुपये नगद, सोने के अंगूठी, चैन, लॉकेट व चांदी का पायल समेत कई अन्य सामान गायब है.

## एनएसयूआई व झामुमो छात्र मोर्चा ने फूंका परीक्षा नियंत्रक का पुतला

संवाददाता। मेदिनीनगर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन व झामुमो छात्र मोर्चा ने शनिवार को संयुक्त रूप से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का घेराव किया और परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका. कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं झारखंड युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक तिवारी मौजूद थे. वक्ताओं ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक की मनमानी के कारण हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया है. जेनेरिक की परीक्षा, सेमेस्टर 1, बैकलॉग समेत 8 परीक्षा रद्द कर दी गई जो परीक्षा 24 तारीख से होनी थी जिससे छात्रों में भारी आक्रोश है. उन्होंने कहा कि अचानक परीक्षा स्थगित होने की सूचना के बाद संगठन नेताओं ने परीक्षा नियंत्रक से मिलना चाहा परंतु परीक्षा नियंत्रक अपने विभाग से गायब थे. इसके बाद कुलसचिव से संबंध में जानकारी प्राप्त करने की प्रयास किया जिस पर कुल सचिव ने कहा कि छात्र-छात्राओं के परीक्षा संबंधित विषयों की जवाबदेही मेरी नहीं है. मुझे छात्र-छात्राओं से कोई लेना-देना नहीं है. इसके बाद एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर छात्र हित में नारेबाजी शुरू कर दी. इसकी सूचना पाकर विश्वविद्यालय के कलानुशासक ने पुलिसिया बल पर छात्रों को हटाने का प्रयत्न किया है मगर उग्र छात्र परीक्षा नियंत्रक से मिलने की मांग पर अड़े रहे. घंटा भर इंतजार के बाद परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय पहुंचे और परीक्षा संबंधित किसी भी जानकारी को देने में असमर्थ रहे एवं वापस लौट गए. झामुमो छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक 12 साल से कंप्यूटर सेंटर इंचार्ज एवं एक वर्ष से परीक्षा नियंत्रक समेत दो पोस्ट को अकेले ही संभाल रहे है अब उनको आराम करने की जरूरत है. यूजी सेमेस्टर 1 का एग्जाम कैंसिल करना उनका विफलता को दर्शाता है.

### पंचायत सचिवालय में अब विवाह प्रमाण पत्र बनेगा



बैठक में जानकारी देते प्रखंड विकास पदाधिकारी.

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ-साथ अब विवाह प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाएगा. इससे ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने की समस्या से निजात मिलेगी. शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज सभी पंचायत मे संचालित प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की. उन्होने पंचायत स्तर पर निर्गत की जाने वाले जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और विवाह प्रमाण पत्र को लेकर कई जानकारियां दी. प्रखंड विकास अधिकारी के द्वारा सभी संचालकों को यह भी सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रमाण पत्र को निर्गत किए जाने मे कोई अवैध वसूली नहीं की जाये और उनके खिलाफ कोई शिकायत मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार के द्वारा भी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत स्तर पर सरकार के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं को लेकर जानकारी दी गई.

खेलकूद

विजेता को 35 हजार व उप विजेता को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया

## कजारिया ने टीपीएल के खिताब पर जमाया कब्जा

संवाददाता। लातेहार




विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते पूर्व विधायक.

टोंगरी क्रिकेट क्लब लातेहार द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट टीपीएल 2024 के खिताब पर कजारिया की टीम ने अपना कब्जा जमा लिया है. शुक्रवार की रात खेले गये फाइनल मैच में कजारिया एलेवन की टीम ने सरीक इलेवन को 89 रनों से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए कजारिया इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 165 बनाये. गोलू ने सर्वाधिक 89 रन की पारी खेली.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरीक इलेवन की 12 ओवर में 132 रन ही बना सकी. बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रकाश राम ने विजेता टीम को 35 हजार रूपये का प्रतीकात्मक चेक और ट्राफी भेंट की. उप विजेता टीम को 21 हजार रूपये का चेक व ट्राफी प्रदान किया गया. मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोलू को दिया गया. जबकि मैन ऑफ द टुर्नामेंट का पुरस्कार उज्जवल चंद्र को दिया गया. उसे 11 सौ रूपये व ट्राफी दिया गया. इससे पहले कमिटि के गौरव दास ने पूर्व विधायक को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो व सोनू सिंह मौजूद थे.

प्रतियोगिता में बेस्ट कमेंटेटर गौरव दास व कुंदन गुप्ता, बेस्ट अंपायर में प्रदीप कुमार मिक्कू व सोनू सिंह, बेस्ट स्कोरर श्याम साथ पिच क्यूरेटर विकास को स्मृति चिन्ह दिया गया. कार्यक्रम में अनिल सिंह, मोहर सिंह, पवन गुप्ता, अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, मुकेश पांडेय, जीव रंजन देव पांडेय, साजन कुमार आदि मौजूद थे.

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान के दौरान रस्साकस्सी प्रतियोगिता

संवाददाता। लातेहार



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे.

खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय, महुआडांड़ में रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता आवासीय एथलेटिक्स बालिका प्रशिक्षण केन्द्र, डे बोर्डिंग हॉकी बालिका प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय की छात्राओं के किया गया.

कार्यक्रम में मादक पदार्थों के सेवन करने के दुष्परिणाम आदि की जानकारी दी गयी. बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है. मौके पर नशामुक्ति का संकल्प लिया गया. आयोजन को सफल बनाने में प्रशिक्षक तरसियुस कुजूर, सरिता मिंज व अमिता रंजना मिंज समेत विद्यालय के विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा. बता दें कि गत 19 जून से आगामी 26 जून तक यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसमें युवा संगोष्ठी, निबंध लेखन, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण, योगासन, ड्राइंग, पेंटिग और साइकिल रैली समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### बाइक के धक्के से एक की मौत

**मेदिनीनगर।** चौनपुर थाना क्षेत्र में शाहपुर ग्रामीण बैंक के पास शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में विजय चौधरी नामक व्यक्ति की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार विजय चौधरी चौनपुर थाना क्षेत्र के बंधुआ गांव का रहने वाला था. शनिवार की सुबह विजय चौधरी अपने घर से साइकिल पर सवार होकर शाहपुर लोहा दुकान में काम करने जा रहा था. इसी बीच रास्ते में शाहपुर ग्रामीण बैंक के पास एक मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मार दिया जिससें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों द्वारा घायल उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई.

### मुहर्रम इंतेजामियां के जेनरल बने जीशान

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम के आगाज होते ही प्रत्येक वर्ष मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के जेनरल खलीफा का चुनाव होता है. इस सिलसिले में एक बैठक का आयोजन पहाड़ी मुहल्ला स्थित मदरसा मरकजी दारुल उलूम में किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी मेदिनीनगर के जेनरल खलीफा जीशान खान को बना दिया गया. बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमिन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल ने की. पूर्व जेनरल ने इस्तीफा दिया और जीशान खान को जेनरल खलीफा का ओहदा सौंप दिया गया.

### पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**सतबरवा/पलामू।** रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एन एच 39 पर शनिवार की देर रात एक पिकअप के धक्का मारने से दुलसुलमा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद 35 की मौत हो गई. पोस्टमार्टम के बाद मिले शव को लेकर परिजनों ने मुआवजा का मांग को लेकर लगभग 3 घंटे शव के साथ एनएच 39 को जाम कर दिया. परिजन 10 लाख रुपए मुआवजा की मांग कर रहे थे. सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार जाम स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाया. सीओ के मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया.

### सीएसपी सहित पांच दुकानों मे चोरी

**उंटारीरोड/पलामू।** थाना क्षेत्र के पांडेपुरा के गया मोड़ पर सीएसपी सहित शुक्रवार की रात पांच दुकानों मे चोरी हो गई गया मोड़ पर सभी किराना दुकान सहित छोटे बड़े सहित पांच दुकानों में अज्ञात चोरों ने गया मोड़ सीएसपी संचालक रमाशंकर गुप्ता के यहा से लैपटॉप और प्रींटर की चोरी हुई है. सुमन गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार माली, लाला साव के सभी पांच दुकानों में लगभग पचास हजार रूपए की सामान चोरों ने चोरी कर ली. भुक्तभोगी सभी दुकान मालिकों ने सुबह अपनी-अपनी दुकान पर आया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ था.

### सीओ ने मिट्टी लदा चार ट्रैक्टर किए जब्त

**उंटारीरोड/पलामू।** थाना क्षेत्र के कुल्ही पहाड़ के पास स्थित टी एल टू ईंट भट्ठा पर मिट्टी ला रहे शुक्रवार की शाम सीओ सह बीडीओ आशा साहु ने चार ट्रैक्टर को पकड़ कर डीएमओ और पुलिस को सूचना दे दी गई. सूचना मिलते ही उंटारीरोड पुलिस चारो ट्रैक्टर को थाने ले आयी. इधर बीडीओ सह सीओ आशा साहू ने बतायी की एनजीटी के रोक के बावजूद भी ईंट भट्ठा पर बलुआही मिट्टी धुलाई का कार्य चल रहा था जिसकी सूचना मिलते ही चारो ट्रैक्टर को पकड़कर थाने को दे दी गई. सीओ आशा साहू ने बताया कि खनन विभाग से जांच के बाद ही मिट्टी की पता चल पाएगी.

# ग्रामीणों के हित में बेहतर पहल होगी, धैर्य रखें : डॉ आशा लकड़ा

## भूमि विवाद मामला अनुसूचित जनजाति आयोग को हुआ प्राप्त, डीसी सहित अन्य अधिकारी होंगे दिल्ली तलब

- सीठियो में भूमि विवाद मामले को अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान में लेते हुए जनता दरबार का आयोजन कराई

**संवाददाता । लोहरदगा**


कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ आशा लकड़ा व अन्य.

अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या डॉ आशा लकड़ा शुक्रवार को लोहरदगा जिला का भ्रमण में शामिल होने समाहरणालय पहुंचकर अधिकारियों संग समीक्षात्मक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए. इसी बीच डॉक्टर आशा लकड़ा ने सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीठियो में भूमि विवाद मामले को अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान में लेते हुए जनता दरबार का आयोजन कराई. यहां पर बता दें कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो के ग्रामीणों द्वारा अनुसूचित जन जाति आयोग कार्यालय में भूमि विवाद मामला को लेकर लिखित आवेदन दिया गया था. जिसपर एसटी-एसी आयोग के सदस्य डॉ आशा लकड़ा सीठियो ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों एवं अधिकारियों से मामले की विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की. इस बीच अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या डॉ आशा लकड़ा के समक्ष ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया गया कि गांव के लूदू महली द्वारा कहा जाता है कि गांव की जमीन मेरा है न मकान बनाने देता है और न ही सरकारी लाभ से विकास होने देता है और गांव के लोगों को झूठा केस एसटी एसी थाना में थाना प्रभारी से मिलकर कर दिया गया है.

गांव वालों ने आयोग की सदस्या डॉ आशा लकड़ा के समक्ष बताया कि एसटी एसी थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया गया. गांव की जमीन का कोई कागजात लूदू महली के पास नहीं है. पुराना खतियान पालिंद्र पाल सिंह के नाम से है और नया खतियान भी सिंह का है. लुदू महली के पास भूमि से संबधित कोई कागजात नहीं है.

इसपर अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि कोई एक व्यक्ति पूरे गांव समाज को प्रताड़ित नहीं कर सकता है, सभी के लिए कानून बराबर है. मौके पर एसी जीतेंद्र मुंडा, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, पंचायत समिति सदस्य सनातन बाखला, मुखिया शोभा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन प्रसाद, महावीर प्रसाद पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे.

# दुकान में काम करने वाला नौकर निकाला चोर

**संवाददाता। लातेहार**

अक्सर कहा जाता है कि घर या दुकान में कोई नौकर या स्टाफ रख रहे हैं, ठोक बजा कर रखना चाहिए, नहीं तो धोखा हो सकता है. ऐसा ही एक मामला शहर के थाना चौक में प्रकाश में आया है. थाना चौक मे संचालित पूजा जेनरल स्टोर नामक प्रतिष्ठान मे काम करने वाला नौकर चोर निकल गया. पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. प्रतिष्ठान के मालिक रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के पोचरा ग्राम निवासी पकंज कुमार पिछले पांच-छह वर्ष से उनकी दुकान में नौकर का काम करता था. वह दुकान के पीछे गोदाम मे सामान निकालने वह अक्सर जाता था. उन्होने बताया कि पंकज गोदाम जाने के बाद कीमती सामान एक बोरा में भर कर गोदाम के पीछे खाली स्थान में छिपा देता था. बाद में उसका भाई नीरज कुमार सामानों को वहां उठा कर अपने घर पोचरा ले जाता था. शनिवार की सुबह दस बजे गोदाम के पीछे तीन बोरा सामान फेका हुआ देख कर आसपास के लोगो ने रामचंद्र प्रसाद को इसकी जानकारी दी. इसके बाद श्री प्रसाद ने अपने स्टॉफ व नौकरों से इस बाबत पूछताछ किया. पंकज बहुत दे कर टालमटोल करता रहा. फिर बाद में उसने चोरी की बात स्वीकर कर ली. प्रसाद ने सदर थाना मे दोनों भाई के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया.

## आजसू नेताओं ने पार्टी स्थापना को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

# भगवान बिरसा के आदर्शों को अपनाना होगा : चंद्रशेखर

**संवाददाता । पलामू**



आजसू पार्टी भगवान बिरसा मुंडा व राजा मेदिनीराय के आदर्शों को आत्मसात कर नया झारखंड बनाएगी. आज के दिन आजसू पार्टी के कार्यकर्ता झारखंड के वीर विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रहे हैं. यह बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही. वे शनिवार को डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा स्तरीय पार्टी के स्थापना दिवस को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बलिदान दिवस के रूप में मना रहे थे. उन्होंने स्थानीय स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं संग माल्यार्पण किया. सदर प्रखंड के भैंसाखूर शिव मंदिर व बंदुआ में 100-100 पौधे लगाए.

चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने झारखंडवासियों के लिए अपना बलिदान दिया था. उनकी कृति व आदर्शो को अपनाकर झारखंड को नया रूप देने का कार्य करेंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंडवासियों को तबाह करके रखा है. झारखंड के कोई भी व्यक्ति सुख व चैन से नहीं है. पार्टी के केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष शपथ लेते हैं कि झारखंड की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे. केंद्रीय समिति सदस्य संजू सिंह ने कहा कि पार्टी झारखंड के विभूतियों के आदर्शों पर चलकर नया झारखंड बनाएगी. जिला उपाध्यक्ष विशाल मेहता ने कहा कि पार्टी अपना संकल्प पूरा करते हुए डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में अपना परचम लहराएगी. इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य प्रदीप पांडेय, महिला जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, सविता देवी, राजीव रंजन पांडेय, गुलाम सरवर, अख्तर अली, रमेश प्रसाद, जमील आलम, झुन्नु बैठा, विशाल चौधरी, रणजीत सिंह, पारस विश्वकर्मा, सतीश तिवारी, विनोद पांडेय, शैलेश मिश्रा, बबलू डोगरा व महावीर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

## आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**



शनिवार को बाजार में स्थित सामुदायिक भवन में आजसू पार्टी का 37 वां स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में मनिका विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. अध्यक्षता बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष ललन पुरी और संचालन आजसू पार्टी के जिला सचिव सह मनिका विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर ने किया. युवा मोर्चा से के रुपेश अंकित कुमार, अवध प्रसाद व अजित कुमार समेत कई वक्ताओं ने कहा कि 22 जून 1986 में जिस झारखंड स्टूडेंट यूनियन, आजसू पार्टी का गठन हुआ था छात्र संगठन बन कर झारखंड अलग राज्य के निर्माण की आवाज को बुलंद किया था. आजसू पार्टी का ही देन है कि अलग झारखंड राज्य बन सका.लेकिन आज भी झारखंडी जनमानस अपने हक और अधिकार से वंचित है. आज बलिदान दिवस पर युवा आजसू पार्टी के साथ फिर से आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो रहे हैं. मौके पर आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता विनय कुमार चंदेल, रामनरेश सिंह, मकसूद आलम, निजाम खान, अली हुसैन, रमेश यादव, योगेश्वर राम, पवन कुमार, बिरेंद्र पासवान, अवधेश प्रसाद, अजीत कुमार, दिनेश सिंह, गोला बोदरा, उदय बोदरा, हरेंद्र प्रसाद, डोली देवी, कीर्ति देवी, प्रमिला देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पार्वती देवी व लक्ष्मी देवी समेत आजसू पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

# ऑनलाइन 74 हजार और ऑफलाइन 7 हजार का चालान काटा, चालकों को दी हिदायत

**संवाददाता। लातेहार**


गाड़ियों की जांच करते डीटीओ सुरेंद्र कुमार.

जिला मुख्यालय के किनामाड़ के समीप रोड सेफ्टी सप्ताह के तहत डीटीओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन हेलमेट व चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान 40 से 45 दो पहिया वाहनों से ऑनलाइन 74 हजार और ऑफलाइन सात हजार का चालान काटा गया. अभियान के दौरान वाहन चालकों व सवार का हेलमेट, इंश्योरेंस पेपर, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कागजात की जांच की गई. वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. डीटीओ ने कहा कि सभी वाहन चालक व सवारी यातायात नियमों पालन करें. दो पहिया वाहन चालकों व उनके साथ पीछे बैठ कर यात्रा करने वालों के लिए हेलमेट पहनने को अनिवार्य बताते हुए कहा कि जो लोग इसकी अवहेलना करते पकड़े जाएंगे उन्हें जुर्माना के अलावा कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित भी किया जाएगा। पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान से लोगों में हड़कंप मचा रहा.

### नशामुक्त को लेकर मानव श्रृंखला बनाया, किया जागरूक

**संवाददाता । लोहरदगा**

नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा नशामुक्त लोहरदगा के संकल्प को पूरा करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस बीच कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय से पार्क तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया. तत्पश्चात कस्तूरबा विद्यालय से नगर परिषद कार्यालय तक रैली निकाला गया. इस कार्यक्रम में प्रशासक नगर परिषद, समाज कल्याण पदाधिकारी, नगर प्रबंधक अनिल उरांव,नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार, नगर परिषद के कर्मी,स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, विद्यार्थी, एनसीसी के कैडेट,नगर परिषद के सफाई कर्मी एवं अन्य लोग शामिल हुए. नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह के द्वारा तीन भाषा में नशा के हानियों से संबंधित गीत गाकर नागरिकों का ध्यान आकृष्ट कराया गया.

# बहाउद्दीन अंसारी बने मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के खलीफा


बैठक में शामिल हुए कमेटी के सदस्य.

**संवाददाता । बरवाडीह (लातेहार)**

शनिवार को बेतला मोहर्रम इंतजामिया कमेटी की बैठक हसीबुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में पूर्व के मोहर्रम कमिटी का लेखा-जोखा को पेश करने के बाद नई कमेटी के गठन का प्रस्ताव लाया गया. नयी कमेटी के गठन को लेकर सर्वसम्मति से बहाउद्दीन अंसारी को खलीफा चुना गया. अब्दुल करीम को नाइब खलीफा, परवेज आलम को खजांची बनाया गया. कमिटी के सक्रिय पदाधिकारी के रूप में अनवर अंसारी, मोहिबुद्दीन अंसारी, नौशाद अंसारी, नजीर अंसारी, दाऊद अंसारी, फैज अंसारी, अरमान अली, शमीम अंसारी समेत अन्य सदस्यों शामिल किया गया. बैठक की अध्यक्षता कर रहे हसीबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में नई कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया. बैठक में गुलामे राजा शमीम, अब्दुल, कलाम, परवेज आलम, नजीर आदि मौजूद थे.

### झूठा केस दर्ज मामले को लेकर हजारों ग्रामीण पहुंचे थाना

**भंडरा/लोहरदगा ।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाटी गांव के सैकड़ों महिला पुरुष भूमि संबंधी मामले को लेकर गांव के लोगों के उपर केस दर्ज किए जाने की झूठी अफवाह पर थाना घेराव करने भंडरा थाना पहुंचे. ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि गांव के सोहराय उरांव, मोहन उरांव, कर्मसाय उरांव, बिरसा उरांव एवं ननहका मुंडा पर गांव के ही लाल नागेंद्र नाथ शाहदेव के द्वारा भूमि विवाद को लेकर भंडरा थाना में मामला दर्ज कराया गया है. इधर थाना में मामला दर्ज करने की सूचना पर आक्रोशित ग्रामीण भंडरा थाना पहुंचे. इस बीच ग्रामीणों को बताया गया कि थाना में किसी भी व्यक्ति के उपर भूमि विवाद को लेकर मामला दर्ज नहीं किया गया है. इस संबंध में भंडरा थाना के थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि हाटी गांव के लाल नागेंद्र नाथ शाहदेव के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित एक आवेदन दिया गया था.

**अनिल टाना भगत बोले-**

# कमल के आदर्शों पर चलकर जनता की आवाज बनूंगा

- पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की

**संवाददाता । लोहरदगा**

ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन आजसू का 39वां स्थापना दिवस लोहरदगा में समारोह आयोजित कर झारखंड आंदोलनकारी नेता सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुराने नगर भवन एवं आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में मनाया गया.

इधर, दो भागों में आजसू पार्टी द्वारा स्थापना दिवस मनाए जाने से कार्यकर्ता दुविधा में पड़ गए थे. यहां पर शहरी क्षेत्र अंतर्गत पुराने नगर भवन में पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत की अध्यक्षता में आजसू पार्टी का 39वां स्थापना दिवस मनाया गया. वहीं पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की स्थापना दिवस मनाया गया.

इधर, नगर भवन में पार्टी के स्थापना दिवस मनाए जाने से पूर्व झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत ने कहा कि बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत के आदर्शों पर चलकर लोहरदगा की जनता का आवाज बुलंद करने का कार्य करूंगा.

### नशापान से मुक्ति पाएं और आनेवाली पीढ़ी को संस्कारवान बनायें

**कुड़ु/लोहरदगा ।** इन दिनों लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में नशामुक्ति अभियान चलाकर लोगों को इससे मुक्ति दिलाए जाने हेतु जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के द्वारा जागरूकता रैली और प्रभातफेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है. इसी निमित्त लोहरदगा जिला अंतर्गत कुड़ु प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय ककरगढ़ में शनिवार को एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता एवं प्रभातफेरी निकाली गई. जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा पोस्टर, बैनर तथा नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा था. इधर प्रभातफेरी का मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत ककरगढ़ की मुखिया चेमनी टोप्पो एवं प्रहरी क्लब के नोडल शिक्षक जसीम अंसारी, समाजसेवी रोजामत अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया.

## घायल बच्चों का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हालचाल जाना

# पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाया जाएगा : सांसद

**संवाददाता । लोहरदगा**



जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बगड़ु में बीते गुरुवार को वज्रपात के चपैट में आए तीन बच्चों में एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक अरुण महली का 10 वर्षीय पुत्र आर्यन महली अपने अन्य दोस्तों के साथ आम तोड़ने गया था, इसी अचानक से आसमानी बिजली गिर पड़ी, जिससे बालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई. साथ ही आशीष उरांव और रूपेश महली वज्रपात की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए. तत्पश्चात परिजनों ने आनन फानन में इलाज हेतु तत्काल सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया. इधर इसकी सूचना मिलते ही सांसद सुखदेव भगत के निर्देश अनुसार युवा कांग्रेस के सदस्यों ने सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और अस्पताल प्रबंधक से मिलकर बेहतर इलाज करने का आग्रह किया. परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि कोई भी समस्या इलाज के दौरान हुई तो सांसद सुखदेव भगत और कांग्रेस परिवार सदैव आपके साथ हैं. मौके पर युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, आउटरीच सेल के चेयरमैन सैफ अहमद,अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष तारीक अनवर, प्रत्यूष पांडे, बिनोद उरांव, मीडिया कॉर्डिनेटर नकीब अंसारी, इमरान अंसारी आदि मौजूद थे.

### पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु पौधरोपण है जरूरी : महावीर उरांव

**लोहरदगा ।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ओयना टोंगरी से बंजार किस्को नदी तक वन विभाग की ओर से पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 500 फलदार एवं छायादार पौधे लगाया गया. इधर पौधरोपण की अगुवाई वनरक्षी महावीर उरांव के द्वारा किया गया. इस बीच छटवन, महुगुनी, ग्रीन सेमल, सांगवान, आम, कटहल, जामुन आदि पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने हेतु संकल्प लिया एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाने को लेकर प्रेरित किया गया. मौके पर वनरक्षी महावीर उरांव ने कहा कि लोहरदगा वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने को लेकर लगातार पौधे लगाया जाता रहा है. उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला को वन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करना चाहिए.

**पुनरीक्षण कार्यक्रम** द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, बोले

# 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को सूची में जोड़ें

**संवाददाता । सिमडेगा**


कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त अजय कुमार सिंह.

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 से संबंधित आवश्यक जानकारी दी. उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 25 जून से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिया है. इस दौरान सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करना है. 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है. साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है. विशेष अभियान दिवस के तहत आयोग के निर्देशन अनुसार दिनांक 27.07.2024, 28.07.2024, 03.08.2024 एवं दिनांक 04.08.2024 को विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा. इस विशेष अभियान दिवस में सभी बी.एल.ओ. अपने मतदान केंद्र में आवश्यक प्रपत्र एवं वर्तमान मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे.

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि उक्त दिवस में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता हेतु सहयोग प्रदान करेंगे. साथ ही उपायुक्त ने बताया कि आयोग के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंध एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है. उपायुक्त महोदय ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करते हुए कहा कि पुनरीक्षण अवधि में ब्लू को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से सभी मतदान केंद्र हेतु मतदान केंद्र अभिकर्ता की नियुक्ति करने के साथ-साथ जिला में स्वच्छ, शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग करने की बात कहीं. साथ ही उपायुक्त महोदय ने बताया कि वैसे मतदान केंद्र का चयन करना है जिसमें मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर मतदान देने हेतु जाना पड़ता है. तथा एक मतदान केंद्र में 1400 या 1500 से अधिक की संख्या है मतदाता है जिसके वजह से काफी भीड़ होती है.

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध निकाली गई रैली

**लोहरदगा ।** खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय लोहरदगा की ओर से आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र प्लस टू नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के छात्रों द्वारा डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के अनेकों छात्रों ने मादक पदार्थों के सेवन करने वालों लोगों के अंदर कुप्रभाग, कैंसर जैसे रोग इत्यादि पर प्रभात फेरी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान दी. कार्यक्रम में जिला खेल पदा. उपवन बड़ा, फुटबॉल कोच सुभाष तिर्की, पर्यटन विशेषज्ञ नवीन गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा.

# हिंडाल्को का तानाशाही रवैया चलने नहीं दिया जाएगा :साहू

- छोटानागपुर बाक्साइट कोल वर्कर्स यूनियन इंटक का वार्षिक महासम्मेलन हुआ आयोजित, डीपी साहू निर्विरोध महासचिव चुने गए

**संवाददाता । लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र भवन में छोटानागपुर बॉक्साइट कोल वर्कर्स यूनियन इंटक का वार्षिक महासम्मेलन सह आम सभा का आयोजन किया गया.

इधर, महासम्मेलन की शुरुआत पूर्व सांसद स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उपस्थित हुए. सर्वप्रथम आय व्यय का ब्योरा इंटक नेता अशोक यादव के द्वारा प्रस्तुत किया गया. उसके पश्चात नई कमेटी के लिए सर्वसम्मति से धीरज प्रसाद साहू को महासचिव चुना गया. उनके नाम का प्रस्ताव इंटक नेता मोहम्मद सोहराब ने रखा. इसका समर्थन इंटक नेता सत्येंद्र यादव ने किया.

महासचिव के चुनाव के पश्चात आगे अध्यक्ष सहित अन्य कमेटी के गठन के लिए सर्वसम्मति से माननीय धीरज प्रसाद साहू को अधिकृत किया गया. महासम्मेलन का संचालन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव डॉक्टर लाल अजय शाहदेव ने किया.

### दुकानदारों ने लगाया आरोप, कहा- बगैर नोटिस व जानकारी दिये जेसीबी लेकर पहुंच गए नगर निगम के अधिकारी

# फुटपाथ दुकानों पर चली जेसीबी, सामान लेकर भागते रहे दुकानदार

**संवाददाता। हजारीबाग**

नगर निगम की मनमानी से शहर के छोटे दुकानदार परेशान हैं. फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम द्वारा फुटपाथ कई साल से उन्हें दुकान देने की बात कही जा रही है. इसके लिए फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस भी दिया गया है, लेकिन आज तक दुकान नहीं मिली. वहीं बड़े सेठ-साहूकार को तो नगर निगम ने मोटी रकम लेकर दुकानें दे दी है.

दरअसल, हजारीबाग नगर निगम की टीम शनिवार की शाम अचानक मेन रोड पर फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के लिए जेसीबी लेकर पहुंच गई. इससे दुकानदारों में भगदड़ मच गई. वे लोग अपने-अपने ठेले पर सजे सामानों को



नगर निगम की कार्रवाई के बाद सड़क पर फुटपाथ दुकानदार.

जैसे तैसे लेकर भागते नजर आए. वहीं, नियमों की अनदेखी करनेवाले स्थायी दुकानदारों से भी जुर्माना वूसला गया. किसी की दुकान से बाहर सामान रखने पर, तो किसी की दुकान का लाइसेंस नहीं होने पर जुर्माना लगाया गया. इसके अलावा कोयले के चूल्हे पर चाय बनानेवाले दुकानदारों से भी जुर्माना वसूला गया.

इस संबंध मेन रोड के फुटपाथ दुकानदारों ने बताया कि उन्हें दुकान देने की बात कही गई थी. कई दुकानें बनाई भी गईं, लेकिन कुछ दुकान हवा के झोंके में उड़ गयी, तो कुछ दुकान सेठ साहूकार को दे दिया गया. अगर हमलोगों को दुकान नहीं लगाने दिया गया, तो हमारा पूरा परिवार उजड़ जाएगा. न खाने के लिए रोटी रहेगी और न बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसे. ऐसे में या तो भीख मांगना पड़ेगा या फिर आत्महत्या कर अपना जीवन समाप्त कर लेना होगा.

**खास बातें**

- कई साल से दुकान देने का वादा कर रही नगर निगम
- कुछ दुकानें बनीं, मगर बड़े सेठ-साहूकारों को दे दिया

**जुर्माना वूसले, सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया**

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने बताया कि सड़क से चार फीट छोड़ कर दुकान या ठेला लगाना था, लेकिन फुटपाथ दुकानदार सड़क किनारे ही ठेला लगाते हैं. इससे सड़क जाम हो जाता है. इसलिए, सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है. कई स्थायी दुकानदार अपनी दुकान के बाहर सड़क पर सामान रख कर बेचते पाए गए. वहीं, बीच शहर में कोयले के चूल्हे पर चाय बना कर बेचना भी गलत है, इससे प्रदूषण होता है. वहीं, बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकान चला रहे दुकानदारों को जुर्माना लगाया गया है.

**भुखमरी की कगार पर आ गए हैं छोटे दुकानदार**

फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि जब सड़क के किनारे ठेले लगाकर रोजी-रोटी के लिए दुकानदारी करते हैं, तो निगम की जेसीबी का डर सताता है. वहीं, सड़क से हट कर कहीं सामान बेचने जाते हैं, तो वहां भी नगर निगम की ओर पार्किंग शुल्क मांगा जाता हैं. ऐसे में हम छोटे दुकानदार भुखमरी की कगार पर आ गए हैं. इन दुकानदारों का यह भी कहना है कि नगर निगम न कभी नोटिस नहीं देता है और न ही जानकारी. जब मर्जी हुई, जेसीबी लेकर डराने के लिए धमक जाते हैं और मनमाना फाइन काटा जाता है.

# मुन्ना सिंह ने लोगों की समस्या सुनी, समाधान का भरोसा दिया



लोगों की समस्याओं से रू-ब-रू होते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह.

**संवाददाता। हजारीबाग**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शनिवार को अपने चानो स्थित आवास पर हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके उचित समाधान के लिए आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उसका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है. मुन्ना सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, बिजली तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अपनी समस्याओं को रखा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है. हम सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का प्रयास करेंगे. मौके पर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.

**ब्रीफ खबरें**

### जहरीले सांप के डंसने से मासूम की मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड की कपका पंचायत के बसरिया गांव में शुक्रवार की रात राजेश प्रसाद के आठ वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार को जहरीले सांप ने डंस लिया. इससे बच्चे की से मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करके सो गये थे. रात करीब 11 बजे बच्चे को करैत सांप ने डंस लिया. मासूम के रोने पर सभी सदस्य जग गये और आनन-फानन में उसे बरकट्ठा सीएचसी ले गए. डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### चलती कार पर गिरा पेड़ बाल-बाल बचे सवार



**चौपारण।** चौपारण-चतरा मार्ग पर देहर के समीप शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया. एक विशालकाय पेड़ चलती कार पर आ गिरा, जिससे कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. गनीमत रही कि अंदर बैठे किसी व्यक्ति को खरोंच तक नहीं आई. जानकरी के मुताबिक, बिहार के गया सिविल लाइन निवासी हरिकेश कुमार अपने पांच दोस्तों के साथ इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में पूजा कर वापस कार से लौट रहे थे. इसी बेढना देहर के समीप सड़क के किनारे एक बड़े पेड़ में आग लगी थी, जिसे काटने ग्रमीण तैयारी कर रहे थे. इससे पहले ही पेड़ अचानक सड़क पर गिरने लगी और कार को चपेट में ले लिया.

### अबुआ आवास का कार्य तेजी से करने का निर्देश

**केरेडारी।** प्रखंड अंतर्गत बेलतू एवं बरियातू में मनरेगा योजना बागवानी योजना में पिट खुदाई के अभियान की शुरुआत की गई. इस दौरान बीडीओ अमित कुमार ने सभी अबुआ आवास एवं बिरसा कूप योजनाओं का कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया. बताया कि केरेडारी प्रखंड में बिरसा हरित बागवानी के लिए 71 एकड़ जमीन का चयन किया चुका है. बागवानी हेतु इच्छुक लाभुक आवेदन कर सकते हैं. योजना से जुड़ कर लोग स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन सकते हैं. मौके पर प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी सुमन कुमार, बेलतू एवं बरियातू के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे.

### आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नेताओं की उछल-कूद शुरू

# चुनाव का समय करीब आते ही रंग बदलने लगे हैं नेताजी

- बरकट्ठा में चाचा-भतीजा की सियासत में पिस रही जनता
- बड़कागांव विस क्षेत्र में माता, पिता और पुत्री की सियासत
- सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को नेताजी पर विश्वास नहीं

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**



लोकसभा चुनाव संपन्न हुए अभी एक पखवाड़ा ही बीता है कि झारखंड के आगमी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है. झारखंड में चार माह बाद विधानसभा चुनाव होना है. हजारीबाग सदर विधानसभा और बरकट्ठा विधानसभा में व्याप्त अनगिनत समस्याओं के अब जुबानी समाधान का रास्ता अपना चुके कुछ राजनेता खूब उछल कूद कर रहे हैं. ये वही लोग हैं, जिन्हें आंदोलन व जुबानी बयानबाजी से रोटी सेंकने में महारत हासिल है.

इसमें एक चाचा और भतीजा साढ़े चाल साल से केवल जुबानी घोषणाओं की बदौलत लोगों को गुमराह कर अपना व अपने करीबियों का हित साधते रहे हैं. लगता है उन्हें अब अपनी सियासत की कुर्सी खिसकने का भान हो गया है. बरकट्ठा और सदर विधानसभा के सभी मुद्दों का समाधान करने का वे ऐसे दावा कर रहे हैं, जैसे उनके हाथ अलाउद्दीन का चिराग लग गया हो. चाहे बिजली पानी, सड़क, दिलाने की बात हो, या फिर नो इंट्री या समरूप मुआवजा नीति लागू करना, सब अपने सिर पर लेकर चुटकियों में समाधान कराने की बात की जा रही है.

मगर, नेताजी के दोहरे चरित्र के कारण ही उनकी जुबान पर किसी को भी यकीन नहीं होता है. लोगों की मानें, तो केवल अपनी जुबान चला कर ठेकेदार और कोल कंपनियों से अपनी सेटिंग करने में ये नेताजी बहुत ही माहिर हैं.

**बरकट्ठा विधानसभा**

लोकसभा चुनाव में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इचाक प्रखंड के लोटा डुमरोन गांव के लोगों ने गांव में मूलभूत सुविधा नहीं रहने के कारण वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी. हालांकि, जिला प्रशासन ने इन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की आश्वासन दिया था. इसके बाद ग्रामीण वोटिंग के लिए तैयार हुए थे. दूसरी ओर इचाक में ऐसे कई गांव हैं, जहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. लेकिन, नेताजी को इसकी कोई फिक्र नहीं है. अब चाचा जी ने पार्टी बदल ली, जबकि भतीजा ग्रामीणों को वादा पूरा करने का अश्वासन दे रहे हैं.

**सदर विधानसभा**

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में भी कुछ नेता ऐसे ही हैं. जब नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर चुंगी वसूली और पार्किंग के लिए टेंडर करवाया गया था, तो उस वक्त भी नेताजी खूब उछल कूद किए थे. वे आम जनता के बीच सुर्खियों में आना चाहते थे. इसलिए कभी प्रेस वार्ता कर आंदोलन करने की बात कहते थे, तो कभी चक्का जाम करते थे. नेताजी अखबारों की सुर्खियों में तो आ गये, मगर न आंदोलन हुआ और न नगर निगम की पार्किंग पर रोक लगी. और उक्त नेताजी भी आम जनता के साथ मिल कर नगर निगम को पार्किंग टैक्स दे रहे हैं.

**बड़कागांव विधानसभा**

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में माता, पिता और पुत्री की सियासत चलती आई है. इस क्षेत्र में रैयत कभी मुआवजे को लेकर आंदोलन करते हैं, तो कभी ट्रांसपोर्टिंग वाहनों से सड़क दुर्घटना में मौत के बाद धरना प्रदर्शन. इनके समर्थन में नेताजी भी पहुंचते हैं, पर कंपनी से अपनी कमीशनखोरी की सेटिंग कर वापस हो जाते हैं. वहीं, रैयतों को या तो आश्वासन दिया जाता है या फिर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है. यह सिलसिला कई वर्षों से क्षेत्र में चल रहा है, लेकिन नेताजी अपनी मौज में हैं. हालांकि, चुनाव नजदीक आते ही आंदोलन की चेतावनी दी जाती है.

### रामगढ़ में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए हजारीबाग के सांसद

# हमेशा जनता के बीच रहूंगा: मनीष

**संवाददाता। रामगढ़**

हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने प्रथम लोकसभा सत्र में जाने से पूर्व शनिवार को कई कार्यक्रमों में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में मतदाताओं के बीच पहुंच कर अपना सांसद चुनने के लिए आभार जताया. सर्वप्रथम मनीष जायसवाल रामगढ़ कैंट के बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में आयोजित रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स की 31वीं वार्षिक आमसभा में बतौर अतिथि शामिल हुए.

इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित व्यवसाइयों की समस्याओं से रूबरू हुए. उन्होंने समाधान की दिशा में हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया. इसके बाद वे बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी के झुग्गी-झोपड़ी पहुंचे. यहां बस्ती के लोगों से मिलकर सांसद ने उनकी समस्याएं सुनी और सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. यहां से निकलने के बाद सांसद बरकाकाना जंक्शन, बरकाकाना बाजार, घुटवा बाजार और गिद्दी पहुंचे. हर जगह उनका स्वागत किया गया. उन्होंने सभी जगहों पर स्थानीय लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और लोकसभा चुनाव में उन पर विश्वास जताने के लिए आभार जताया.

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चुनाव कैंपेन के दौरान जनता की शिकायत सुनी कि उम्मीदवार वोट मांगने तो आते हैं, चुनाव के बाद दर्शन नहीं देते हैं. लेकिन लोगों की उंगली पर मतदान केंद्र में लगे निशान के मिटने से पहले ही आपका सांसद आपके बीच है. उन्होंने यह भी कहा कि मैं आपके बीच नजर भी आऊंगा और आपकी छोटे से बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पहल भी करता रहूंगा.



हाथ जोड़ कर जनता का अभिवादन करते सांसद मनीष जायसवाल.

**क्षेत्रीय दौरा**

- चुनाव में विश्वास जताने के लिए जनता का आभार जताया
- कहा- समस्याओं के समाधान के लिए पहल करता रहूंगा

# सिरू और पोटमदगा पंचायत पहुंची ग्राम स्वराज यात्रा

**संवाददाता। रामगढ़**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में चौथे दिन दुलमी प्रखंड पहुंची. यहां सिरू व पोटमदगा पंचायत के सिरू तेलयातु, मदगी भालू, पोटमदगा, बगरई, हरहद आदि गांवों में जनसंपर्क किया गया. संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज को सशक्त बनाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से यह यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है. इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बताया जा रहा है. इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, आरिफ लिलेश्वर महतो, सपूत महतो, प्रेम प्रकाश गुप्ता, विनोद महतो, सुनील महतो, विवेक प्रजापति, यूसुफ, अलीम, मुजाहिद, दिगंबर गुप्ता, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली आदि मौजूद थे.

### मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम पर कार्यशाला

**रामगढ़।** जेएसएलपीए सखी मंडल की सदस्यों द्वारा शनिवार को जिले में मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम हेतु पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान सभी सदस्यों को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव, बचाव एवं रोकथाम की जानकारी दी गई. तत्पश्चात, जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. इसमें मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली हानियां व इसके लत से होने वाले नुकसान के संबंध में खासकर युवाओं को जागरूक किया गया.

# पहली बारिश में निर्माणाधीन वाटर प्लांट की बाउंड्री ढही



- निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने का आरोप
- ग्रामीण बोले- जल्दबाजी में जैसे-तैसे किया जा रहा काम

**संवाददाता। चौपारण**

सिंघरावा में नल-जल योजना के तहत डीवीसी से अधिकृत जमीन पर एसईपीसी लिमिटेड कंपनी द्वारा करोड़ों रुपयों से निर्मित वाटर सप्लाई प्लांट की चहारदीवारी पहली ही बारिश में ढह गयी. वहीं पर बन रहे कमरे के नीचे से मिट्टी निकालता देख ग्रामीण भड़क गए. वहां उपस्थित संदीप कुमार, उपेंद्र राणा, प्रकाश कुमार,दिलीप साव, नंदू साव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया.

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में सादा गिट्टी के साथ ईंट की जोड़ाई में सही तरीके से सीमेंट का प्रयोग नहीं गया है. बालू की मात्रा भी अधिक डाली जा रही है. युवा समाजसेवी हरेंद्र कुमार ने बताया कि एस्टीमेट के अनुरूप काम नहीं किया जा रहा है और निर्माण कार्य कर रहे कर्मियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है. निर्माण कार्य को देखने के लिए पीएचडी विभाग से कोई भी कर्मचारी साइट पर नहीं आते हैं और जल्दबाजी में जैसे-तैसे कार्य किया जा रहा है.

### गुरु हरगोविंद देव जी के प्रकाश उत्सव पर सजा विशेष दीवान

# आप इक रंग है आपे बहू अंगी...

**संवाददाता। रामगढ़**

गुरु हरगोविंद देव जी के प्रकाश उत्सव रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया. सुबह 7:30 बजे सहज पाठ संपन्न हुआ. इसके बाद 10:30 बजे से दोपहर दो बजे तक विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया. वहीं, रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने सिख इतिहास के बारे में जानकारी दी. तत्पश्चात पटियाला से आए हजूरी रागी भाई जसकरण सिंह ने अपने शबद गायन से संगत को निहाल किया.

मेरी पटिया लिख दो श्री गोपाल..., सबना का मां पियो आप हैं..., आप इक रंग है आपे बहू अंगी... जैसे शबद गायन से माहौल भक्तिमय हो गया था. रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह ने भी शबद गायन कर संगत को निहाल किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमित प्रधान, अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, कुजू गुरुद्वारा साहिब के पूर्व प्रधान रामदयालु सिंह चोपड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी, कुलवंत सिंह मारवाह, गुरजीत सिंह सलूजा, अनु कालरा, बन्नी गांधी, अनमोल सिंह, आनंद पुपिंदर सिंह, खंबे परमिंदर जैसल, हरप्रीत सिंह खालसा, मनमोहन सिंह लांबा, नरेंद्र सिंह चौहान, सतपाल सिंह सलूजा, मनप्रीत कौर, सतविंदर कौर सोनी, बलविंदर कौर, रविंदर कौर समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद थे.



रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में शबद गायन करते रागी जत्था.

**धार्मिक कार्यक्रम**

- रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में साढ़े तीन घंटे चला विशेष कीर्तन
- हजूरी रागी भाई जसकरण सिंह के शबद गायन से संगत निहाल

# अनियंत्रित कार 20 फीट गहरे गड्ढे में गिरी, तीन लोग घायल

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण के सियरकोनी टर्निंग में एक बलेनो कार बेकाबू हो कर सड़क से करीब 20 फिट नीचे खाई गिर गई. इस घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए. कार सवार दो लोगों को हल्की चोट आई है, जबकि कार चालक के सिर में चोट लगी है. घायलों में विजय कुमार (45), संतोष कुमार (40) और मुन्ना कुमार (42) शामिल हैं. तीनों बिहार के आरा जिले के भोजपुर के रहने वाले है.

ये लोग भोजपुर से बोलेनो कार पर सवार होकर रांची जा रहे थे. इसी क्रम में पीके होटल के समीप टर्निंग के पास सड़क पर बालू रहने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और पलट कर खाई में नीचे जा गिरी. दुर्घटना की जानकरी मिलने के बाद एनएचएआई एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाया. तीनों घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है.



गड्ढे में गिरी कार व स्थानीय लोग.

**सड़क दुर्घटना**

- बिहार के आरा जिले के रहनेवाले हैं तीनों घायल
- सियारकोनी में टर्निंग के दौरान बिगड़ा था संतुलन

**समीक्षा बैठक** स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# रेफर किये गये मरीजों का विशेष ध्यान रखें: चंदन कुमार

**संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी. सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने उपायुक्त को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी.

उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं विभिन्न परिस्थितियों में मरीजों को रेफर किए जाने संबंधित मामलों की जानकारी ली. उन्होंने सिविल सर्जन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को रेफर मरीजों का विशेष ध्यान रखने एवं कहीं से भी बिना किसी वैध कारण के मरीज को रेफर किए जाने संबंधित मामला सामने आने पर त्वरित कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

वहीं भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक के लिए लोगों को संबंधित मामलों की सूचना देने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी तरह की सूचना दी जाती है, तो उस पर जिला प्रशासन गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेगा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी.

**प्रभावी तरीके से आयुष्मान योजना का संचालन करें :** बैठक के दौरान उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की भी समीक्षा की. इस क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करने को कहा. उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करें. वहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते रामगढ़ डीसी चंदन कुमार.

**विभागीय कवायद**

- भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक के लिए लोगों को जागरूक करें
- बिना वैध कारण के मरीज को रेफर किया, तो होगी कार्रवाई

# आईसेक्ट के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर किया नुक्कड़ नाटक

**संवाददाता। हजारीबाग**

झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर परिसर में ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. नृत्य, गायन के साथ-साथ अन्य प्रस्तुतियों दी गयीं. नशा मुक्ति पर पेश किया गये नुक्कड़ नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा.

इस नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि किस तरीके से मादक पदार्थों के सेवन से हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है और कैसे हम अपनी काबिलियत को खोते चले जाते हैं. साथ ही नशा कैसे हमारे जीवन को बर्बाद कर देता है और कैसे हमें नशा से बचना चाहिए, इसका संदेश भी दिया गया. दर्शकों ने कहा कि ऐसे नुक्कड़ नाटकों को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी दिखाए जाने की जरूरत है. इससे खुद के साथ-साथ दूसरों को भी नशा करने से रोकने की भी सीख मिलेगी. कार्यक्रम के अंत में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया.

- मादक पदार्थों के सेवन से खुद को दूर रखने का दिया गया संदेश
- आईसेक्ट विवि के कुलसचिव ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित



नुक्कड़ नाटक करते आईसेक्ट दीनदयाल कौशल केंद्र के विद्यार्थी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाग्य बनाने के लिए समय उपयुक्त है. किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा.

**वृषभ** समय सामान्य है. कोई विवाद हो सकता है. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. अन्न का दान करें.

**मिथुन** समय सामान्य है. किसी नये कार्य का जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुराने झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**कर्क** शाम का समय उत्तम है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**सिंह** शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नता-वर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** मन में प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा, पर सोच विचार कर ही करें.

**तुला** अपनों के कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकती है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है.

**वृश्चिक** विद्यार्थी शिक्षा में सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम फल प्रदान करेगा. संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी.

**मकर** खर्च में वृद्धि होगा. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. अन्न दान करें.

**कुंभ** समय सामान्य है. उतावले पन में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है.

**मीन** समय बहुत ही उत्तम है. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आय के लिए समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ से मन प्रसन्न रहेगा.

## छह सदस्यीय टीम की हुई घोषणा

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नयी दिल्ली और हरियाणा एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 30 जून तक हरियाणा के पंचकूला में 63वीं राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन होना है. इसके लिए छह सदस्यीय झारखंड एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें चार महिला और दो पुरुष प्लेयर्स शामिल हैं. झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी एथलीटों को शुभकामनाएं दी हैं.

**महिला वर्ग :** संघमित्रा महथा (गिरिडीह)- 5,000 और 10,000 मीटर. बसंती कुमारी (पश्चिमी सिंहभूम)- 5,000 और 10,000 मीटर.
**प्रियंका केरकेट्टा (रांची)-** लंबी कूद. विधि रावल (पूर्वी सिंहभूम)-400 मीटर.
**पुरुष वर्ग :** जसपाल सिंह (रामगढ़)- 20 किलोमीटर पैदल चाल. रामानंद सिंह (देवघर)-शॉटपुट.

## भर्ती कैंप में 38 अभ्यर्थियों का चयन

**खूंटी।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर में शनिवार को भर्ती कैंप का आयोजन किया गया. इसमें आरएसएस सिक्यूरिटी सर्विसेज रांची, एनडीए एक्वा एम्यूजमेंट पार्क बेलाहाथी खूंटी ने भाग लिया. नियोजकों द्वारा 186 रिक्तियां प्राप्त हुई थी. भर्ती कैंप में 125 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 56 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया और 38 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया. मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी खूंटी, नियोजक प्रतिनिधि एवं नियोजनालय कर्मी उपस्थित थे.

## स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार करने पर फोकस

**रांची ।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था पाथ ने नामुकम स्थित टीबी सेल के सभागार में शहरी इलाकों में पार्टिसिपेटरी गवर्नेंस मॉडल लागू करने को लेकर शुक्रवार को प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया. मॉडल को पायलट प्रोजेक्ट के तहत बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र में लागू करने की प्रक्रिया चल रही है. मामले को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल मांझी और समुदाय उत्प्रेरण कोषांग प्रभारी डॉ कमलेश ने पाथ के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिये. डॉ मांझी ने कहा कि बोकारो जिले के इंडस्ट्रियल एरिया के कैचमेंट एरिया पर भी ध्यान देने की जरूरत है.

### समापन समारोह आज, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे शामिल

# धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का 14वां महासम्मेलन शुरू

**संवाददाता। घाटशिला**

सिदो-कान्हू मुर्मू फुटबॉल मैदान पावड़ा में माझी परगना माहाल धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का दो दिवसीय 14वां महासम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ. देश पारगाना बाबा बैजू मुर्मू ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. विधिवत पूजा अर्चना करते हुए महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया. इस मौके पर देश पारगाना बाबा का स्वागत किया गया. माहाल की प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रानिक बाबा मधु सोरेन और लेखा जोखा पंचानन सोरेन ने दिया. माहाल के उद्देश्य पर दुर्गा चरण मुर्मू ने विस्तार से अपनी बातें रखीं. तत्पश्चात पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति रिवाज, धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, रोजगार समाज में महिलाओं को सम्मान, भागीदारी एवं जिम्मेदारी तथा समाज में युवाओं की भागीदारी पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये. डेलिगेशन मीटिंग में संताल परगना के जामताड़ा, दुमका, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, रायरंगपुर, कोल्हान के सभी जिलों से समाज के माझी पारगाना व सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### डेलिगेट्स सेशन आज भी होगा

रविवार सुबह पुनः डेलिगेट्स सेशन आरंभ होगा एवं सम्मेलन का समापन समारोह 2 बजे से होगा. इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे. सेशन में मुख्य रूप से डॉ. जुझार सोरेन, सिविल सर्जन, शंकर मार्डी, अर्थॉरिटी ऑफ़ इंडिया, एक्स जी एम, लेदेम किस्कू, पारगाना बाबा दसमत हांसदा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद टुडू, छोटा भुजंग टुडू, सुमित्रा सोरेन, कुशल हांदसा, डॉ जतिंद्र नाथ बेसरा, धार्मा मुर्मू, सफल मुर्मू ,बिंदे सोरेन ने अपना वक्तव्य दिया मौके पर सुनिल मुर्मू, नवीन मुर्मू, लखन मार्डी, मानिक मुर्मू, रमेश मुर्मू, भूजंग टुडू, मार्शल मुर्मू, बिंदे सोरेन, प्रोफेसर श्याम सुंदर मुर्मू, सेन बासु हांसदा आदि ने योगदान दिया, साथ ही कोल्हान के सभी परगना बाबा माझी बाबा एवं समाज के हजारों प्रतिनिधि शामिल थे.



धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के महासम्मेलन के उद्घाटन के दौरान मंच पर मौजूद गणमान्य सदस्य.

### आईपीएस अफसरों को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

# क्रिमिनल केस के आईओ को अब जुटाना होगा डिजिटल साक्ष्य

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड पुलिस के आईपीएस अफसरों को ऑफलाइन माध्यम से नए क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी दी गई. इसको लेकर शनिवार को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नए क्रिमिनल लॉ के लागू होने के बाद, आपराधिक मामले में केस के आईओ को घटनास्थल पर जाना अनिवार्य होगा. घटनास्थल की फोटो लेने के साथ ही डिजिटल साक्ष्य भी जुटाना होगा, ताकि आरोपियों के खिलाफ मजबूत सबूत जुटाया जा सके. गौरतलब है कि नए क्रिमिनल लॉ को लेकर बीते 18 जून को गृह सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी. गृह सचिव ने एसपी और उसके ऊपर रैंक के अधिकारियों के लिए नए क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा था. उसी के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में डीजीपी के अलावा सभी एसपी, डीआईजी, आईजी, एडीजी रैंक के अधिकारी शरीक हुए. जिले के एसपी अपने जूनियर अफसरों को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी देंगे.



प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में आयोजित कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी

### नए लॉ लागू होने के बाद यह होगा बदलाव

नया क्रिमिनल लॉ लागू होने के बाद कई बदलाव होंगे. हत्या की धारा को 302 के नाम से जाना जाता था, जिसकी जगह अब हत्या का मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 103 के तहत दर्ज होगा. इसी तरह हत्या के प्रयास के लिए धारा 307 की जगह धारा 109, मारपीट के लिए 323 की जगह 115, छेड़छाड़ के लिए 354बी की जगह 74, पीछा करने के लिए 354 की जगह 78, नाबालिग के अपहरण में धारा 363 की जगह 139 और दुष्कर्म मामले में धारा 376 की जगह 64 के तहत मामला दर्ज होगा.

### एक जुलाई से लागू होंगे तीनों नए क्रिमिनल लॉ

केंद्र सरकार की अधिसूचना के आनुसार, तीनों नए क्रिमिनल लॉ एक जुलाई लागू हो जाएंगे. तीनों नए आपराधिक कानून आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे. इनका नाम भारतीय न्याय संहिता होगा. तीनों नए कानूनों को दिसंबर में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गई थी. इनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है. नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को बदलना है. इससे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से छुटकारा मिलेगा. बीएनएस में राजद्रोह के अपराध को समाप्त कर देशद्रोह में बदल दिया गया है.

- तीनों नए कानूनों को दिसंबर में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गई थी.

### मैनहर्ट घोटाला: फैसला सुरक्षित

# सरयू राय की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी




**लीगल रिपोर्टर। रांची**

झारखंड के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय की ओर से मैनहर्ट घोटाले की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर शनिवार को सुनवाई पूरी हो गई है. केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब इस मामले में सबकी निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी हैं. विधायक सरयू राय विधानसभा में भी 'मैनहर्ट घाटोले को लेकर मामला उठा चुके हैं.

विधायक सरयू राय ने बताया कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद रांची के कुछ समाजसेवियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसमें कोर्ट ने 2003 में अहम आदेश दिया है. इसमें राज्य सरकार को राजधानी रांची में भी सिवरेज-ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए कहा गया था. उस आदेश के बाद तत्कालीन नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के आदेश पर परामर्शी बहाल करने के लिए टेंडर निकाल कर दो परामर्शियों का चयन किया गया. इस बीच सरकार बदल गई. वर्ष 2005 में अर्जुन मुंडा सरकार में नगर विकास मंत्री रहे रघुवर दास ने डीपीआर फाइनल करने के लिए 31 अगस्त 2005 को बैठक बुलाई. बैठक में फैसला लिया गया कि पहले से चयनित परामर्शी को हटा दिया जाए. बाद में ये मामला हाईकोर्ट में चला गया. आरोपों के मुताबिक इस पर करीब 21 करोड़ रुपये खर्च हुए, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ. इसकी जांच भी कराई गई, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. राजधानी रांची में सिवरेज-ड्रेनेज निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने के लिए मैनहर्ट को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमतता का आरोप है.

# दो वर्ष बाद भी मुरूमातू के महादलितों को नहीं बसाया गया: राधाकृष्ण किशोर



पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर व अन्य.

**संवाददाता। पलामू**

- 29 अगस्त 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके कच्चे मकान को गिरा कर परिवार के लोगों को जबरन गाड़ी में बैठाकर लोटो जंगल में छोड़ दिया था

जिले के पांडु थाना क्षेत्र के मुरूमातु गांव के महादलित मुसहर परिवार को अभी तक पुनर्वासित नहीं किया जा चुका है. तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुसार विगत पांच वर्षों से मुसहर परिवार के सदस्य मुरूमातु गांव के खाता सं. 44, प्लॉट सं.-437 में मकान बनाकर रहते आ रहे थे. 29 अगस्त 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उनके कच्चे मकान को गिरा कर परिवार के लोगों को जबरन गाड़ी में बैठाकर लोटो जंगल में छोड़ दिया गया था. असामाजिक तत्वों का यह अमानवीय कृत्य था. उक्त बातें पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कही. शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे.

इस मामले में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने पांडु थाना में प्राथमिकी (सं.-69/22) दर्ज कराते हुए कहा है कि धर्मदेव यादव व अन्य व्यक्तियों के द्वारा ग्राम नेवरी में सरकारी अम्बेडर आवास नहीं बनने दिया जा रहा है तथा मुसहर-मुसलमान के बीच विवाद उत्पन्न कर अशांति फैलायी जा रही है. प्रश्न यह उठता है कि जब अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार मुरूमातु गांव के खाता-44, प्लॉट-434 किमी धर्म-समुदाय या व्यक्ति के नाम से बंदोबस्त नहीं है तब प्राथमिकी में मुसहर-मुसलमान के बीच शांति भंग करने का क्या औचित्य है? क्या यह तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, पांडु के द्वारा मुसहर-मुसलमान के बीच विवाद बढ़ाने की साजिश तो नहीं है?

## निर्वाचन व्यय की फाइनल जांच 29 जून को होगी: उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसमें अभ्यर्थी-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के पदाधिकारी, कर्मी और 11-खूंटी (अजजा) के सहायक लेखा व्यय प्रेक्षक, लेखादल उपस्थित हुए. मौके पर निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रपत्र में व्यय का ब्योरा किस तरह से प्रविष्ट किया जाना है. इस संबंध में जानकारी दी गई. मौके पर उपायुक्त ने बताया गया कि 29 जून को निर्वाचन व्यय की फाइनल जांच की जाएगी. उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधित व्ययों के वाउचर आदि की ऑरिजनल कॉपी 29 जून से पूर्व जमा कर दें. उन्होंने कहा की सभी संबंधित व्यय ब्योरा का मिलान कराना सुनिश्चित करेंगे.



### केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी पहुंचीं गिरिडीह

# केंद्रीय मंत्री का किया गया भव्य स्वागत



- आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा
- भारत सरकार की जो भी योजनाएं आ रही हैं उसे धरातल तक पहुंचाना होगा

**संवाददाता। कोडरमा**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के गिरिडीह से कोडरमा जाने के क्रम में बारियारडीह व नवलशाही चौक पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. मंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया और जीत दिलाने के लिए लोगों का आभार जताया. मंत्री ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता को नमन करते हैं, जिन्होंने उन्हें दूसरी बार प्रतिनिधित्व का मौका दिया. साथ ही राष्ट्रीय नेताओं और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने उन्हें एक महत्वपूर्ण मंत्रालय का दायित्व उन्हें दिया है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार की जो भी योजनाएं आ रही हैं उसे धरातल तक पहुंचाने और इसका लाभ एक एक व्यक्ति को मिले तथा जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मैं लगातार प्रयासरत रहूंगी. आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा.

इस मौके पर वरीय नेता रमेश सिंह, प्रणव वर्मा, जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष विजय यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. इधर, अन्नपूर्णा देवी के आगमन पर अबरख बहुल क्षेत्र के गांवों में बाल मित्र ग्राम सह बाल श्रम मुक्त अबरख अभियान के बच्चों ने झुमरीतिलैया के चाराडीह स्थित मंत्री आवास पर जाकर उन्हें महिला एवं बाल विकास मंत्री बनने की शुभकामनाएं दी. बच्चों ने अपने हाथों से बनाये ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर कार्ड एवं फ़ोटो फ्रेम भी मंत्री को भेंट किया. इस अवसर पर बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव भी मौजूद रहीं.

**समापन** खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह आईजी राजकुमार लकड़ा ने पुरस्कार बांटे

# जैप 1 बना सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद में चैंपियन

**खेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का शनिवार को समापन हुआ. जैप 2 टाटीसिलवे में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जैप पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा मौजूद रहे. उन्होंने सभी स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया. जैप 1 सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बना.

प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में जैप, आईआरबी, एसएसआरबी, एसआईएसएफ के करीब 1500 पुलिस कर्मी (खिलाड़ी), लगभग 50 तकनीकी पदाधिकारी तथा टीम प्रबंधक ने भाग लिया. प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैंडमिंटन, टेबल टेनिस समेत 26 खेल स्पर्धाओं में पुरुष एवं महिला पुलिस ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का आयोजन जैप1, 2, 10 एवं मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार में किया गया था. समापन समारोह में कमांडेंट जैप 2 सरोजनी लकड़ा, कमांडेंट जैप गोविन्दपुर घनबाद अम्बर लकड़ा, जैप 4 कमांडेंट मुकेश कुमार, एसआईआरबी-2 कमांडेंट एमेल्डा एक्का, अविनाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक जैप 2, आलोक कुमार टूटी ,पुलिस उपाधीक्षक जैप 2, नूर मुस्तफा, पुलिस उपाधीक्षक जैप 1, सभी वाहिनियों के टीम प्रबंधक, टीम मैनेजर, पुलिस पदाधिकारी, वाहिनी के कर्मियों के परिजन उपस्थित थे.



विजयी टीम को चैंपियन्स ट्रॉफी देते आईजी राजकुमार लकड़ा व अन्य.

### सांसद विष्णु दयाल राम ने मुख्य सचिव को पत्र लिख कर दी जानकारी

# एक दशक से अधूरी पड़ी हैं 17 सड़कें

**संवाददाता। पलामू**

एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच के कारण पिछले एक दशक से पलामू के नक्सल प्रभावित इलाकों की 17 सड़कें अधूरी पड़ी हैं. सड़कों का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों के लिए आफत बन गई है. सभी सड़कों से 140 से भी अधिक गांवों को जोड़ती है. सबसे अधिक सड़क पाटन में 9, उसके बाद छतरपुर एवं चैनपुर में तीन-तीन एवं विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में 2 सड़कें शामिल हैं. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 17 रोड का निर्माण कार्य चल रहा था. रोड के निर्माण में गड़बड़ी पकड़ी गई थी और लागत से अधिक निर्माण कार्य का भुगतान किया गया था. मामले में 2014 में पलामू के पाटन, छतरपुर, विश्रामपुर और चैनपुर थाना में अलग-अलग 11 एफआईआर दर्ज की गई थी. बाद में सरकार ने सभी एफआईआर को 2017 में एसीबी जांच के लिए अनुशंसा की गई थी. 2017 में एसीबी ने सभी 11 एफआईआर को टेकओवर किया था और जांच शुरू की थी.

पलामू के पाटन के कांके से सुठा रोड 1.19 करोड़, ब्रहमोरिया से नावाडीह रोड में 4.61 करोड़, बिटी रोड से कवल 74.46 लाख, छतरपुर के टीओपी से डागरा रोड 3.75 करोड़, पाटन पड़वा रोड 1.10 करोड़, मायापुर नावाडीह रोड 77.31 लाख, बिरजा से जमडीहा 46.83 लाख, गोदरमा से नावागढ़ 53 लाख, रामगढ़ से दिनाबार 3.39 करोड़, बरांव से ओड़नार 42.83 लाख, बिटी रोड गम्हरिया 9.12 लाख रुपए लागत से अधिक भुगतान किया गया था. इसके अलावा सिक्की कला से सिक्की खुर्द, गहरपथरा रोड नया, महुलिया रोड, पकरी राजहरा रोड, मानआहर से मझिआव रोड में गड़बड़ी पकड़ी गई थी. पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पूरे मामले में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. इस पत्र के माध्यम से पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दोषियों के खिलाफ अनुसंधान जारी रखने के साथ-साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया है.

शुभम संदेश
रांची, रविवार 23 जून, 2024 

# ऊपर-ऊपर मंडराता है, जल बरसाता नहीं घना रे!



कविता कलम


डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**जो** रूठा था सो मान गया, सुन ली जिसने सबकी पुकार. कहते हैं वह आनेवाला, सबको उसका है इंतजार. पर पता नहीं कब आयेगा, नभ में बादल घहरायेगा, फिर उमड़-घुमड़ कर धरती पर वह अमिय बूंद बरसायेगा. उसके आने का कार्यक्रम जाने कैसे टल जाता है. मजबूत भरोसे का सूरज पथ तकते ही ढल जाता है. जब तक वह पास नहीं आता, तबतक धीरज धरना होगा. जब तक वह पास नहीं आता, बस इंतजार करना होगा. वह कौन है, जिसकी लिए ऐसी विकल पुकार है, जिसकी इतनी बेसब्री से इंतजार है? वह मानसुन है. जो मान ले, जो सुन ले, वह मानसुन है. मानसुन के पास मेघों का अंबार है, बूंदों की धार है, सावन की फुहार है. जेठ की गर्मी जब निठुरता पूर्वक सताती है, तन से लेकर मन तक को झुलसाती है तो मानसुन ही है, जिसके आने की खबर मात्र ही शीतलता पहुंचाती है. आकाश में घहरानेवाले बादल कहते हैं कि मानसुन आनेवाला है, लेकिन अभी तक आया नहीं है. तब धरतीवासियों के साथ बादल हंसी-ठिठोली कर रहे हैं. आकाश में बादल छाते हैं, ऊपर-ऊपर मंडराते हैं कुछ आस जगाकर धरती पर फिर जहां-तहां छिप जाते हैं. बादलों की यह आंख मिचौली अब सबको खटकने लगी है. ऐसे में स्वनाम धन्य मूर्धन्य कवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की यह कविता मानस में मुखरित हो जाती है-उतर रेत में आक जवासा भरे खेत में, पागल बादल शून्य गगन में व्यर्थ मगन मंडलाता है. इतराता इतने सूखे गर्जन-तर्जन पर झूम-झूम कर निर्जन में क्या गाता है. आचार्य जी की ही तरह हिंदी, संस्कृत एवं अन्य भाषा के कवियों में भी मानसुन और पावस को लेकर ऐसे ही भाव उठते रहे हैं. वर्तमान में रांची के कवि **मनोज कुमार झा 'मनु'** के मन में बादलों को लेकर कुछ ऐसी शिकायतें हैं. इनकी कविता का शीर्षक है-ऊपर-ऊपर मंडराता है.




ऊपर-ऊपर मंडराता है, जल बरसाता नहीं, घना रे!
मन जीवों का घबराता है, किसने तुमको किया मना रे?
जंगल-जंगल उजड़ रहे हैं, भू पर मौसम बिगड़ रहे हैं,
उर्वर खेतों में भी अब तो, कंकरीट-घर पसर रहे हैं.
नीड़ कहां पंछी अब डारें, बरगद, पीपल, नीम फ़ना, रे!
जल बरसाता नहीं, घना रे! छांव-बिना है विकल पथिक वह,
दिखता पथ में पेड़ नहीं है; नंगे तन ही रोता पर्वत,
शीतल पवन-थपेड़ नहीं है. झुलस रही काया धरती की,
'पछुआ'में है अनल सना, रे! जल बरसाता नहीं, घना रे!
कृषक करें अब खेती कैसे? कैसे फसलें लहरायेंगी?
सूख गये जलस्रोत, विटप-बिन- पावस कैसे बरसायेगी?
बिन-रिमझिम घन नहीं सुहाते, मोर-नृत्य-संगीत-बिना, रे!
जल बरसाता नहीं, घना रे! बंजर होती उर्वर धरती,
दीर्घ दाघ की मारामारी; दूर वनों में बादल फटते,
मृत्यु-कहर औ' फिर बीमारी. भोगी मानव की मदहोशी,
अतिशय दोहन, मृगछलना रे! जल बरसाता नहीं, घना रे!

निस्संदेह कवियों के लिए पावस ऋतु अत्यंत प्रिय होती है. वर्षा आती है तो यह सबके मन को भाती है, लेकिन कवियों को विशेष रूप से गुदगुदाती है. इसलिए पावस के गुणगान करते कविगण अघाते नहीं हैं. हिंदी साहित्य के मील स्तंभ कवि **सुमित्रानंदन पंत** की इस रचना का उल्लेख करने से मैं स्वयं को रोक नहीं पा रहा हूं. इसलिए प्रस्तुत करता हूं पंत जी की यह रचना-



पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश.
मेखलाकर पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
-जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण सा फैला है विशाल!
गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों सी सुन्दर
झरते हैं झाग भरे निर्झर!
गिरिवर के उर से उठ-उठ कर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
है झांक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंता पर.

पंत जी सहित हिंदी साहित्य के समस्त आधार स्तंभ कवियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं. इन्होंने जो मशाल जलाया है, वह युगों युगों तक जलता रहेगा और अनंत भविष्य तक भावी पीढ़ियों के लिए सृजन का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा. उन्हीं की मशाल ज्योति से आलोकित मार्ग पर चलते हुए आज के कविगण भी साहित्य का सृजन कर रहे हैं. उनकी रचना के विषय ऐसे होते हैं, जिसपर लोगों का ध्यान बहुत कम ही जा पाता है. एक ऐसा ही विषय है तिनका, जिसे हर कोई तुच्छ ही मानता है, लेकिन एक तिनका भी तुच्छ नहीं होता. उसमें कितनी शक्ति है, यह तब समझ में जाता है, जब वही तिनका उड़कर आंख में पड़ जाता है. रांची की कवयित्री **निर्मला कर्ण** अपनी रचना में एक तिनके की महत्ता पर इस प्रकार विचार करती हैं.



मैं हूं एक तिनका तुम्हारे लिए व्यर्थ
मैं नहीं समझती अपने को व्यर्थ बेकार
मैं हूं प्रकृति का दिया सभी जीव के
निमित्त एक अनमोल अप्रतिम उपहार.
मुझ में है शक्ति महादेव सी
हां हूं मैं स्वयंभू किसी ने मेरे लिए
किया क्या थोड़ा भी प्रयास
ना खाद ना पानी, मैं जन्मी अनायास.
मेरे कोमल कलेवर को देख मानव ने
दौड़ लगाकर नयन ज्योति बढ़ाई
अन्य जीवों का बनी मैं भोजन
मुझे खाकर सबने अपनी क्षुधा मिटाई.
मैं हूं गणपति के वाहन का भी भोजन
तभी तो तुम मुझे चुनते सप्रयोजन
और गणपति को प्रसन्न करने को
करते प्रतिदिन उन्हें दूर्वा अर्पण.
बेटियों बहुओं की गोद भराई मेरे बिन
कहां हो पाती दूर्वा है उन को आशीष
बेटों को भी तो शगुन में धान के साथ
दूर्वा मिलाकर रखते हो उनके शीश.
मैं तो रक्षक भ्राता बन जगजननी
सीता की भी बनी थी परम सनेही
तभी तो रावण के साथ भी मेरी
ओटकर वार्ता कर पाई थी वैदेही.
अपनी जीवन लीला की समाप्ति
पर भी नहीं होती मैं व्यर्थ बेकार
सूखे तृण से ही तो चिड़िया करती
है अपने लिए मनभावन नीड़ तैयार
मैं हूं एक उपदेश मानवता के लिए
जब अकिञ्चन तृण का है इतना महत्व
मानव कैसे हो सकता कमजोर लाचार
मानव तो ईश्वर का है विशेष कृतित्व.
धरा पर प्राणी मात्र का है विशेष महत्व
कोई जीव नहीं है व्यर्थ अकिञ्चन बेकार
एक विशेष कार्य हेतु मानव पशु पक्षी
सबको ईश्वर ने है धरा पर दिया अवतार.
मुझसा बनो पद दलित अकिञ्चन
फिर भी सभी के लिये महत्वपूर्ण
बहुत पुण्य से मिला मानव जीव इसको
समर्पित करो मानवता को सर्वथा संपूर्ण

निर्मला जी ने पते की बात कही. तिनका ही क्यों न हो, कोई तुच्छ नहीं होता. तिनका अकिंचन भले ही हो, लेकिन उसका भी लोकजीवन में महत्वपूर्ण स्थान है. एक संदेश भी देती हैं कि एक तिनका जब इतना महत्वपूर्ण है तो फिर एक मानव महत्वहीन कैसे हो सकता है. सबमें अपार शक्ति है, उसे पहचानने की आवश्यकता होती है. यदि कोई अपनी शक्ति को पहचान लेता है तो वह किसी भी स्थिति में लाचार नहीं हो सकता. ईश्वर करें संसार के सभी लोग सक्षम हों, समर्थ हों, समृद्ध हों, उपकारी हों. एक दूसरे के महत्व को समझें, प्रत्येक व्यक्ति केवल दूसरों की सुख-सुविधाओं की चिंता करे. सभी सुखी रहें, संपन्न रहें. इसी कामना के साथ आज्ञा चाहता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!



## खटमल-मच्छर-युद्ध

'काका' वेटिंग रूम में फंसे देहरादून.
नींद न आई रात भर, मच्छर चूसें खून..
मच्छर चूसें खून, देह घायल कर डाली.
हमें उड़ा ले ज़ाने की योजना बना ली..
किंतु बच गए कैसे, यह बतलाएं तुमको .
नीचे खटमल जी ने पकड़ रखा था हमको..

हुई विकट रस्साकशी, थके नहीं रणधीर.
ऊपर मच्छर खींचते नीचे खटमल वीर..
नीचे खटमल वीर, जान संकट में आई.
घिघियाए हम- जै जै जै हनुमान गुसाईं..
पंजाबी सरदार एक बोला चिल्लाके.
त्वाणूँ पजन करना होवे तो करो बाहर जाके..

- काका हाथरसी

# भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**भारत** आज दुनिया का एक अति विकसित एवं प्रभावशाली आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण देश बनने के कगार पर है. पर इस महत्वपूर्ण मोड़ पर भी एक विशाल चुनौती खड़ी है. यह चुनौती है सामाजिक जीवन में भ्रष्टाचार की ! सालों की मेहनत के बाद छात्र-छात्राएं जब अपने जीवन की दिशा का निर्धारण करने के लिए परीक्षाओं में प्रतिभागी बनते हैं तो एक बहुत विराट सपना लेकर. फिर उन्हें पता चलता है कि परीक्षा का प्रश्नपत्र तो पहले ही लीक हो गया और इसमें अरबों का सौदा हो गया. भारत भले ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था न बने पर इतना अवश्य है कि परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में हम दुनिया भर में अव्वल हैं! प्रायः दुनिया के किसी देश में परीक्षाओं में इतने घोटाले नहीं हुए होंगे. बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल इत्यादि अनगिनत प्रदेशों में प्रवेश परीक्षाओं में, नियुक्तियों में घोटाले और फिर मुकदमा! अब तो इतनी ज्यादा संख्या में परीक्षाओं में पेपर लीक हो चुके हैं कि भारतीय प्रबंधन संस्थानों को इस विषय पर शोध करवाना पड़ेगा. संभव है कि जैसे मुम्बई के डब्बावालों को व्याख्यान देने के लिये हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल में आमंत्रित किया गया था वैसे ही इन 'लीक -प्रबंधन' के मुख्य संचालन कर्ता को दुनिया के शीर्ष प्रबंधन संस्थान प्रवचन के लिए आमंत्रित करें! आखिर यह भी तो कई हज़ार करोड़ का व्यवसाय है और कोचिंग संस्थानों को जोड़ लें तो कई लाख करोड़ का व्यवसाय होगा और देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उसकी भी भूमिका मानी जाएगी! मैंने किसी अफ्रीकी देश के बारे में पढ़ा था कि वहां भाड़े के सैनिक को पूरी दुनिया के लोग उपयोग के लिए लेते हैं और वहां की सरकार उनकी उन सैनिकों की आय से मोटा टैक्स लेती है. क्या हमारे देश की व्यवस्था उसी ओर जा रही है? विभिन्न राजनीतिक दल के लोग एक दूसरे पर इस लीक से सम्बद्ध होने का दोषारोपण कर रहे हैं पर आम नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को तो ऐसा ही लग रहा कि इस खेल में भी सभी राजनैतिक दल के लोग मिले हुए हैं!

हमारे देश की व्यवस्था में एक और विशिष्टता है स्कूल में एडमिशन, फीस, अस्पताल में इलाज, कॉलेज में एडमिशन, नौकरी, तकनीकी संस्थानों में प्रवेश और नौकरी इत्यादि कोई भी प्रक्रिया बिना न्यायालय के दखल के पूरी नहीं होती. आखिर पूरी की पूरी कार्यपालिका इतनी पंगु क्यों हो गयी है कि बिना न्यायालय के चाबुक के अड़ियल प्रशासन का घोड़ा बढ़ता ही नहीं. इस तरह से अयोग्य लोग यदि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पा भी गए तो उनसे कैसी चिकित्सा की उम्मीद रखते हैं? या फिर विश्व के मानव अंगों की तस्करी हेतु योग्य पात्रों को सुनियोजित ढंग से तैयार किया जा रहा है. वह व्यवसाय भी तो खरबों डॉलर का है! कभी कभी एक आतंक सा महसूस होता है जब अर्थतंत्र के विशाल जबड़े को देखकर लगता है कि सब कुछ छीनने के बाद अब उसकी नज़र मानव अंगों पर ही है ! यह मात्र एक छोटा सा पेपर लीक नहीं, विशाल षड्यंत्र का एक छोटा हिस्सा लगता है!

# वैशाली का मोक्षदायिनी घाट : कौनहारा



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय




**नारायण** के नाम को धारण करने वाली पतितोद्धारिणी गंगा और गंडकी नदी के पावन संगम की भूमि है-कोनहारा घाट. सदानीरा का पूर्वी तट गज-ग्राह की रंग स्थली और हाजीपुर भूखंड का रम्य क्षेत्र है-कोनहारा घाट. आज मैं अपने पाठकों को इसी कोनहारा घाट के पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बताना चाहता हूं. जनश्रुति है कि यहां कभी घोर जंगल कदली वनों में गजों का निवास हुआ करता था. साथ ही उक्त घाट (कोनहारा घाट) की नारायणी जल में ग्राहों का निवास था. कोनहारा घाट के संदर्भ में यह सर्वविदित है कि किसी कार्तिक मास की पूर्णिमा की चांदनी रात में जल क्रीड़ा करते हुए किसी गजेन्द्र के पैरों को किसी ग्राह ने अपने वज्र तुल्य जबड़ों में जकड़ लिया था. दोनों ओर से खींचतान होने लगी.कहा जाता है कि गज और ग्राह का यह युद्ध हजार वर्षों तक चला. मगर हार जीत का फैसला न हो सका. वह मगर कोई मामूली मगर नहीं था, वरन् गंधर्वराज हूहू देवल ऋषि के शाप से ग्राह बन गये थे. राजा सुद्युम्न अगस्त्य ऋषि को अभ्युदय न दे सके. इस कारण उन्हें शाप मिला और फलस्वरूप उन्हें हाथी की योनि में जन्म लेना पड़ा. अतः गजेन्द्र जब तक गये, तब उन्होंने कमलापति भगवान विष्णु को आर्त स्वर में पुकारा. भगवान् का अवतार हुआ. अपने चक्र सुदर्शन से ग्राह का वध किया और वह शाप मुक्त होकर फिर गंधर्व बन गया. गजेन्द्र का उद्धार हुआ. यह घटना श्रीमद्भागवत महापुराण में गजेंद्र मोक्ष के नाम से प्रसिद्ध है. आधुनिक युग के ब्रजभाषा के सबसे बड़े महाकवि जगन्नाथ दास रत्नाकर ने गजेन्द्र मोक्ष की इस पौराणिक घटना का बड़ा ही सरस वर्णन एक सवैया में किया हैः-

रमत रमा के संग आनंद उमंग भरे,
अंग परे थहरि मतंग अवराधै पै.
कहैं रतनाकर बदन दुति और भई,
बूंदैं छईं छलकि दृगनि नेह नाधै पैं.
धाए उठि, बार न उबारन मैं लाई नैकु,
चंचला हूं चकित रही है वेग साधै पैं.
आवत वितुंड की पुकार मग आधै मिलि,
लौटते मिल्यौं त्यौं पच्छिराज मग आधै पैं.


कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर कौनहारा घाट पर प्रेतों का मेला लगता है, जिसमें आस्था और अंधविश्वास के अनुष्ठान की अनोखी तस्वीर देखने को मिलती है. हाजीपुर के कौनहारा घाट पर पूरे बड़े-बड़े तांत्रिक पहुंचते हैं, जो भूत खेला और आस्था से जुड़ी अनोखी अनुष्ठान करते हैं. लोगों की इस अंधविश्वास से जुड़ी कई मान्यताएं भी हैं. हर साल लोग यहां आते हैं और इस तरह का अनुष्ठान करते हैं. कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर तांत्रिक बुरी आत्माओं को शुद्ध करते हैं. इस दौरान पूरी रात भूत प्रेत से जुड़ी अनुष्ठान चलता है. कौनहारा घाट पर मौजूद तांत्रिक का दावा है कि कार्तिक पूर्णिमा में गंगा स्नान कराकर नई भक्त को सिद्ध किया जाता है. तांत्रिक कहते हैं कि अकाल मृत्यु में मरे हुए लोगों की आत्माओं को सिद्ध किया जाता है. कार्तिक पूर्णिमा पर अनुष्ठान से लोग बिना इलाज कराए ही स्वस्थ हो जाते हैं. जनश्रुति के अनुसार यह घटना बिहार प्रांत के वैशाली (हाजीपुर)के निकट सोनपुर में हुई थी. श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार इस अवतार की स्मृति में यहां हरिहरनाथ का पावन मंदिर है, जहां प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन भारत का सबसे बड़ा पशु मेला लगता है.

# मोदन मियां हर बार फेल



नश्तर

सुधीर राघव



**एक** थे मियां मोदन. खूब बातूनी. गप्पें मिलाने में उस्ताद. जुबान कैंची की तरह चलती. जब चलती तो भूल जाती कि क्या काटना है और क्या छोड़ना. छोटे-बड़े का अंतर मोदन मियां के दिमाग की सीमा से परे था. उनकी जुबान किसी का लिहाज न करती. इस चक्कर में वह अक्सर कहीं भी पिट जाते. पिटने पर भी वह पलटवार न करते. बस भागने का मौका ढूंढ़ते. जैसे ही मौका मिलता निकल भागते. मोदन मियां ने कभी पिटने का बुरा नहीं माना. बल्कि अगले दिन खुद अपनी पिटाई का किस्सा शौर्य गाथा में बदलकर सुनाते. उनका अपना तर्क था-मियां, लाजपत राय का नाम सुने हो! अंग्रेजों ने उन पर कितनी लाठी बरसाई थी! लाजपत राय बोले थे, हर लाठी अंग्रेजों के ताबूत में आखिरी कील होगी! लाजपत राय जी तो शहीद हो गए थे! मगर हम अभी जिंदा हैं, जो जो हमको पीटा है, उसके ताबूत में आखिरी कील हम अपने ही हाथों से ठोकेंगे! देख लेना!...

पूरा गांव मोदन मियां की बक बक से दुखी था. मगर किसी के पास उनका इलाज नहीं था. गांव वाले पिटाई-ठुकाई को ही हर ऐब का रामबाण इलाज मानते थे, मगर यह उपाय मोदन मियां पर बचपन से ही बेअसर था. मोदन मियां के एक भाई थे मनमोदन मियां. वह बहुत ही मितभाषी थे. इतने कि अधिकांश सवालों का जवाब गर्दन हिला कर ही दे देते. महीने दो महीने में ही उनके मुख से दो-चार शब्द निकलते. गांव वाले उनके दो-चार शब्दों को ही मंत्र की तरह मानते. सब मानते थे कि मियां मनमोदन ने वाणी सिद्ध कर ली है. असल में मनमोदन मियां की चुप्पी का राज कुछ और था. उनका पूरा बचपन मोदन मियां के साथ गुजरा था. मोदन मियां ने मनमोदन को कभी बोलने का मौका नहीं दिया. हमेशा खुद ही बकर-बकर करते. मनमोदन मियां भाई की वजह से बोल ही नहीं पाते थे, इसलिए सोचने ज्यादा लगे. लिहाजा मनमोदन का दिमाग बहुत तेज हो गया. वह हर परीक्षा में टॉप करने लगे. उनका लिखा उत्तर कभी ग़लत न होता. लिहाजा पूरे गांव में यह बात फैल गई कि मनमोदन को वाणी सिद्धि हो गई है. दूसरी ओर मोदन मियां कक्षा में शिक्षक को भी नहीं बोलने देते. कभी घर की गाय का, कभी भैंस का तो कभी तालाब के मगरमच्छ का झूठा किस्सा शुरू कर देते. तंग आकर शिक्षक उन्हें रोज क्लास के बाहर मुर्गा बना देता. इस तरह मोदन मियां की न क्लास में पढ़ाई हुई और न घर में वह पढ़ते. मोदन मियां परीक्षा में प्रश्नों के जवाब में अपने मनगढ़ंत किस्से लिखते, जिनमें हर शब्द की वर्तनी ग़लत होती. मोदन किस्से सुना तो सकते थे पर लिखना उनके बस की बात नहीं थी, क्योंकि लिखना तो पढ़ने से ही आता है. लिहाजा वह हर बार फेल हो जाते. दो चार-बार फेल होने के बाद मोदन मियां पढ़ाई छोड़कर भाग गए. बड़े हुए तो घर वालों ने यह सोचकर शादी कर दी कि जिसे कोई नहीं सुधार पाता, उसे बीवी सुधार देती है. मगर मोदन मियां नहीं सुधरे. वह बीवी को छोड़कर ही भाग गए. मोहल्ले वाले आज भी हंसते हैं कि मोदन मियां सुहागरात में फेल हो गए थे. पूरी रात बीवी को बेमन की बात सुनाते रहे. तंग आकर सुबह बीवी ने ऊंची एड़ी वाले नये सेंडिल से खबर ली तो मोदन मियां घर छोड़कर भाग गए.


# प्रीति बंका की कलाकृतियों में वन्य जीवों की सक्रियता



कला-संवाद


मनोज कुमार कपरदार















**प्रत्येक** व्यक्ति अपने संपूर्ण जीवन में किसी न किसी रूप में कला से जुड़ा रहता है. चाहे वह चित्रकारी हो, रंगमंच हो, फिल्में हों या संगीत. कला तो स्वयं के व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति हैं और हर कलाकार का अपना अनूठा दृष्टिकोण होता है. हजारों वर्षों से मानव जाति कला के इन रूपों को अपने जीवन का हिस्सा बनाए हुए हैं. हमारी रुचियां न केवल व्यक्तिपरक होती हैं, बल्कि सांस्कृतिक मानदंडों, शिक्षा और प्रदर्शन से भी प्रभावित होती हैं. कला मानवीय अनुभव का ही एक ऐसा क्षेत्र है, जो प्रकृति में समानता नहीं रखता है. कला के रूपों में आम सहमति होने के बाद भी अधिकांश व्यक्ति कलाकृतियों को अलग तरह से आंकते हैं. संस्कृति के बिना कला नहीं हो सकती, दोनों एक दूसरे पर निर्भर हैं. कला संस्कृति को दर्शाती है, संस्कृति को प्रसारित करती है, इसको आकार देती है. तभी तो रांची के कत्थक नृत्य की एक सुपरिचित कलाकार प्रीति बंका आज मूर्तिकला के क्षेत्र में कदम बढ़ा रही हैं. लंबे समय से कत्थक नृत्य से जुड़ी रही हैं. प्रीति बंका जब कक्षा नौ की छात्रा थीं, तभी से कला के प्रति इनकी गहरी रुचि रही है. इन्होंने कत्थक नृत्य का प्रशिक्षण प्राचीन कला केन्द्र (लखनऊ घराना) से लिया. इस प्रतिष्ठित भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण लेकर ये हाई क्यू इंटरनेशनल स्कूल, लोयला कॉन्वेन्ट स्कूल रांची, नन्हें कदम प्ले स्कूल में डांस टीचर के रूप में जुड़ गई. प्रीति बंका आज चित्रकला और मूर्तिकला में भी अपनी पहचान बनाने में लग गई हैं. पहले तो ये प्रकृति के खूबसूरत दृश्यों को कागज पर उतार कर बहुत रोमांचित हुआ करती थीं. फिर इसके लिए इन्होंने फाइन आर्ट्स में एमएफए किया. वरिष्ठ कलाकार विवेक दास से कला की बारीकी को समझने की कोशिश कीं. चित्रकला में इन्होंने विभिन्न सामाजिक विषयों को अपने कैनवास पर उतारती रही हैं. इन्होंने अपनी कलाकृतियों में ग्रामीण जीवन की व्यस्तता, धर्म संस्कृति को कैनवास पर उतार कर एक नया संसार रचने का प्रयास करती रहीं है, लेकिन आज कल प्रीति वन्य जीव पर कलाकृतियां बना रही हैं, जो वन्य जीवों और उनके प्राकृतिक आवासों को दर्शाती हैं. सदियों से चली आ रही है यह कला समय के साथ विकसित हुई है. वन्यजीव कला सुंदर और शैक्षिक कला का एक रूप है, जो प्रकृति और पशु को दर्शाता है. विभिन्न माध्यमों और तकनीकों का उपयोग कर प्रीति ने हाल ही में 15 फीट की पैंथर की एक कलाकृति बनायी है. डायरेक्ट मॉडलिंग कर व्हाइट सीमेंट से बनायी गई यह आकर्षक कलाकृति वातावरण के अनुकूल है. इसके पहले भी इन्होंने कई वन्य प्राणियों की आकृतियों को आकार दिया है. इनकी कलाकृतियां वन्य जीवों के प्रति इनकी गहरी श्रद्धा का भाव दिखाती हैं. ये जो कलाकृतियां गढ़ती हैं, वह कड़ी मेहनत, कठिन साधना और गहरी रुचि का ही परिचायक है. इनकी कलाकृतियों को देखकर कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध और प्रेरित भी कर सकती है. कला प्रेमी चाहें तो इनकी कला का आनंद लें या प्रकृति के इन वन्य प्राणियों की सुंदरता की प्रशंसा करें.







# आखर

# एक अधूरी दास्तान


पंकज मित्र

कहानी



"क्या?"
मैं आश्चर्य से अन्विता को देखता रह गया. वर्षों बाद अन्विता मुझे और भी अजनबी लग रही थी.
"क्या कह रही हो, तुम्हें पता भी है?"
मैंने फिर उसकी ओर देखा. उसकी आंखें भावशून्य सी सीधा मेरी आंखों में देख रही थी. उन आंखों की भावशून्यता में कहीं पर मुझे कठोर, निस्पृह, फौलादी-सी चमक का आभास हुआ और चौंधिया कर मैंने आंखे नीची कर ली.
"मैं जो कह रही हूं, वह मैं अच्छी तरह जानती हूं और समझती भी हूं. तुम यह कर पाओगे या नहीं, बस इतना बता दो."
उसका लहजा निर्मम था, जैसे उसके लिए मैं सिर्फ और सिर्फ एक डॉक्टर था और वह मुझे पे करने वाली पेशेंट.
"लेकिन अमल को बताए बिना... "
"और तुम समझते हो कि अमल एक रोबोट है जिसके दिमाग में तुम जो फीड कर दोगे वही स्वीकार कर लेगा. उसका कोई रिएक्शन नहीं होगा और मान लेगा वह तुम्हारी बात?
है न ?"
अन्विता के चेहरे पर वही दुरूह मुस्कान थी, जिसे हम कॉलेज के दिनों में 'मोनालिसा स्माइल' कहते थे और जिसका अर्थ हमेशा बहुआयामी हुआ करता था.
"बट ही शुड एटलीस्ट नो अबाउट. "
"ही शुड नॉट! और इसलिए मैं तुम्हारे यहां आई हूं वर्ना शहर में नर्सिंग होम्स का कोई अभाव नहीं था."
कहते-कहते उसकी बड़ी-बड़ी, काली आंखों में आंसू डबडबा आए थे.
बिल्कुल वैसी ही थी अन्विता अब तक. बातचीत का वही लहजा, काटता सा दर्द की परतों को जैसे छील देने को हमेशा तैयार और इसी तरह जब खुद पर काबू नहीं रख पाती थी तो आंसू डबडबा आते थे. बिल्कुल इसी तरह कई साल पहले मेरे सामने बरस पड़ी थी वो. उन दिनों हम सैकेंड ईयर के छात्र कॉलेज में मृच्छकटिकम के हिंदी नाट्यानुवाद की मंच प्रस्तुति कर रहे थे.
छोटा सा कस्बाई शहर था. अब हर छोटे शहर में नाट्यप्रस्तुति के शाश्वत प्रश्न की तरह ही यह प्रश्न मुंह बाए खड़ा था कि वसंतसेना कौन साकार कर पाएगी!
कॉलेज में लड़कियां झुंड में चलती, जैसे भेड़-बकरियां हों. सबके चेहरे मुझे एक से लगते. जहनी तौर पर भी एक जैसी. उनकी महत्वाकांक्षाओं का दायरा लिपस्टिक के रंग, कलर मैचिंग, फिल्मी अभिनेताओं और शादी से आगे बढ़ता ही नहीं था.
नाटक का निर्देशक होने के नाते मैं चाहता कि कोई ऐसी हो जो भीड़ का हिस्सा न लगे. कुछ खास हो उसमें समथिंग डिफरेंट कई लड़कियों का टेस्ट हो चुका था, लेकिन मैं संतुष्ट नहीं था. इसी उधेरबुन में डूबा लाइब्रेरी में बैठा ड्रेस की स्केचेज कर रहा था, तभी तूफान की तरह दाखिल हुई थी अन्विता-
" सर! हाउ डेयर दे कॉल मी काली माई?"
मैंने अचकचा कर नजरें उठाई –" जी आप?"
"मैं अन्विता हूं, फर्स्ट ईयर. आपके नाटक में वसंत सेना के रोल के लिए बात हो रही थी तो आपके एक्टर्स ने मेरा नाम आने पर कहा कि वो तो काली माई के रोल के लिए ठीक है. कैसे कह सकते हैं वे! हैज द कंप्लेक्शन एनीथिंग टू डू विद द एक्टिंग?"
उसका सांवला चेहरा क्रोध से थरथरा रहा था. बड़ी-बड़ी आंखों में आंसू भर आए थे. पारदर्शी लग रही थी आंखें उसकी.
" बैठिए आप.प्लीज डोंट गेट अपसेट."
"मैं यहां बैठने नहीं आयी हूं. आप मुझे स्क्रिप्ट दीजिए. अगर कोई लड़की मुझसे बेहतर कर पाएगी तो आप जो कहेंगे."
यहीइसी आत्मविश्वास की तो जरुरत थी चेहरे पर. क्योंकि वसंतसेना का जो स्टेटस था, उसके चेहरे पर आत्मविश्वास का रहना जरूरी था. अब सिर्फ संवाद भर ठीक से बोल ले तो बस...
मैंने स्क्रिप्ट बढ़ा दी थी उसकी तरफ. चारूदत के साथ संवाद थे उसके. चारूदत का क्यू दिया था मैंने. शुरू हो गई वह. मेरे रोये खड़े हो गए थे उसकी संवाद अदायगी पर. पर्फेक्शन के बिल्कुल करीब. थोड़ा-सा संवर जाए तो गजब हो जाए. फिर तो थका देनेवाले दिन रिहर्सलों के. कितनी स्टैमिना थी इस लड़की में. कभी भी किसी भी हिस्से को दुहराने के लिए तैयार. स्टेज शो के दिन सारी तालियां उसी के हिस्से में गई. चेहरे के संवालेपन ने उसकी खूबसूरती और बढ़ा दी थी. तीखे नाक-नक्श शायद संवाले रंग की गहराई लेकर और भी तीखे हो जाते हैं.
स्टेज से उतरते वक्त एक पीले गुलाब की अधखिली कली दी थी मैंने उसे. यह कहते हुए- " टू ए ग्रेट एक्ट्रेस इन द मेकिंग, विद ऑल लव एण्ड एडोरेशन."
" धन्यवाद महाशय."
एकदम वसंतसेना के लहजे में बोली थी वह और हम दोनों हंस पड़े थे.
शायद मेरे चेहरे पर मुस्कान आ गई होगी और इसी सर्वकालीन, सर्वशक्तिमान हथियार डलवा देनेवाली मुस्कान से सख्त चिढ़ थी अन्विता को.
" तुम जरा भी बदल नहीं पायी हो न अनु ? "
" तुम भी कहां बदले हो. द सेम एस्केपिस्ट ! "
द सेम डिसआर्मिंग भुवनमोहिनी मुस्कान!"
तल्खी उभर आयी थी उसके स्वर में. एस्केपिस्ट!... पलायनवादी!... हां. इसी नाम से तो पुकारने लगी थी वह मुझे बाद में. उसी वक्त एडमिशन हो गया था पटना मेडिकल कॉलेज में मेरा. हमारे बीच तल्खी गाढ़ी, चिपचिपी काई-सी तल्खी जमने लगी थी धीरे-धीरे. जितनी घृणा करने में सक्षम थी वह उतना प्यार भी कर सकती थी वह. उन दिनों कोई भी लड़की मेरे बारे में बात भी करे तो उसका मिजाज उखड़ जाता था. एक दिन आते ही बरस पड़ी थी मुझ पर
" क्या जरूरत है कीर्ति को तुम्हारी तारीफ मेरे सामने करने की! क्या शेर कहते हैं!... क्या डाइरेक्शन देते हैं!... सब फालतू लड़कियां हैं."
मैंने हंसते हुए उसके हाथ को अपने हाथों में लेकर कहा था " तुम इतनी पजेसिव क्यों हो मेरे बारे में? कोई बात करे, कोई कुछ कहे तो कहने दो. मैं तो तुम्हारा हूं न. इतना काफी नहीं?... "
अचानक बदल गयी थी मुखमुद्रा उसकी. बच्चों-सी तरल ,आंखों में आंसू , चेहरे पर मुस्कान. दो चोटियों वाले सिर को हिलाकर 'हां' कहा था उसने और तभी मैंने नाक की टिप पर चूम लिया था उसे. मेरा फेवरिट स्पॉट था यह.
" जानते हो अंकित. मुझे समूचा चाहिए, सबकुछ चाहिए. "
डैम पर खड़े होकर चिल्लाकर कहती गई थी वह, शोर करते हुए पानी के साथ-साथ, " आधा अधूरा नहीं- पूरा सारा. ये सारा आकाश ये सारी धरती एक समूचा घर बच्चे लोगों का सारा ध्यान सबकुछ"
हांफती- हांफती बैठ गई थी अन्विता. मैंने उसके चेहरे को हाथों में ले लिया था. उसकी आंखों में आंसू थे.
" जानते हो मुझे बचपन से ही कुछ भी पूरा नहीं मिला है. तीन बहनों में मैं दूसरी थी. दोनों बहनें मेरी गोरी, खूबसूरत हैं. मेरे मामा लोगों ने हमारा नाम रखा था- दुर्गा, काली, सरस्वती. सबका ध्यान मेरी दोनों बहनों पर रहता. पापा थोड़ा-बहुत प्यार करते थे पर शायद मम्मी के आगे नहीं चलती थी उनकी. और मम्मी तो बस पीटने का बहाना ढूंढ़ती रहती खास कर मुझे- " बाल ऐसे क्यों बने हैं, फ्राक गंदा क्यों कर लाई, जूते जगह पर क्यों नहीं रखे... जैसी सूरत वैसा ही काम ...मतलब कोई भी बहाना होना चाहिए. थोड़ी बड़ी हुई तो लड़कों के साथ धींगड़ी होकर क्रिकेट खेलती है वगैरह. बड़ी बहन की शादी तय नहीं हो रही है तो गुस्सा मुझपे ही उतारा जाता मैं मैं घृणा करती हूं सबसे, घर की कलह से."
गला रुंध गया था उसका. बड़ी-बड़ी काली आंखों से आंसू की बूंदें ढुलक गई थीं. अपने होंठों से नर्मी के साथ पोंछ दिया था मैंने उन बूंदों को और सारा खारापन घुल गया था. मिठास बनकर कतरा कतरा मेरी जुबान पर.
अन्विता का चेहरा बारिश के बाद की चांदनी-सा नरम और स्वच्छ हो गया था.
मेडिकल कॉलेज में चले जाने के बाद अन्विता के साथ सम्पर्क मेरी तरफ से टूट-सा गया था. इक्के- दुक्के खत कभी कोई बर्थ डे कार्ड कैडबरी की टाफियां बराबर आतीं. कैडबरी की टाफियों का फटे दूध-सा स्वाद मुझे पसंद था. भावनाओं में बहकर लिखे गए उसके खत मुझे उसकी शिद्दत का एहसास करा जाते हर बार. लेकिन जैसे-जैसे वह महसूस करती गई कि मैं सीरियस नहीं हूं, वह भी सख्त होती गई और सख्ती के ये फल खतों में भी उभरने लगे. उसने लिखा एक बार-
" क्या मैं ये समझ लूं कि अब हमारे तुम्हारे दरम्यां कुछ भी नहीं. जो कुछ करना है जल्दी करो वरना मेरे घरवाले मेरी शादी करा दें. "
मुख्तसर-सा खत और फिर एक तबील चुप्पी. फिर मेरे बर्थ डे पर एक कार्ड आया, जिस पर लिखा था-
" एक अधूरे कापुरुष के लिए, शुभकामनाओं सहित."
कापुरुष के पुरुष पर एक क्रास बना था. शायद वह मुझे पुरुष कहना ही नहीं चाहती थी.
मुझे थोड़ा आश्चर्य भी हुआ कि मेरा बर्थ डे उसे अब तक याद था और कैडबरी की टॉफी भी उसने भेजी थी अंतिम बार.
आश्चर्यमिश्रित खुशी हुई थी उस दिन शॉपिंग कॉम्पलेक्स में उसे देखकर. वर्षों बाद देखा था उसे. थोड़ी अन्जानी सी लगी थी. हाथ में बैग था. पीछे से आवाज दी थी मैंने-
"अन्विता! अन्विता!"
वह चलती जा रही थी. पीछे मुड़कर भी नहीं देखा उसने. शायद बेख्याल-सी थी वह या फिर शोर में सुन नहीं पायी थी मेरी आवाज. तेजी से चलकर ठीक पीछे पहुंचकर पुकारा था मैंने-
"अनु!"
वह ठिठकी, पीछे मुड़ी. सबसे पहले मेरी नजर पड़ी उसकी आंखों पर, मेरी परिचित वह तरलता गायब थी. एक अजनबी-सा रीतापन था उसमें, एक सूखी मुस्कान के साथ कहा उसने-
"ओ! तुम हो. कैसे हो?"
"ओ!" चुभा था मुझे कहीं पर.
"तुमयहां कैसी हो तुम?"
शब्द अटक रहे थे मेरे.
"ठीक हूं." संक्षिप्त-सा उत्तर था उसका.
"आओ न. काफी पीते हुए बातें करते हैं. यहीं पास में."
"नहीं, अभी चलूंगी. उनके आने का टाइम हो गया है ऑफिस से."
"उनके." खटका था मुझे. ये तो वह अन्विता नहीं थी.
"पता तो दो, कहां रह रही हो? हस्बैंड का नाम क्या है? क्या करते हैं?."
"क्या करोगे ये सब जानकर. बस ठीक हूं. जिन्दा हूं, देख ही रहे हो."
पुरानी अन्विता उभर रही थी कहीं से. मुझे लगा अब रोयेगी वह और मैं फिर अपने होठों से उसके गालों पर ढुलक आयी बूंदों को पोंछ डालूंगा. लेकिन तब तक अन्विता जा चुकी थी. (क्रमशः)

# एक वरिष्ठ कवि की रोचक व पठनीय कथा

समीक्षा


अशोक प्रियदर्शी


प्रायः साठ की उम्र में जब व्यक्ति सेवा -धर्म ही नहीं, लेखन-कर्म से भी उपराम होने -होने को होता है, तब यह कवि कविताएं सिरजना प्रारंभ करता है और अपने दूसरे ही कविता -संकलन पर साहित्य- अकादेमी का मूल पुरस्कार प्राप्त कर लेता है. इनकी कुल साहित्यिक पूंजी चार कविता-संग्रह और एक कथा - संकलन है. कथाएं भी खास नहीं, परंतु कविताएं ऐसी जिनकी उपेक्षा संभव ही नहीं. पहले ही कविता -संकलन 'एकसरे ठाढ़' (अकेला खड़ा) को मैथिली में संपूर्ण ग्राम आधारित कविताओं का संकलन होने का यश मिला. दो और कविता-संकलन हैं 'श्वास-श्वास में विश्वास 'तथा 'जे मुह अपन'.
इस कृती कवि के व्यक्तित्व -कृतित्व का अत्यंत पठनीय, प्रामाणिक और रोचक आख्यान कुमार मनीष अरविंद ने लिखा है और साहित्य अकादेमी ने 'भारतीय साहित्य के निर्माता 'श्रृंखला में इस विनिबंध (मोनोग्राफ) को प्रकाशित किया है. स्पष्ट है, यह हिन्दी में लिखित है. सोचिए, विवेकानंद ठाकुर ज़िन्दगी भर दो दुनी चार करते रहे. वे एजी, बिहार के दफ्तर में औडीटर थे, हालांकि वहां ये अपर डिवीजन क्लर्क ही कहलाते थे. अपनी प्रतिभा और लगन के बल पर इन्होंने दो खंडों में ली जाने वाली कठिन एसएएस परीक्षा पास की और सेक्शन अफसर पद पर प्रोन्नत हुए. 31 दिसंबर 1988 को ये सेवा -निवृत्त हुए. तब वे कविता -लेखन में प्रवृत्त हुए. कविता उनके मन में मचलती रही होगी.
प्रारंभिक संघर्ष के बाद उनकी पहचान बननी शुरू हुई. फिर वही जिसे अंग्रेजी में कहते हैं -नथिंग सक्सीड्स लाइक सक्सेस!
मध्यवित्त ठाकुर साहब का जीवन संघर्ष करते ही बीता. इनके दो पुत्र और दो पुत्रियां हुईं. प्रायः सभी मेधावी और सभी को योग्य जीवन -संगिनी और जीवन-साथी मिले. पौत्र और दौहित्रों ने भी अपनी योग्यता के बल पर अच्छे पदों पर नियुक्तियां पाईं. ठाकुर साहब ने इस संघर्ष में अपनी सफलता के पीछे अपनी जीवन -संगिनी श्रीमती गौरी ठाकुर जी का हाथ माना है, जिन्हें वह गार्जन(गार्जियन) कहते थे.
बहरहाल, श्री विवेकानंद ठाकुर जी के व्यक्तित्व -कृतित्व का संपूर्ण लेखा अत्यंत आदरपूर्वक और नितांत रोचक एवं पठनीय ढंग से प्रस्तुत किया है कुमार मनीष अरविंद ने. इस कथा को पढ़ने का सुख पाने के लिए मनीष जी का लिखा विनिबंध पढ़ें. इतना और जोड़ दूं कि इस विनिबंध के लेखक स्वयं ही हिंदी -मैथिली के सिद्ध कवि-लेखक हैं और साहित्य -अकादेमी पुरस्कार -प्राप्त हैं. यह भी कि संप्रति मुख्य वन-संरक्षक के दायित्वपूर्ण पद पर रहते हुए भी इनका रचना-कर्म रुका नहीं है.



पुस्तक का नाम : विवेकानंद ठाकुर (भारतीय साहित्य के निर्माता)
विधा : विनिबंध
लेखक : कुमार मनीष अरविंद
प्रकाशक : साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली 110001
मूल्य–100 रुपए (पेपरबैक,डिमाई )
पृष्ठ संख्या : 155 पृष्ठ

लघुकथा

# प्रेम


जय माला

"मुझे नीला आसमान बहुत पसंद है!"
"मुझे भी! "
"मुझे नारंगी सूरज देखना भी बहुत पसंद है! "
"मुझे भी!"
"और चिड़िया?"
"चिड़िया तो मुझे बहुत ही ज्यादा पसंद है ! लेकिन...
"लेकिन क्या ?"
"जब से मस्जिद की मीनार ऊंची हुई है, बालकनी से आम का पेड़ दिखाई नहीं देता! उस पर ढेर सारी चिड़िया बैठा करती थीं."
"कोई बात नहीं! तुम सन्डे को मेरे घर आना! मेरे घर के पीछे बहुत सारे पेड़ हैं. उस पर किस्म-किस्म की चिड़िया आकर बैठती है. बुलबुल, मैना, पन्डुक, टिहुकी, मुनिया, रॉबिन और भी बहुत सारी!"
"सन्डे को क्यों?"
"क्योंकि उस दिन शाम को मम्मा और दादी सत्संग सुनने चली जाती हैं."
"ये सत्संग क्या होता है?"
"तुम्हारी दादी ने नहीं बताया! मेरी दादी ने बताया कि भगवान की बातें होतीं हैं."
"भगवान क्या होता है?"
"भगवान! वो होता है न! वो ... वो... अरे छोड़ न! तुझे चिड़िया देखनी है न! तो सन्डे को आना. अब मैं घर जाती हूं होमवर्क करना है. नहीं तो मम्मा कल से पार्क में आने नहीं देंगी."

"ठीक है! मैं भी चलती हूं. अच्छा अपना नाम तो तूने बताया ही नहीं!"
" आ त्म ज ा! और तेरा?"
"रूही ! रूही अली!"

व्यंग्य ›› बर्बरीक

# अथश्री लीकतंत्र महिमा कथा

**हर दूसरे दिन किसी न किसी परीक्षा का पेपर लीक का मामला सामने आता है. छोटे मोटे लीक पर हम ध्यान नहीं देते हैं. जब लीकेज ऐसा हो जाए कि पाइप लाइन ही फट जाए तो फिर थोड़ी चिल्ल पों मचती है. एक बड़ी संख्या में लीकेज के जरिए डाक्टर बनने की कोशिश हुई तो मामला सामने आया.**

लोकतंत्र में जैसे लोक की महिमा है वैसे ही लीक तंत्र में लीक की महिमा है. लीक अथवा लीकेज का महत्व इतना अधिक है कि एक पूर्व प्रधानमंत्री को बोलना पड़ा था कि केन्द्र से एक रुपया चलता है तो नीचे तक आते आते मात्र पंद्रह पैसा पहुंचता है. जाहिर है बाकी का पैसा लीकेज में बह जाता है.
मोहल्ले के पानी के पाइप लाइन में लीकेज हो जाए तो किसी को चिंता नहीं होती. ऐसे ही देश के धन में लीकेज हो जाए तो भी हमें चिंता नहीं होती. हम लीकेज के साथ चलने वाले लोग हैं. लीकेज कोई मुद्दा ही नहीं है. हम वो लोग हैं जो लाइन में लगने के बजाय दाएं-बाएं जान पहचान तलाशते हैं कि कोई मिल जाए तो लाइन तोड़ कर आगे आ जाएं. हम वो लोग हैं जो कुछ ले देकर काम करवाने में यकीन रखते हैं. लीकेज हमें बहुत भाता है. ट्रैफिक पुलिस यदि नियम तोड़ने पर चालान काट दे तो पहले तो हमको जानते नहीं हो टाइप भभकी से काम चलाने की कोशिश करते हैं. नहीं माने तो कुछ ले देकर... मुख्यधारा से ज्यादा हमारा विश्वास लीकेज वाली धारा में है.
पेपर लीक वाला लीकेज भी बड़ा मुद्दा नहीं बन पाता है. हर दूसरे दिन किसी न किसी परीक्षा का पेपर लीक का मामला सामने आता है. छोटे मोटे लीक पर हम ध्यान नहीं देते हैं. जब लीकेज ऐसा हो जाए कि पाइप लाइन ही फट जाए तो फिर थोड़ी चिल्ल पों मचती है. एक बड़ी संख्या में लीकेज के जरिए डाक्टर बनने की कोशिश हुई तो मामला सामने आया. ऐसा नहीं है कि इससे पहले लीकेज नहीं हो रही थी. इसके जरिए कितने ही डाक्टर जहां तहां लोगों का इलाज भी कर रहे होंगे. छोटे मोटे छिद्रों से निकल जाने की गुंजाइश हमेशा रहती है लेकिन जब कपड़े का बड़ा टुकड़ा ही फट जाए तो रफू कैसे हो. डाक्टर साहब की दिली तमन्ना रहती है कि उनके चश्मो चिराग भी डाक्टर ही बने नहीं तो जो सल्तनत उन्होंने खड़ी की है नर्सिंग होम के रूप में उसको चलाने वाला भी तो चाहिए. अब बेटी बेटे में अगर खुद से डाक्टर बनने की सलाहियत नहीं है तो दो रास्ते होते हैं. एक तो भारी भरकम रकम देकर प्राइवेट में एडमिशन करवा दें या फिर लीकेज वाला रास्ता पकड़े जिसमें सरकारी कालेजों में भी चांस बनता है. लीकेज डाक्टर भी तो आखिर डाक्टर ही होता है.
पेपर लीक करने करवाने के विशेषज्ञ लोग हर राज्य में पाए जाते हैं लेकिन बिहार झारखंड जैसे राज्यों में कुछ ज्यादा क्योंकि यहां के छात्र जी जान से प्रतियोगी परीक्षाओं में लगे रहते हैं. जिन राज्यों में पढाई लिखाई को अनावश्यक काम माना जाता है और धंधा पानी पर जोर रहता है वहां लीकेज भी तो नहीं होगा. जैसे लोकतंत्र में लोक के नाम के जरिए ही सारे कर्म किए जाते हैं वैसे ही लीक तंत्र में लीक या लीकेज के जरिए ही काम करवाने की कोशिश चलती रहती है. क्या हमारा लोकतंत्र एक लीक तंत्र में बदल रहा है?

## कविता/गज़ल


शंकरानंद

### बच्चे की चाह

दुनिया का नक्शा देखकर बच्चे
जाना चाहते हैं हर जगह
उन्हें किसी सीमा से कोई मतलब नहीं
तोड़ देना चाहते हैं वे हर दीवार

हद है कि बड़े होने पर
या तो वे दीवार की रखवाली करते हैं
या उसकी सुरक्षा के लिए योजना बनाते हैं
या मुहैय्या करवाते हैं हथियार

चाह बचपन की बचपन में दम तोड़ देती है!

### सबसे भयानक डर

लौटने की भाषा में
विदा के गीत याद आते हैं
चीख की भाषा में
याद आती है चुप्पी.

हिलते हुए हाथ की थकान
चिड़िया के पंख जितनी भारी है

देह से अलग होने पर
उसका कोई वजूद नहीं
जैसे पत्ते पेड़ पर रहकर उनका हिस्सा हैं
गिरने पर वे कहीं के नहीं रहते.

आंखों में जो पहली लालसा है
कौंधती हुई
वह मिलने की है उससे
जो वसंत की तरह आता है हर बार
नए पत्ते उगाता हुआ.


पतझड़ के बीच घिरा हुआ मैं
एक पेड़ का डर लिए जीता हूं

बदलते मौसमों के बीच
वसंत के रास्ता भटकने का डर
सबके ज्यादा भयानक होता है.


दिलीप कुमार

### नभ पे ठिकाना

पोर-पोर में दर्द हुआ है
मुस्की फिर भी लब पर है
कुछ उपजा है अंतर्मन से
कुछ का जिम्मा सब पर है.
पोथी पतरा को कुछ मानें
पंडित मुल्ला को पहचानें
मीठी धुन में मस्त रहें हम
अपनी श्रद्धा तो रब पर है.
सुख-दुख का यह खेल निराला
सब देखता है वो देखने वाला,
बीच सफर में हार क्यों माने
विश्वास उसके करतब पर है.
तिल-तिल कर हम जीते रहते
ग्लानि गरल भी पीते रहते
कर्मपथ से विचलित नहीं होते
ठिकाना अपना तो नभ पर है
पोर-पोर में दर्द हुआ है
मुस्की फिर भी लब पर है.


डॉ रागिनी भूषण

### आंख के अंधे नजाकत बेचते

जेब में रखवी वसीहत बेचते
चंद सिक्कों में अमानत बेचते.

रस्में उल्फत क्या निभेगी इसतरह
उल्फतों के नाम मरघट बेचते.

पत्थरों के हाथ लग गये आइनें
किस भरोसे की हिदायत बेचते.

रौशनी की भी तो अपनी उम्र थी
कब तलक जुगनू रवायत बेचते.

हर झरोखे पर उतरती चांदनी
काश हम भी ऐसी शाअत बेचते.

सरपटक कर मर गई ख़ामोशियां
आंख के अंधे नजाकत बेचते.

व्याकरण आता नहीं भूषण समझ
स्वार्थ के निर्णय अदालत बेचते.


डॉ रजनी गुप्ता

### सुबह की उम्मीद बाकी रखना

डूब जाए हर कोई खुद के नशे में जब यूं ही
तू मधुशाला में एक होशमंद साकी रखना.

नफ़रत की धुन्ध जो ढक ले सूरज मुहब्बत का
एक मुकम्मल सुबह की उम्मीद बाकी रखना.

दे ना सको कुछ औरों को अगर मुसीबत में
मुखातिब तब शब्द ए तसल्ली काफ़ी रखना.

चांदनी में जब नहा उठे सब औ रूह ए जमीं
अपनी पाक हथेली में तस्वीर ए जां की रखना.

फिरना ना लेकर नफ़रत का बोझ खुद में तू यूं
दिल में मुलजिम के लिए सजा ये माफ़ी रखना.

गर पाक मुहब्बत को मानते हो खुदा की नेमत
लाख शोर उठे ना उम्मीद ए रूह हां की रखना.


राजेश पाठक

### अगली सदी

पेड़ पर चलती
कुल्हाड़ी देख
दम घुटने लगा
हवा का.

फिर क्या आदमी
क्या पशु-पक्षी
सभी आ गए
इसकी जद में


बालू की भीत की भांति
भरभराकर
गिरने लगे पहाड़

और धीरे-धीरे
बिलाने भी लगी
लंबी और
गहरी नदी.

क्या हम
देख पाएंगे
अगली सदी?

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## आज का मैच : भारत से 47 रन से पराजित अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी

# सुपर-8 में अफगानिस्तान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

**भाषा। किंग्सटाउन**

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा. सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा. अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है. अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है. फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं, जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसने में महत्वपूर्ण होंगे. अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा, लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है. ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात की जाये तो डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में माहिर लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं. दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने हुई थीं. मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था. अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, भले ही प्रारूप अलग हो क्योंकि वे इस प्रारूप में सहज महसूस करते हैं. साथ ही उनके पास बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कौशल और मानसिकता है, पर देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं. दक्षिण अफ्रीका की तरह मिचेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है. हालांकि उसके लिए मैक्सवेल की फॉर्म चिंता बनी हुई है. लेकिन उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी मौजूद है जो बेहतरीन ऑलराउंडर है. मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच में 156 रन) शानदार है.

स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में पैट कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत होगी, क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने कुल छह कैच टपकाये जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े. एडम जंपा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं. यह लेग स्पिनर तीन तेज गेंदबाजों के बाद टीम के लिए अहम गेंदबाज हैं.



### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जंपा.

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक.

***मैच : सुबह छह बजे शुरू होगा.***



### ब्रीफ खबरें

#### गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता

**सेलांगोर (मलेशिया)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीतने में सफल रहे. इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरूआत की और आठ अंडर पर रहे. लॉसन का स्कोर सात अंडर रहा.

#### जीव मिल्खा सातवें और रंधावा 13वें स्थान पर

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान पर बने हुए हैं. यह टूर्नामेंट लीजेंड्स टूर यूरोप का हिस्सा है. पहले दौर में चार बर्डी, दो बोगी और दो डबल बोगी करने वाले जीव ने दूसरे दौर में फ्रंट नाइन में दो बर्डी और बैक नाइन में तीन बर्डी लगायी.

#### शुभंकर शर्मा ने किया निराशाजनक प्रदर्शन

**एम्स्टर्डम।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के कट में जगह बनाने में सफल रहे. वह हालांकि तीसरे दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 67वें स्थान पर खिसक गये. दूसरे दौर में एक ओवर का कार्ड खेलने वाले शुभंकर ने तीसरे दौर में तीन ओवर का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर तीन ओवर 219 का है.

#### अदिति ने पीजीए गोल्फ में कट हासिल किया

**समामीश (सिएटल)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं. महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया. दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है. अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं. वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी.

## सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी

# इंडीज की अमेरिका पर बड़ी जीत

**भाषा। ब्रिजटाउन**

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए. सुपर 8 के ग्रुप 2 के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा. उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया. वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया. होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए. वेस्टइंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा. इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है, तब भी वेस्टइंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है. जॉनसन चार्ल्स 14 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन होप और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए केवल 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई. पूरन ने 12 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है. वह इस टूर्नामेंट में अभी तक 17 छक्के लगा चुके हैं जो किसी एक टी20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है. पूरन ने वेस्टइंडीज के अपने पूर्व साथी क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2012 में 16 छक्के लगाए थे. होप ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और चार्ल्स के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की. उन्होंने छक्के लगाने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया तथा अपनी पारी के दौरान मिलिंद कुमार पर लगातार तीन छक्के भी लगाए. होप ने विजयी छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाया. इससे पहले अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद स्टीवन टेलर (02) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद एंड्रियास गौस (29) और नीतीश कुमार (20) ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटके से उबारा. चेज (19 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए अमेरिका की पारी लड़खड़ा दी, जिसने 37 रन के अंदर पांच विकेट गंवाए. चेज ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया. रसेल ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए और उन्होंने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक विकेट (27) लेने के ड्वेन ब्रावो के रिकॉर्ड की बराबरी की. अमेरिका के लिए मिलिंद कुमार (19) और शैडली वान शाल्कविक (18) ने कुछ देर तक संघर्ष किया जबकि अली खान (नाबाद 14) ने आखिर में एक चौका और छक्का लगाया लेकिन वह वेस्टइंडीज को बड़ा लक्ष्य नहीं दे पाए. वेस्टइंडीज की तरफ से चेज और रसेल के अलावा अलजारी जोसेफ ने 31 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 14 रन देकर एक विकेट लिया.



**55** गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए.

**39** गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की पारी की मदद से केवल 10 .5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया.

## आज का मैच : अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड

**भाषा। ब्रिजटाउन**

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है. इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया. वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है. ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर है लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की जीत से समीकरण बदल सकते हैं. तीनों टीम में अभी वेस्टइंडीज का नेट रन रेट बेहतर है. अभी किसी भी टीम ने सेफा में अपनी जगह पक्की नहीं की है और इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में बने रहने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी.





### टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड.

**अमेरिका :** मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। रिजर्व खिलाड़ी : गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद.

*मैच का समय : रात आठ बजे से.*

### डिकॉक की पारी ने अंतर पैदा किया : जोस

**भाषा। ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)**

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए, जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया. डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा. इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई.

### टी20 वर्ल्ड कप : सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप 1**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +2.471 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +2.350 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.350 |
| बांग्लादेश | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.471 |

**ग्रुप 2**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.814 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.412 |
| अमेरिका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.908 |

## सुमित नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा

# सुमित ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा। चेन्नई**

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है. नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा. उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया. वह टोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे. नागल ने एक्स पर पोस्ट किया, यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है. यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है. उन्होंने कहा, टोक्यो ओलंपिक 2020 में हिस्सा लेना मेरे करियर का मुख्य आकर्षण में से एक था. अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि आईटीएफ के अनुसार 10 जून को क्वालीफिकेशन के लिए जब खिलाड़ियों की रैंकिंग पर विचार किया गया था, तब नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में थे.




# फ्रांस और नीदरलैंड का मैच गोलरहित ड्रॉ रहा

**एजेंसी। लीपजिग (जर्मनी)**

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे पिछले मैच में लगी चोट के कारण नहीं खेल पाए, जिसका फायदा उठाकर नीदरलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में फ्रांस को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया. फ्रांस की ऑस्ट्रिया के खिलाफ पिछले मैच में 1-0 से जीत के दौरान एमबापे की नाक में चोट लग गई थी और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध था. एमबापे ने गुरुवार को मास्क पहनकर अभ्यास किया था और फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को उम्मीद थी कि यह स्टार फुटबॉलर नीदरलैंड के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएगा. उन्होंने हालांकि नीदरलैंड के शारीरिक रूप से मजबूत डिफेंडरों के सामने एमबापे को उतारने का जोखिम उठाना उचित नहीं समझा. एमबापे जब टीम बस से उतरे तो काफी सहज नजर आ रहे थे. उन्होंने धूप का चश्मा पहन रखा था लेकिन उनकी नाक पर पट्टी नहीं लगी थी. फ्रांस को मैच में उनकी कमी खली और उसे आखिर में नीदरलैंड के खिलाफ अंक बांटने पड़े. फ्रांस और नीदरलैंड के ग्रुप डी में अब चार-चार अंक हैं.



### चेन्नईयिन एफसी ने कोनोर का अनुबंध 2025 तक बढ़ाया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को फॉरवर्ड कोनोर शील्ड्स का अनुबंध एक साल तक बढ़ा दिया जिससे वह 2025 तक क्लब से जुड़े रहेंगे. वह 2023 में मदरवेल एफसी से चेन्नईयिन एफसी से जुड़े थी. वह क्लब के लिए 27 मैच खेलकर पांच गोल कर चुके हैं जबकि चार गोल करने में मदद कर चुके हैं. क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्कॉटलैंड का यह 26 साल का खिलाड़ी अब चेन्नईयिन एफसी का अहम हिस्सा बन गया है और कई मौकों पर क्लब की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है.

## महिला क्रिकेट | भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है

# टीम इंडिया की निगाहें द. अफ्रीका के खिलाफ क्लीनस्वीप पर

**भाषा। बेंगलुरु**

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी.

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा. पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था. भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया. पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा. भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उन्होंने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए और इस तरह से लगातार दो वनडे मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। भारतीय उप कप्तान अपने इस रिकॉर्ड को और बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी. कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पिछले मैच में 88 गेंद पर 103 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा रन बनाने के लिए जूझ रही हैं, जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय होगा. भारत पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है और ऐसे में टीम प्रबंधन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया को मौका दे सकता है. जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस मैच में जीत दर्ज करके आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप के लिए कम से कम दो अंक हासिल करने की कोशिश करेगा, जो अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं.



*मैच का समय : मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा.*

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्राकर, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पूनिया.

**दक्षिण अफ्रीका :** लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेल्मी टकर.

# तीरंदाजों ने गोल्ड की हैट्रिक लगायी

- भारत की महिला कंपाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमश : विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे.

**एजेंसी। अंताल्या (तुर्की)**

भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी. शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया. भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे. इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है. भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाज प्रियांश भी दिन में कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे. रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं.



ब्रीफ खबरें

## पांच साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के वारिसलीगंज पुलिस ने शनिवार को पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. वहीं अपराधियों के पास से पांच एन्ड्राइट मोबाइल फोन, एक की पैड, 50 कस्टम डाटा बरामद किया है. एसपी अम्बिरश राहुल ने शनिवार को कहा कि 21 जून को वारिसलीगंज थाने के कोचगांव में कुछ साइबर अपराधी इक्कट्ठे हुए हैं. जो भोले-भाले नागरिकों को ठगने का काम कर रहे है. पुलिस ने गांव में छापेमारी की तो गांव के पश्चिम में बगीचे में साइबर अपराधी साथ में मिले.

## पुलिस ने अपहृत युवक को कराया मुक्त

**पूर्वी चंपारण ।** पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी के अपह्त एक युवक को जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र मलकौनिया गांव से सकुशल बरामद किया गया. अपहर्ताओं ने उक्त युवक को एक कमरे में बंद करके रखा था. वही अपह्त के परिजनों से लगातार पांच लाख की फिरौती की मांग कर रहे थे. पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर अपह्त युवक को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहर्ताओं को भी गिरफ्तार किया है. जबकि एक अपहर्त्ता भागने में सफल रहा. गिरफ्तार अपहर्ताओं की पहचान छतौनी थाना के भवानीपुर जिरात निवासी विवेक व मो साकिर के रूप में हुई है.

## हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार हुए

**हाजीपुर ।** हाजीपुर के बेलसर थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधियों को पुलिस ने देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस एवं चोरी के बाइक और रूपए के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है. यह जानकारी एसपी हर किशोर राय ने लालगंज स्थित इंस्पेक्टर ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया है. उन्होंने बताया कि बेलसर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बेलसर थानान्तर्गत सिंहमां कंठ डोमा चौक तालाब के पास 3 बाइक से 7 की संख्या में अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठे हुए थे.

# मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय आम महोत्सव-2024 का उद्घाटन किया

**संवाददाता । पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में दो दिवसीय आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया. कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री मंगल पाण्डे, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे.

# रामपुर चेक पोस्ट से सदर पुलिस ने 47 लाख रु जब्त किये

**संवाददाता । किशनगंज**



सदर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान शुक्रवार की देर शाम रामपुर चेक पोस्ट में एक कार से 47 लाख रुपये जब्त किया है. कार सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है. जब्त रुपये को थाना लाया गया है. इसके बाद बैंक के सहयोग से रुपये की गिनती की गई. कुल 47 लाख रुपये थे. वही सूचना मिलने पर बीडीओ सह सीओ आईएएस प्रद्युम्न सिंह यादव सदर थाना पहुंचे. पुलिस इस मामले में आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है.

एसपी सागर कुमार ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि बंगाल के मालदा से सिलीगुड़ी की ओर बड़ी संख्या में कैश ले जाये जाने की गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई. इस मामले में हिरासत में लिए गए लोगों ने कैश को लेकर किसी प्रकार का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है. साथ ही इससे संबंधित किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं सौंपा गया है. पुलिस ने तीन मोबाइल भी जब्त किया है. एसपी ने कहा कि इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गई है. तीनों शख्स की पहचान मनोज सोमानी, चंदन यादव और संजय साहा के रूप में हुई है.

### वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आयी पुलिस

# मोतिहारी में युवक को लफंगों ने नंगा कर पीटा, थूक चटवाया

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**

जिले में सोशल मीडिया पर एक युवक की नंगा कर पिटाई करने का वीडियो तेजी वायरल हो रहा है. वीडियो बीते बुधवार की बतायी जा रही है. इस वीडियो के संबंध में बताया जा रहा है कि छतौनी थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा चौक निवासी युवक कौशल फिल्म देखने के लिए जानपुल स्थित एक सिनेमा हॉल में गया था. जहां कुछ लड़कों ने उसे पकड़ लिया और सिनेमा हॉल परिसर से कहीं और ले जाकर नंगा कर उसकी जमकर पिटाई की. सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि कई युवक मिलकर एक लड़के (कौशल) की पिटाई कर रहे हैं. पीड़ित युवक बार-बार बदमाशों से छोड़ देने की गुहार लगा रहा है लेकिन कोई रुकने को तैयार नहीं है. इतना ही नहीं पिटाई करने वाले युवकों द्वारा चप्पल पर थूक रख उसे चाटने के लिए भी कहा जा रहा है. वहीं पिटाई करने वाले में से कोई बदमाश कह रहा है कि इसको गोली मार दो.



युवक की पिटाई करते लफंगे

**पीड़ित युवक कौशल ने बताया :** वीडियो वायरल होने के बाद सामने आये पीड़ित युवक कौशल ने बताया है कि बुधवार की रात सिनेमा हॉल से फिल्म देखकर वह निकल रहा था. पीछे से एक लड़की निकल रही थी. उसके साथ छेड़खानी की जा रही थी. हमने रोका तो दो-तीन लोगों ने उसे उठा लिया और बसवारी में ले जाकर मेरी पिटाई की और जब स्थानीय कुछ लोग वहां जुटे, तो पिटाई करने वाले सभी भाग गए. घायलावस्था में मुझे स्थानीय लोगों ने घर पहुंचाया. इस मामले में एएसपी सदर शिखर चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया से वीडियो मिला है. नगर थाना को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. वीडियो में दिख रहे सात से 10 बदमाशों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

# बिहार में इंडी गठबंधन के खराब प्रदर्शन का कारण सीट बंटवारा : दीपांकर भट्टाचार्य

**संवाददाता । पटना/नयी दिल्ली**




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का बिहार में प्रदर्शन ठीक नहीं रहा. इंडिया गठबंधन ने कुछ गलतियां की है. इसमें टिकट बंटवारा भी शामिल है. कहा कि चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के पीछे 'नीतीश कुमार फैक्टर' भी एक वजह रहा. भट्टाचार्य ने कहा कि पूर्णिया में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की, क्योंकि राजद ने कांग्रेस को सीट देने से इनकार कर दिया था.

भट्टाचार्य ने कहा कि भाकपा (माले) ने सीवान सीट की मांग की थी. लेकिन इस सीट से राजद ने चुनाव लड़ा. नतीजतन यह सीट जदयू के खाते में चली गयी. वहीं इस सीट पर लोकसभा चुनाव लड़े राजद प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे. भाकपा (माले) ने आरा और काराकाट दो सीट पर जीत हासिल की है. उन्होंने कहा कि कुछ गलतियों का शायद व्यापक असर हुआ. इसका असर कई सीट पर पड़ा. पूर्णिया का ही उदाहरण लीजिए, पप्पू यादव यह सीट जीतने में कामयाब रहे. लेकिन यह अकल्पनीय है कि इस तरह के ध्रुवीकृत चुनाव में राजद के आधिकारिक उम्मीदवार को 30,000 से भी कम वोट मिले.

# सीवान जिले में गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल गिरा

**संवाददाता । पटना**

सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पढ़ेरा और गरौली गांव के बीच शनिवार को गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल भरभराकर गिर गया. पहले पुल का एक पिलर धंसा और फिर पूरा पुल नहर में समा गया. पुल गिरने से आई तेज आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया. घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पुल के गिरने का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है. गंडक



नहर पर बना यह पुल काफी पुराना था. पिछले वर्ष नहर का निर्माण कराया गया था लेकिन नहर बनाने में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण पानी के तेज बहाव से पुल के पिलर से मिट्टी का कटाव होने लगा.

## बिहार में 26 से 28 जून तक होने वाली सक्षमता परीक्षा स्थगित

**पटना ।** बिहार में 26 से 28 जून के बीच होने वाली द्वितीय सक्षमता परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है. एक ही तारीख पर दो परीक्षाओं के हो जाने की वजह से यह निर्णय लिया गया है. बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से हेड टीचर और हेडमास्टर के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा की तिथि 28 और 29 जून को निर्धारित की गई है. इस वजह से सक्षमता परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है. नई तारीखों को लेकर अपडेट जानकारी दी गई है कि दो दिनों के भीतर इसका एलान किया जाएगा.

**कारोबार**

## भारतीय स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत में 2023 में 'डीपटेक' स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई. एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है. हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है. रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछले साल ही स्थापित किए गए.

## चेयरमैन की नियुक्ति का विरोध किया

**नयी दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. हालांकि, 16% से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया. रिलायंस ने शेयर बाजार को बताया कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी.

## प्रेस्टीज एस्टेट्स 5,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने और अपने होटल कारोबार के मौद्रिकरण की योजना बनाई है. प्रेस्टीज एस्टेट्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने योग्य संस्थागत नियोजन या अन्य स्वीकार्य तरीके से अधिकतम 5,000 करोड़ रुपये की कुल राशि के लिए इक्विटी शेयर या अन्य पात्र प्रतिभूतियों को जारी करके धन जुटाने को मंजूरी दी. कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, समिति को सभी विनियामक जरूरतों के अनुपालन को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर की चर्चा

# कई राज्यों के सीएम-वित्त मंत्री ने रखी स्पेशल डिमांड

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के गठन के साथ ही बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं. लोकसभा चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया था. अब वह जुलाई में पूर्ण बजट लेकर आने वाली हैं. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 पर सुझाव लेने के लिए नई दिल्ली में शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की. इस दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों से आगामी बजट को लेकर सुझाव मांगे गए. इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री, राज्य के वित्त मंत्री और अन्य मंत्री शामिल हुए. इसके अलावा कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानमंडल के साथ) एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे. फाइनेंस सेक्रेटरी ने बैठक में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया.




राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में शामिल वित्त मंत्री व अन्य.

**गाइडलाइन का पालन करते हुए आगे बढ़ें राज्य**

वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से ज्यादातर लोन बिना किसी शर्त के राज्यों को मुहैया कराए जाते हैं. मगर, इनका एक हिस्सा राज्यों द्वारा लोगों के जीवन में सुधार और सेक्टर आधारित प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने की शर्त से जुड़ा हुआ है. उन्होंने राज्यों से अपील की कि गाइडलाइन्स का पालन करते हुए इन लोन का लाभ उठाएं. वित्त मंत्री ने सभी प्रतिनिधियों को उनके इनपुट और सुझावों के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें केंद्रीय बजट 2024-25 की तैयारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा उचित विचार का आश्वासन दिया.

**विशेष सहायता योजना की कई मंत्रियों ने की सराहना :** भारत सरकार की 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना' की ज्यादातर मंत्रियों ने सराहना की. साथ ही इस योजना में और सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए. बैठक में शामिल रहे लोगों ने अपने-अपने राज्य के लिए कुछ विशेष मांग भी कीं. साथ ही राज्यों के विकास को और तेज करने के लिए बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कई सुझाव भी दिए. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक के दौरान कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के विकास को बढ़ावा देने के लिए हर तरह से सहयोग करने को तैयार है. इसमें समय पर टैक्स का बंटवारा, फाइनेंस कमीशन की ग्रांट और जीएसटी एरियर के भुगतान जैसे विषय शामिल हैं.



## चार बहुद्देश्यीय मालवाहक जहाज बनाएगी गार्डनरीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स

**कोलकाता ।** सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये. एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता चार बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है. जीआरएसई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को बताया कि यह ठेका लगभग 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है. जीआरएसई के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा कि जीआरएसई ने चार बहुउद्देश्यीय जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है. अधिकारी ने कहा कि जहाज 120 मीटर लंबे और 17 मीटर चौड़े होंगे और प्रत्येक जहाज 7,500 टन माल ले जा सकता है.

# बारिश में स्थिति बिगड़ने से पहले ही टमाटर ने बनाया शतक

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इस साल पड़ रही भीषण गर्मियों ने सब्जियों और फलों के उत्पादन पर बुरा प्रभाव डाला है. इसके चलते देशभर में प्याज, आलू और टमाटर जैसी आवश्यक सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं. मंडियों में इन सब्जियों की कमी से दाम लगातार उछल रहे हैं. मुंबई और आसपास के इलाकों में लोगों को लगभग 100 रुपये किलो के भाव से टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं.

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी टमाटर का दाम 90 से 95 रुपये प्रति किलो चल रहा है. महाराष्ट्र के अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी टमाटर की कीमतें 80 से 100 रुपये प्रति किलो के बीच चल रही है. हर साल मानसून के दौरान सब्जियों की कीमत में इजाफा होता है. फसलों पर बारिश के असर के चलते हर साल दाम बढ़ने लगते हैं. मगर, इस साल पड़ रही प्रचंड गर्मी ने भी सब्जियों के उत्पादन को भारी नुकसान पहुंचाया है. इसके चलते दाम मानसून आने से पहले ही बढ़ने लगे हैं. बारिश के चलते न सिर्फ प्रोडक्शन पर प्रभाव पड़ता है बल्कि पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन के दौरान भी बड़ी मात्रा में सब्जियां खराब होती हैं.



**चार गुना ज्यादा बुवाई के बावजूद उत्पादन कम**

पिछले साल टमाटर के दामों में आए जबरदस्त इजाफे के चलते इस साल महाराष्ट्र के किसानों ने बड़ी मात्रा में टमाटर का उत्पादन किया था. मगर, गर्मियों ने उतना टमाटर पैदा नहीं होने दिया. किसानों ने सीएनबीसी टीवी 18 को बताया कि महाराष्ट्र के कई इलाकों में पिछले साल से 4 गुना ज्यादा टमाटर लगाया गया था. इसके बावजूद गर्मियों की वजह से उतना उत्पादन नहीं हो सका. प्रदेश के जुनार क्षेत्र में हर साल लगभग 2000 कार्टन प्रति एकड़ टमाटर पैदा होता है. इस साल यह उत्पादन घटकर 500 से 600 कार्टन प्रति एकड़ ही रहा गया है. अन्य क्षेत्रों में भी यही हाल है. टमाटर की कीमतों में फिलहाल जनता को कोई राहत नहीं मिलने की उम्मीद है.

**बाजार**

### मोदी सरकार के निजीकरण के स्पष्ट रोडमैप से निवेशकों में जगा विश्वास

# सरकारी कंपनियों के शेयरों को सात लाख करोड़ का मुनाफा

**भाषा । नयी दिल्ली**

शेयर बाजार में कब फायदा होगा और कब नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता है. बाजार को सभी अपने नजरिये से देखते हैं और पैसा लगाते हैं. किसी को प्राइवेट कंपनियों के शेयर पर अधिक भरोसा होता है तो किसी को सरकारी कंपनियों पर. इसके लिए बाजार विशेषज्ञ सरकार की कार्यशैली और नीति पर ही फोकस करते हैं और बाजार का आकलन कर शेयर में पैसे लगाते हैं. हालांकि बीते दस दिन उन निवेशकों के लिए बाजार फायदेमंद रहा, जिन्होंने सरकारी कंपनियों पर भरोसा जताया. इसका प्रमाण भी देखने को मिला. दरअसल सरकारी कंपनियों



के शेयरों ने पिछले दस दिनों में जिस तरह से सात लाख करोड़ रुपये का मुनाफा कमाते हुए जबरदस्त तेजी दिखाई उससे निवेशकों का उत्साह बढ़ गया. इस तेजी की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक प्रबंधन शैली से की जा रही है.

विश्लेषकों और निवेशकों पीएसयू शेयरों के प्रभावशाली प्रदर्शन में कई फैक्टरों ने योगदान दिया. एक महत्वपूर्ण कारण सरकार का राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के निजीकरण और रणनीतिक विनिवेश पर फोकस है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कई पीएसयू के निजीकरण की सरकार की योजनाओं के बारे में हालिया घोषणा ने निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनाई है. एक इंडस्ट्री एक्सपर्ट का मानना है कि मोदी सरकार के निजीकरण के स्पष्ट रोडमैप ने निवेशकों में विश्वास जगाया है. बाजार इन उद्यमों के अधिक कुशल और लाभदायक प्रबंधन की संभावना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहा है. इसके अलावा कई पीएसयू के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. भारतीय स्टेट बैंक, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और कोल इंडिया जैसी कंपनियों ने मजबूत तिमाही नतीजे दर्ज किए हैं. इससे उनके शेयरों की कीमतों में तेजी आई है.

एक मार्केट एक्सपर्ट ने कहा कि पीएसयू मजबूत वित्तीय सेहत को दिखा रहे हैं. उनकी प्रॉफिटेबिलिटी निवेशकों को लुभा रही है. बाजार इन शेयरों से रिटर्न की क्षमता को पहचान रहा है. तेजी में योगदान देने वाला एक अन्य कारक पीएसयू शेयरों का आकर्षक वैल्यूएशन है. इनमें से कई शेयर अपने निजी क्षेत्र के समकक्षों की तुलना में अपेक्षाकृत कम वैल्यूएशन पर कारोबार कर रहे थे. इससे वे वैल्यू निवेशकों के लिए आकर्षक हो गए. हालिया तेजी ने इस मूल्यांकन अंतर को कुछ हद तक पाटने में मदद की है. एक निवेश रणनीतिकार का मानना है कि पीएसयू शेयरों के कम मूल्यांकन ने निवेशकों के लिए आकर्षक मौका दिया. चल रहे सुधारों और रणनीतिक पहलों के साथ इन शेयरों में बढ़ोतरी की संभावना काफी अधिक है.

# सरकार ने सुरक्षित भंडार के लिए 71,000 टन प्याज खरीदा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है. यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है. सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी.

उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था. उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून



तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था. अधिकारी ने कहा, इस वर्ष मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति पिछले वर्ष के बराबर है. हालांकि, रबी उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है. उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीद का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है.

